www.livehindustan.com
रविवासरीय
# हिन्दुस्तान
1936 सत्य • सार्थक • सटीक
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
रविवार
8 दिसंबर 2024, नई दिल्ली, नगर संस्करण
• पांच प्रदेश • 24 संस्करण

शाह बोले, 2014 के बाद गरीबी से 25 करोड़ लोग बाहर आए



निर्माण करने वाली कम्पनी:
एन बी सी सी
NBCC
नवरत्न सीपीएसई
A Navratna CPSE

## साउथ दिल्ली
में एक बेहतरीन बिज़नेस एड्रेस लेने का आखिरी मौका।

DOWNTOWN
SHOP | WORK | DINE

पज़ेशन के लिए तैयार
रिटेल शॉप्स और ऑफिस स्पेस
सरोजिनी नगर में




रिटेल शॉप्स
₹2.5 Cr.* से शुरू

ऑफिस स्पेस
₹1.5 Cr.* से शुरू

20% की छूट* | 7% सालाना लीज़ गारंटी* | कम्पलीशन सर्टिफिकेट प्राप्त हो चुका है | रजिस्ट्री प्रारम्भ है

मुख्य आकर्षण:
- दिल्ली के प्रमुख शॉपिंग मार्किट सरोजिनी नगर में स्थित
- सरोजिनी नगर मेट्रो स्टेशन के समीप स्थित
- रोजाना 30,000 - 50,000 लोगों की भारी भीड़
- 3 साइड ओपन प्रोजेक्ट
- परिसर के अंदर 1100 पार्किंग उपलब्ध

LEASING PARTNER:
JLL

PROJECT BY:
MANSAN GROUP

70% तक लोन उपलब्ध

अधिक जानकारी के लिए:
96430-04778

**Disclaimer:** All Images, Perspective, Specifications, Features & Figures Are Only Indicative & Not A Legal Offering. The Company Reserves The Right To Modify/amend These Without Any Prior Notice. All Project Related Sanctions Any Other Statutory Compliance Can Be Seen In Person At Our Office.
* Terms & Conditions Apply. **Note:** 1 Sq. Mt. = 10.7639 Sq. Ft.

# ATTENTION SOUTH DELHI !!!

## 3.5 BHK READY-TO-MOVE IN
## CONDOMINIUMS & PENTHOUSES AT CHHATARPUR

LAST OPPORTUNITY

~~BSP STARTING ₹30,000 PER SQ. FT.*~~
(₹322917 Per Sq. Mtr.)

BSP STARTING
**₹15,000**
PER SQ. FT.*
(₹161458.5 Per Sq. Mtr.)

LAST OPPORTUNITY

SIZE : 3255 SQ.FT. ONWARDS
COMPLETION CERTIFICATE RECEIVED | REGISTRY OPEN

### LUXURIOUS AMENITIES

SWIMMING POOL | MULTI-PURPOSE HALL | GYMNASIUM | 5 STAR CLUB MANSION | SEPARATE KIDS POOL | OUTDOOR SITOUTS

and many more...

UPTO 75% BANK LOAN AVAILABLE



TO KNOW MORE, CALL :
**84470-22774**

Disclaimer: All Images, Perspective, Specifications, Features & Figures Are Only Indicative & Not A Legal Offering. The Company Reserves The Right To Modify/amend These Without Any Prior Notice. All Project Related Sanctions Any Other Statutory Compliance Can Be Seen In Person At Our Office Or Rera Website.
* Terms and Conditions Apply. Note: 1 Sq. Mt. = 10.7639 Sq. Ft.

DEMIURGE | Willow ESTATES NATURE IS CALLING

RERA Reg. No. : UKREP10240000584
www.ukrera.org.in

TURN THOSE
## weekend getaways into permanent home

*presenting*

## RESIDENTIAL PLOTS AT RISHIKESH

Price Starting : ₹36 Lakhs*
Size : 120 Sq. Yard Onwards
(100.33 Sq. Mtr. Onwards)




PROJECT AMENITIES:
Located near Neelkanth Temple
Just 45 Mins from Lakshman Jhula | 3 Convenient Entrances & Exits | State-of-the-art Clubhouse I Nature Trails and Many More....

TO KNOW MORE : **88600-76040**

*T&C APPLY.

PRE-LEASED
## COMMERCIAL SPACES
AT GREATER NOIDA WEST



END YOUR YEAR
WITH
## BIG BONANZA

| 15 LAKHS* INVESTMENT STARTING | GET 24% RENTAL RETURN* | GET 9% LEASE GUARANTEE P.A. FOR 9 YEARS* | 3 YEARS LOCK-IN PERIOD* |
| --- | --- | --- | --- |

FIT-OUT ALREADY STARTED | COMPLETION CERTIFICATE APPLIED

TO KNOW MORE : **98733-11137**

*T&C Apply

Disclaimer: All Images, Perspective, Specifications, Features & Figures Are Only Indicative & Not A Legal Offering. The Company Reserves The Right To Modify/amend These Without Any Prior Notice. All Project Related Sanctions Any Other Statutory Compliance Can Be Seen In Person At Our Office Or Rera Website.
* Terms and Conditions Apply. Note: 1 Sq. Mt. = 10.7639 Sq. Ft.

रविवासरीय
# हिन्दुस्तान
1936
सत्य • सार्थक • सदैव
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
रविवार
8 दिसंबर 2024, नई दिल्ली, नगर संस्करण
• पांच प्रदेश • 24 संस्करण
www.livehindustan.com

भारतीय महिला क्रिकेट टीम के लिए सीरीज बचाने की चुनौती






बिहार सरकार
ऊर्जा विभाग

## हर घर बिजली
रौशन हुआ बिहार का हर कोना

बिहार में हुआ
100% विद्युतीकरण

## माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बना बिहार

- बिजली व्यवस्था में व्यापक सुधार के कारण हर घर, हर गांव तक बिजली की उपलब्धता हुई सुनिश्चित
- ग्रामीण क्षेत्रों में अब औसतन 22 से 23 घंटे तथा शहरी क्षेत्रों में 23 से 24 घंटे बिजली की उपलब्धता
- "हर खेत तक सिंचाई का पानी" पहुंचाने हेतु डेडिकेटेड कृषि फीडर के माध्यम से बिजली उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार है प्रतिबद्ध

### विद्युत वितरण व्यवस्था का व्यापक विस्तारः-

- वर्ष 2005 से वर्ष 2024 तक पावर सबस्टेशन की संख्या 368 से बढ़कर 1250 हो गयी।
- वितरण लाईनों की कुल लम्बाई 1,03,862 सर्किट कि०मी० से 5,23,288 सर्किट कि०मी० हो गयी।
- विद्युत की कुल अधिकतम आपूर्ति 700 मेगावाट से बढ़कर 8005 मेगावाट हो गयी।

### विद्युत संचरण प्रणाली का सुदृढ़ीकरणः-

- वर्ष 2005 से वर्ष 2024 की अवधि में राज्य में ग्रिड उपकेन्द्रों की संख्या 45 से बढ़कर 168 हो गयी।
- संचरण लाईनों की लम्बाई 5000 सर्किट कि०मी० से 20300 सर्किट कि०मी० हो गयी।
- विद्युत निकासी की कुल क्षमता 1000 मेगावाट से बढ़कर 14865 मेगावाट हो गयी।

### विद्युत उत्पादन एवं उपलब्धता के लिए उठाये गये महत्वपूर्ण कदमः-

- पिछले दो दशक में बिहार में कुल 8010 मेगावाट क्षमता के ताप विद्युत केन्द्रों का निर्माण एवं विस्तार किया गया।
- लोगों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए कुल 15,240 मेगावाट बिजली उपलब्धता हुई सुनिश्चित।
- राज्य में सौर ऊर्जा प्रोत्साहन हेतु 180 मेगावाट के सौर परियोजनाओं का अधिष्ठापन किया गया।
- नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु 4338 मेगावाट बिजली के लिए एकरारनामा किया गया।





Night Time Light (NTL) एटलस के अनुसार देश भर में सबसे जगमग बिहार



उत्पादन, वितरण सहित बिजली की उपलब्धता में हुआ सुधार
विकास की नई राह खुली और जगमग हुआ अपना बिहार

हमारा आधार ... ऊर्जस्वित बिहार

PR. No. 014321(Energy)D. 2024-25

सत्यमेव जयते

Government of Rajasthan



SHRI BHAJAN LAL SHARMA
Hon'ble Chief Minister, Rajasthan

SHRI NARENDRA MODI
Hon'ble Prime Minister

# RISING™ RAJASTHAN

9-10-11 DEC 2024 • JAIPUR

*REPLETE • RESPONSIBLE • READY*

# RAJASTHAN IS READY

Replete, responsible and ready... Rajasthan welcomes eminent guests – hon'ble political leaders and ambassadors, business leaders, speakers, exhibitors, startups – from across the world to Rising Rajasthan Global Investment Summit.

The Summit is a milestone event in the State's new journey towards rapid economic progress and employment generation.

Let us get together and recommit ourselves to an enduring partnership for sustainable development and shared prosperity.

**SHRI NARENDRA MODI**
Hon'ble Prime Minister
will inaugurate the Summit

- **9 DEC** – Inauguration & Opportunity Showcase
- **10 DEC** – Pravasi Rajasthani Conclave
- **11 DEC** – MSME Conclave
- **All Days** – Rajasthan Global Business Expo
- **32** – Partner & Participating Countries
- **21** – Thematic & Country Sessions

## PARTNER COUNTRIES (17)

Argentina, Brazil, Costa Rica, Cuba, Denmark, Japan, Malaysia, Morocco, Nepal, Oman, Poland, Singapore, South Korea, Spain, Switzerland, Thailand, Venezuela

## PARTICIPATING COUNTRIES (15)

Australia, Chad, Ecuador, Egypt, Finland, Germany, Ghana, Indonesia, Iraq, Madagascar, Paraguay, Russia, Seychelles, The UK, Zimbabwe

These flag graphics are representative only.

Rajasthan Samwad

rising.rajasthan.gov.in

Department of Industries & Commerce, Government of Rajasthan

Summit Industry Partner: CII Confederation of Indian Industry

Nodal Offices: Bureau of Investment Promotion Rajasthan; RIICO Grow with Rajasthan; Rajasthan Foundation



रविवासरीय
# हिन्दुस्तान
सत्य • सार्थक • सदैव 1936
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
www.livehindustan.com
रविवार
8 दिसंबर 2024, नई दिल्ली, नगर संस्करण
वर्ष 21, अंक 49, 22 पेज, मूल्य ₹ 6.00, हिन्दुस्तान टाइम्स के साथ मूल्य ₹ 12.50
• पांच प्रदेश • 24 संस्करण

शाह बोले, 2014 के बाद गरीबी से 25 करोड़ लोग बाहर आए P-07



सुप्रीम कोर्ट से अधिनियम के कुछ प्रावधानों की वैधता को रद्द करने का आग्रह

# उपासना स्थल कानून पर विशेष पीठ सुनवाई करेगी

नई दिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने पूजा स्थल अधिनियम-1991 के कुछ प्रावधानों की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के लिए विशेष पीठ गठित की है।

मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ 12 दिसंबर को इस पर सुनवाई कर सकती है। शीर्ष कोर्ट के समक्ष हिंदू पक्ष द्वारा दायर अर्जी सहित कई अन्य याचिकाएं हैं, जिनमें निवेदन किया गया है कि पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 की धारा 2, 3 और 4 रद्द की जाए। इनमें कहा गया कि ये प्रावधान किसी व्यक्ति या धार्मिक समूह के पूजा स्थल को पुनः प्राप्त करने के लिए न्यायिक उपचार के अधिकार को छीनते हैं।

**पूर्व मुख्य न्यायाधीश के फैसले से सर्वे का रास्ता हुआ साफ:** ज्ञानवापी मामले में सुनवाई करते हुए तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने कहा था कि पूजा स्थल अधिनियम-1991 का यह कानून किसी भी पूजा स्थल या धार्मिक स्थल की प्रकृति को बदलने से रोकता है, लेकिन किसी जगह के धार्मिक चरित्र का पता लगाना इस अधिनियम की धारा 3 और 4 का उल्लंघन नहीं है। उनके इस फैसले से ऐसे विवादों में उस स्थल की प्राचीन धार्मिक चरित्र का पता लगाने के लिए सर्वे की मंजूरी देना आसान हो गया।

**नरसिम्हा सरकार लाई थी कानून:** 1991 की तत्कालीन पी.वी. नरसिम्हा राव सरकार पूजा स्थल अधिनियम-1991 लाई थी। उसका कहना था कि इससे सांप्रदायिक सौहार्द्र और सद्भावना बनी रहेगी। लेकिन तब बाबरी मामले को इस कानून से बाहर रखा गया, क्योंकि इसके बनने से पहले से ही यह मामला कोर्ट में विचाराधीन था।



## पूजा-अर्चना करने की अनुमति देने का अनुरोध

### हिंदू पक्ष की मांग

इस मामले की सुनवाई वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद, मथुरा में शाही ईदगाह मस्जिद और संभल में शाही जामा मस्जिद से संबंधित वादों सहित विभिन्न अदालतों में दायर मुकदमों की पृष्ठभूमि में की जाएगी। कोर्ट में दाखिल की गई याचिकाओं में दावा किया गया कि इन मस्जिदों का निर्माण प्राचीन मंदिरों को नष्ट करने के बाद किया गया था और हिंदुओं को वहां पूजा-अर्चना करने की अनुमति दी जानी चाहिए।

### मुस्लिम पक्ष की दलील

मुस्लिम पक्ष ने इन मामलों में वर्ष 1991 के कानून का उल्लेख करते हुए कहा कि संबंधित वाद सुनवाई के योग्य नहीं हैं। जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद मालिकाना हक मामले में पांच जजों की संविधान पीठ का फैसला पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 के संदर्भ को ध्यान में रखते हुए दिया गया था कि अब कानून को दरकिनार नहीं किया जा सकता।

**12** दिसंबर को इस मामले पर सुनवाई कर सकती है शीर्ष कोर्ट

### क्या है पूजा स्थल अधिनियम-1991

पूजा स्थल अधिनियम-1991 के तहत धार्मिक संरचनाओं के संबंध में 15 अगस्त, 1947 को यथास्थिति बनाए रखने और उसमें किसी भी तरह के बदलाव के कार्यवाही पर रोक लगाती है।

### यह है धारा 3 और 4

कानून की धारा-3 स्पष्ट रूप से किसी भी धार्मिक संप्रदाय के किसी भी पूजा स्थल को उसी धार्मिक संप्रदाय के किसी अन्य खंड या किसी अन्य धार्मिक संप्रदाय के पूजा स्थल के रूप में परिवर्तित करने पर रोक लगाती है। धारा-4 में कहा गया कि 15 अगस्त, 1947 को विद्यमान पूजा स्थल का धार्मिक चरित्र वैसा ही बना रहेगा जैसा उस दिन था।

# दुस्साहस : बांग्लादेश में इस्कॉन के दो मंदिरों को आग के हवाले किया

कोलकाता, एजेंसी। इस्कॉन ने दावा किया कि ढाका स्थित उसके नमहट्टा केंद्र में शनिवार को उपद्रवियों ने राधा कृष्ण मंदिर और महाभाग्य लक्ष्मी नारायण मंदिर में आग लगा दी। इसमें लक्ष्मी नारायण की मूर्तियां और अन्य वस्तुएं पूरी तरह जल गईं।

इस्कॉन कोलकाता के उपाध्यक्ष राधारमण दास ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि निशाना बनाए गए मंदिर ढाका जिले के तुराग थाना क्षेत्र में स्थित हैं। उन्होंने बताया कि मंदिर के पीछे टीन की छत को उठाकर पेट्रोल या ऑक्टेन का इस्तेमाल करके आग लगाई गई।

दास ने दावा किया कि पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों पर लगातार हमले किए जा रहे हैं। उसके समुदाय के सदस्यों और वैष्णव संप्रदाय के सदस्यों पर वहां लगातार लक्षित हमले किए जा रहे हैं। इस्कॉन द्वारा बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को इन घटनाओं की सूचना दिए जाने के बावजूद पुलिस और प्रशासन ने कोई खास कदम नहीं उठाए हैं। दास ने संत चिन्मय कृष्ण की जमानत याचिका खारिज होने और उनकी सुरक्षा पर चिंता जाहिर की है।

**भाजपा ने की कार्रवाई की मांग:** भाजपा की बंगाल इकाई के अध्यक्ष और केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार ने इस्कॉन केंद्र पर आग की घटना की निंदा की। उन्होंने कहा, यह पूजा स्थल पर घृणा का अक्षम्य कृत्य है। दोषियों को न्याय के कठघरे में लाने के लिए कार्रवाई की जानी चाहिए।

### अमेरिका में हिंदुओं पर हिंसा का मुद्दा गर्माया

वाशिंगटन। बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार, हिंसा का मुद्दा अमेरिका में भी गर्मा गया है। शिकागो और वाशिंगटन में विरोध-प्रदर्शनों की तैयारी की जा रही है। भारतीय समुदाय इस हिंसा के विरोध में आने वाले दो दिन यानि आठ और नौ दिसंबर को विरोध-प्रदर्शन की तैयारी कर रहा है। ब्योरा P15

**विशेष**

### प्रमुख रेलमार्गों पर 2030 तक सुरक्षा कवच का लक्ष्य



केंद्र सरकार ने प्रमुख रेलमार्गों पर वर्ष 2030 तक ट्रेन सुरक्षा प्रणाली कवच लगाने का लक्ष्य रखा है। इस योजना से आमने-सामने व पीछे से होने वाली ट्रेनों की टक्कर की घटनाओं को शून्य स्तर पर लाने में मदद मिलेगी। P11

**जरूर पढ़ें**

### पंजाब को पुनः सुलगने से रोकें

पंजाब से अलगाववाद के वे हत्यारे दिन कब के विदा हो चुके हैं, जिन्होंने कभी अपने ही पुत्रों को जबरन रक्त से स्नान करवाया था। उनकी पुराने रूप-स्वरूप में वापसी मुमकिन नहीं लगती। इसके बावजूद सुखबीर पर हमला और पिछले कुछ महीनों से फिजां में घुलती अलगाववादी आवाजों का इशारा साफ है। एक दफन हो चुकी दास्तान को फिर से खाद-पानी देने की कोशिश की जा रही है।



शशि शेखर P 08

### इस अंगवस्त्र से कैसे अंग ढका जाए

इन दिनों साहित्यिक आयोजनों में मिलने वाले अंगवस्त्र ऐसे होते हैं, जिनसे न लंगोटी बन सकती है, न रूमाल। एक पतली सी कत्तर आयोजक आपकी गरदन पर सादर लटका देता है और आप प्रेमचंद के 'हीरा-मोती' की तरह उसे गरदन झुकाकर पहनते हैं।

सुधीश पचौरी P 08

# महाराष्ट्र में सपा ने एमवीए से नाता तोड़ा

- शिवसेना ने ढांचा गिराने संबंधी विज्ञापन दिया था
- विज्ञापन का विरोध करते हुए सपा ने लिया फैसला

मुंबई, एजेंसी। महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी ने शनिवार को विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) गठबंधन से बाहर निकलने की घोषणा की। शिवसेना (यूबीटी) की ओर से अयोध्या ढांचा गिराए जाने की सराहना करने से संबंधित विज्ञापन और उद्धव ठाकरे के सहयोगी विधान पार्षद मिलिंद नार्वेकर द्वारा एक्स पर पोस्ट के कारण सपा ने यह फैसला लिया है।

शिवसेना ने अखबार में विज्ञापन देकर बधाई दी थी।

**अबू आजमी बोले, उनमें और भाजपा में क्या फर्क :** सपा की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख अबू आजमी ने कहा कि हम एमवीए छोड़ रहे हैं। मैं (समाजवादी पार्टी अध्यक्ष) अखिलेश यादव से बात कर रहा हूं। आजमी ने कहा, अगर एमवीए में कोई भी ऐसी भाषा बोलता है, तो भाजपा और उनके बीच क्या अंतर है? महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी के दो विधायक हैं।

शिवसेना (यूबीटी) नेता भास्कर जाधव ने कहा कि उनकी पार्टी का रुख 1992 से एक जैसा है। क्या सपा को 31 साल बाद शिवसेना (यूबीटी) के रुख का अहसास हुआ है।

बहिष्कार किया P14

# रक्षा सहयोग बढ़ाने राजनाथ रूस जाएंगे

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 8-10 दिसंबर के बीच रूस की तीन दिवसीय यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान वह रूस के रक्षा मंत्री के साथ रक्षा सहयोग से जुड़े मुद्दों पर बातचीत करेंगे। इनमें एस-400 मिसाइल सिस्टम की दो यूनिट, सुखोई विमानों को अपग्रेड करने, इंजनों की आपूर्ति समेत अन्य मुद्दे शामिल हैं। ब्योरा P11

# दिल्ली में कारोबारी को गोलियों से भून डाला

- फर्श बाजार में सैर कर लौटते समय हुई घटना
- बदमाशों ने कारोबारी पर दस राउंड फायरिंग की

नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता। दिल्ली के फर्श बाजार इलाके में शनिवार सुबह सैर से लौट रहे बर्तन कारोबारी को बदमाशों ने गोलियों से भून डाला। बाइक सवार दो बदमाशों ने ताबड़तोड़ आठ से दस राउंड फायरिंग की, जिसमें से करीब छह गोलियां कारोबारी को लगीं। हमले के बाद बदमाश फरार हो गए।

पुलिस ने बताया कि 52 वर्षीय सुनील जैन परिवार के साथ कृष्णा नगर इलाके में रहते थे। विश्वास नगर स्थित 60 फुटा रोड पर उनका बर्तन का कारोबार है। वह रोजाना सुबह अपने दोस्तों के साथ यमुना स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में सैर के लिए जाते थे। वह शनिवार को भी सैर के लिए गए थे। वहां से वह सुमित नामक युवक के साथ स्कूटी पर लौट रहे थे। इस दौरान बदमाशों ने उन पर हमला कर दिया।

दीपावली के दिन बिहारी कॉलोनी में चाचा-भतीजे की हत्या से सुनील जैन की हत्या का कनेक्शन हो सकता है। मौके पर जमा लोगों का कहना था कि सुनील जैन हत्याकांड के आरोपी नाबालिग लड़के के पिता से संबंध थे। हमलावरों ने उस आदमी का नाम भी लिया था।

संबंधित खबर P04





# नई बसों-मेट्रो ने दी राहत पर परिवहन व्यवस्था की रफ्तार धीमी

चुनावी मुद्दा 04

नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बढ़ती आबादी के लिहाज से सार्वजनिक परिवहन की रफ्तार धीमी है। डीटीसी बसों की संख्या लगातार कम हो रही है और परिवहन व्यवस्था धीरे-धीरे निजी हाथों में जा रही है।

मेट्रो ने सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था में बड़ा योगदान दिया है, लेकिन दिल्ली के बाहरी क्षेत्रों में तमाम ऐसी कॉलोनियां हैं, जिनमें न तो मेट्रो की सुविधा है और न ही डीटीसी बसों के रूट यहां तक विस्तारित हुए हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव में इस बार परिवहन भी बड़ा मुद्दा बन सकता है, क्योंकि दिल्ली देहात के लोग आंदोलन की राह पर चलने की तैयारी में जुटे हैं। दूसरी ओर राजनीतिक पार्टियां भी इस मुद्दे को भुनाने की जुगत में हैं।

**महंगे हैं सफर से आर्थिक संकट:** दिल्ली में अंतिम छोर तक बसों की कनेक्टिविटी न होने से लोगों को बाइक टैक्सी, ई-रिक्शा या कैब से महंगी यात्रा करनी पड़ रही है। इससे उन्हें आर्थिक संकट झेलना पड़ता है। डीटीसी की बसों में जहां महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा की सुविधा है, वहीं बस स्टैंड से दफ्तर या घर तक दो से तीन किलोमीटर सफर करने के लिए उन्हें रोजाना 70 से 100 रुपये तक खर्च करने पड़ रहे हैं। दिल्ली में कैब का सफर करीब 15 से 20 रुपये प्रति किलोमीटर और बाइक कैब व ई-रिक्शा का सफर करीब 30 रुपये प्रति किलोमीटर से भी ज्यादा महंगा है। ऐसे में भले डीटीसी की बसों का सफर सस्ता या महिलाओं के लिए, मुफ्त हो, लेकिन अंतिम छोर तक यात्रा करने के लिए लोगों को जेब ढीली करनी पड़ रही है।

**393** किलोमीटर लंबा मेट्रो का नेटवर्क है 288 मेट्रो स्टेशन हैं

**दिल्ली में बसों की स्थिति**

| | सीएनजी | इलेक्ट्रिक |
|---|---|---|
| डीटीसी | 2800 | 1600 |
| प्राइवेट ऑपरेटर्स | 2727 | 400 |
| कुल | 5527 | 2000 |

### सियासी जगत में मेट्रो का विस्तार अहम मुद्दा

केंद्र सरकार ने बीते शुक्रवार को कई सालों से लंबित मेट्रो फेज-4 के आखिरी रिठाला-नरेला-कुंडली कॉरिडोर को मंजूरी दे दी है। दिल्ली विधानसभा चुनाव से ठीक पहले मिली इस मंजूरी को राजनीतिक फायदे का सौदा देखा जा रहा है। यह इसलिए भी कि दिल्ली में बीते पांच विधानसभा चुनावों से पहले मेट्रो के विस्तार की घोषणाएं मेट्रो फायदे के लिए की जाती रही है। वर्तमान में दिल्ली मेट्रो का नेटवर्क 393 किलोमीटर हो गया है, जिस पर रोजाना 62 लाख से अधिक लोग सफर कर रहे है।



दिल्ली गेट इलाके में शनिवार को बस में चढ़ते यात्री। इस दौरान यात्रियों की संख्या काफी ज्यादा नजर आई। • सलमान अली

### विशेषज्ञ की राय



प्रो.विनय मैत्री, विजिटिंग प्रोफेसर, डिपार्टमेंट ऑफ ट्रांसपोर्ट प्लानिंग, स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर, दिल्ली

**बुनियादी जरूरतों पर ध्यान देना जरूरी**

राजधानी में परिवहन व्यवस्था सुधारने और कुछ व्यवस्था को नियंत्रित करने की जरूरत है। दिल्ली की आबादी के हिसाब से परिवहन पर्याप्त नहीं है। ई-रिक्शा को नियंत्रित करने की जरूरत है। हर चौराहे को घेर रहते हैं। इस वजह से वाहन धीरे चलते हैं और प्रदूषण बढ़ता है। पटरियों पर दुकानें खुली हैं, यह भी परिवहन में एक बड़ी बाधा है। इससे एक लेन रुक जाती है। इससे यातायात का समय भी बढ़ गया है। सार्वजनिक परिवहन में सुधार की जरूरत है। मेट्रो की कनेक्टिविटी पर्याप्त करनी चाहिए। जब तक बसों की संख्या के फेरे नहीं बढ़ाए जाएंगे तब तक दिक्कत रहेगी।



"दिल्ली मेट्रो और बस सेवाओं में यात्रा करते समय समस्याओं का सामना करना पड़ता है, क्योंकि भीड़ ज्यादा होती है। सुबह-शाम परेशानी अधिक रहती है। - आर्यन पंत, यात्री



"व्यस्त समय में भीड़ के चलते सफर मुश्किल भरा हो जाता है। कई रूट पर पर्याप्त बस नहीं हैं। इसलिए बस के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है। - मानसी यादव, युवा

चुनाव कार्यालय के उद्घाटन पर लगे पोस्टर 'अब नहीं सहेंगे, बदल के रहेंगे'

# भाजपा के दिल्ली में बदलाव वाले नारे पर केजरीवाल ने कसा तंज

चुनावी तैयारी

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए, भाजपा ने शनिवार को प्रदेश चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। साथ ही, आप सरकार को हटाने के लिए नया नारा भी दिया कि अब नहीं सहेंगे-बदल के रहेंगे।

उधर, भाजपा के इस नारे पर पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने तंज कसा। उन्होंने कहा कि जिसका डर था, वही हुआ। मैंने पहले ही कहा था कि अगर इनको वोट दे दिया तो दिल्ली की जनता के साथ मिलकर 10 साल में आम आदमी पार्टी की सरकार ने जो काम किया है, वो सब काम ये लोग बंद कर देंगे।

**सरकार विफल रही :** सचदेवा ने दावा किया कि बड़े-बड़े आश्वासन देने वाली आम आदमी पार्टी हर मोर्चे पर विफल हो चुकी है। प्रदूषण की रोकथाम से लेकर आधारभूत सुविधाओं तक किए गए सभी दावे हवाई साबित हुए हैं।

सचदेवा ने कहा कि भाजपा का चुनाव प्रचार दिल्ली की जनता की आवाज बनेगा। दिल्ली में स्वच्छ और स्वास्थ्य वातावरण हो सकने के लिए, भाजपा लगातार काम कर रही है। दिल्ली की जनता इस बार भाजपा को जीताने के मूड में है। इस मौके पर दिल्ली की सह प्रदेश प्रभारी डॉ. अलका गुर्जर, केंद्रीय राज्य मंत्री और चुनाव संयोजक हर्ष मल्होत्रा सहित सभी सांसद और प्रदेश पदाधिकारी मौजूद रहे।





नई दिल्ली भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में शनिवार को लगाया गया नारे से संबंधित बोर्ड। • एजेंसी

## कमजोर कड़ी को मजबूत करने पर जोर

नई दिल्ली, प्र.सं.। विधानसभा चुनाव में भाजपा अपनी कमजोर कड़ी को मजबूत करने में जुटी है। पार्टी ने इस बार जेजे क्लस्टर को लेकर विशेष अभियान चलाया है। झुग्गियों में बूथवार मैपिंग कर चुनाव की तैयारी की जा रही है।

भाजपा इस बार झुग्गियों के 1100 बूथों पर योजना बनाकर काम में जुटी है। छोटी-छोटी सभाओं के जरिए यहां रहने वालों की समस्या और उनके समाधान पर बात की जा रही है। भाजपा को विधानसभा चुनाव में जेजे क्लस्टर में वोट जुटाने में दिक्कत आती है। पहले कांग्रेस और बाद में आम आदमी पार्टी का बड़ा वोट बैंक यहां रहता है। इस बार भाजपा ने समय से जेजे क्लस्टर को लेकर योजना बनाई। प्रदेश महामंत्री संगठन पवन राणा झुग्गी पर विशेष फोकस किए हुए हैं। भाजपा ने प्रदेश महामंत्री विष्णु मित्तल को जेजे कालोनी में अभियान का प्रमुख बनाया है। वोटरों से जुड़ने के लिए भाजपा के करीब 300 नेता बीते दिनों झुग्गी में रुके थे। इनमें सांसद व बड़े प्रदेश पदाधिकारी शामिल थे।

### विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा

विधानसभा चुनावों में भूमिका को लेकर शनिवार को भाजपा की सोशल मीडिया और आईटी टीम की बैठक अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में हुई। इसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने चुनाव को लेकर टीम को जानकारी दी। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश भाजपा सोशल मीडिया प्रमुख डा.रोहित उपाध्याय ने की।

## 'बांग्लादेशियों पर सख्त कदम उठाएं'

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। दरगाह हजरत निजामुद्दीन के प्रमुख उलेमा और मुस्लिम लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को एलजी वीके सक्सेना से मिला। उन्होंने बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की मांग की।

इसके अलावा बांग्लादेश में हिंदू और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों पर हो रहे हमलों को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने सुझाव दिया कि राजधानी में अवैध घुसपैठियों को न तो घर किराए पर दिए जाएं और न ही उन्हें किसी प्रतिष्ठान में नौकरी दी जाए। जिन लोगों ने इन्हें घर किराए पर या नौकरी दी है, वे तत्काल इन्हें बाहर करें। उपराज्यपाल ने उनकी चिंताओं को गंभीरता से लेने का आश्वासन दिया।

# बूथवार संवाद तेज करने के निर्देश

रणनीति

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। लोकसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी को जहां भी वोट कम मिले वहां पर पार्टी को मजबूत करने की कवायद की जा रही है। आप के बड़े नेताओं के साथ बीते दिनों हुई बैठक में सभी को अपने-अपने इलाके में सक्रियता बढ़ाने के साथ बूथवार मतदाताओं के साथ संवाद बैठक करने का निर्देश दिया गया था।

ऐसी जगहों पर स्थानीय विधायकों, पार्षदों और कार्यकर्ताओं के साथ आम आदमी पार्टी बैठक कर रही है। आम आदमी पार्टी चुनाव प्रचार अभियान को माइक्रो मैनेजमेंट के तहत चला रही है। बूथवार, कॉलोनियों में छोटी-छोटी बैठकें करके लोगों से सीधा संवाद कर रही है, जिससे कि उनकी समस्याओं को समझ सकें। साथ ही सरकार की योजनाओं को लोगों के बीच जाकर बता सकें।

सूत्रों की मानें तो खुद आप के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने लोकसभा चुनाव में हारी विधानसभा सीट और वार्ड को लेकर आप के विधायकों, पार्षदों के साथ बैठक करके आगे का खाका तैयार किया है। उन्होंने निर्देश दिया है कि सभी इलाके में मतदाताओं के साथ अपना संवाद बढ़ाएं। उनके बीच उपलब्ध रहें।

दूसरी ओर पार्टी नेताओं से यह भी कहा गया है कि आम आदमी पार्टी की सरकार द्वारा करए गए काम भी मतदाताओं को अवश्य बताएं।

### आप ने महिला विंग के पांच हजार ग्रुप बनाए

आम आदमी पार्टी की नजर खासतौर से महिला मतदाताओं को साधने पर है। महिला मतदाताओं को लुभाने के लिए माइक्रो प्रचार अभियान का प्लान बनाया गया है। आप ने अपनी महिला विंग के पांच हजार ग्रुप बनाए हैं। हर ग्रुप में 8 महिलाओं को शामिल किया गया है। इस ग्रुप को सिर्फ 10-10 महिलाओं के साथ बैठकें करनी है। उनका काम सिर्फ उन दस महिलाओं के साथ बैठक कर सरकार से मिल रहे लाभ के बारे में चर्चा करना है।

# 'आप सरकार के काम आगे भी जारी रहेंगे'

वादा

पूर्व मुख्यमंत्री ने मालवीय नगर इलाके में पदयात्रा की

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को भी पदयात्रा कर जनता से सीधा संवाद किया। मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में उन्होंने कहा कि दिल्ली में हुए काम आगे भी जारी रहेंगे।

केजरीवाल ने कहा कि पिछले 10 साल में हमने ईमानदारी से काम करके दिल्ली को बदल दिया है। हमने बिजली, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में काम किया और आगे करते रहेंगे। दिल्ली में थोड़े दिन बाद चुनाव हैं और पिछले 10 साल से हमने पूरी मेहनत से पूरी दिल्ली के दो करोड़ लोगों के साथ मिलकर दिल्ली में बहुत सारे काम किए हैं। पहले दिल्ली में बिजली के लंबे-लंबे पावर कट लगते थे, अब दिल्ली में 24 घंटे बिजली आती है। पहले दिल्ली में हर महीने हजारों रुपये के बिजली के बिल आया करते थे, अब बहुत सारे लोगों के जीरो बिल आते हैं। मैं उम्मीद करता हूं कि पिछली बार की तरह इस बार भी हमें दिल्ली की जनता भारी बहुमत से अपना आशीर्वाद देगी, ताकि जो काम चल रहे हैं, वह जारी रहें। इस दौरान वह लोगों से हाथ मिलाते और साथ में सेल्फी भी लेते रहे।



दिल्ली के मालवीय नगर में शनिवार को पदयात्रा के दौरान लोगों से संवाद करते आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल। • हिन्दुस्तान

# दिल्ली में अतिथि शिक्षकों को स्थायी करने का वादा

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने शनिवार को न्याय यात्रा के दौरान कहा कि कांग्रेस सत्ता में आती है तो सभी अनुबंधित और अतिथि शिक्षकों को स्थायी करके शिक्षकों को रोजगार की सौगात दी जाएगी।

दिल्ली न्याय यात्रा 30वें दिन बवाना विधानसभा क्षेत्र में कृष्ण विहार, राठी कॉलोनी से शुरू हुई और रिठाला की सैनी चौपाल नाहरपुर गांव में समाप्त हुई। इस दौरान देवेंद्र यादव ने कहा कि दिल्ली की जनता का रुझान कांग्रेस के प्रति हो गया है और आगामी विधानसभा चुनाव में हम जीत हासिल करेंगे। न्याय योद्धाओं ने जनता के दर्द, पीड़ा और परेशानियों को सुना है।

यात्रा के प्रति मैंने लोगों की आंखों में प्यार, समर्थन और आशीर्वाद देखा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में शिक्षकों को स्थायी नौकरी देने वादा करके अनुबंधित और अस्थायी नौकरी देकर शिक्षकों के साथ मौजूदा प्रदेश सरकार ने धोखा किया है।

# खोई हुई जमीन पाने की तलाश में जुटी कांग्रेस

कवायद

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस ने अपनी रणनीति को धार देना शुरू कर दिया है। पार्टी नेतृत्व ने इस बार जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने और जनता के मुद्दों को प्राथमिकता देने का फैसला किया है। 20 से अधिक समितियां घोषणा पत्र तैयार करने के लिए बनी हैं।

पार्टी के नेता रेहड़ी-पटरी, झुग्गी-बस्ती के लोगों से मुलाकात कर रहे हैं और उनके मुद्दे जान रहे हैं। एक तरफ यह जहां जनसंपर्क अभियान चल रहा है वहीं दूसरी तरफ उनके मुद्दे जानकर घोषणा पत्र तैयार करने की तैयारी भी हो रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव की अगुवाई में हाल ही में हुई बैठक में बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने पर जोर दिया गया। पार्टी का मानना है कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी और भाजपा के मजबूत जनाधार के बीच कांग्रेस को अपनी खोई जमीन वापस पाने के लिए जमीनी स्तर पर मेहनत करनी होगी।

कांग्रेस ने इस बार चुनावी प्रचार में महंगाई, बेरोजगारी, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाने का निर्णय लिया है। अनधिकृत कॉलोनियों, बिजली-पानी की समस्या और महिलाओं की सुरक्षा जैसे स्थानीय मुद्दों पर भी पार्टी ने विशेष ध्यान केंद्रित किया है।

### घर-घर जनसंपर्क अभियान की योजना बनाई

कांग्रेस ने घर-घर संपर्क अभियान की योजना बनाई है, जिसमें पार्टी कार्यकर्ता जनता से सीधा संवाद करेंगे। इस अभियान का मकसद न केवल जनता की समस्याओं को समझना है, बल्कि उनके मुद्दे जानकर उसके अनुसार घोषणा पत्र भी तैयार करना है। प्रदेश कांग्रेस ने इस बार युवाओं और महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा जोड़ने की योजना बनाई है। पार्टी आलाकमान ने वरिष्ठ नेताओं को चुनावी रणनीति का हिस्सा बनाने और उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। चुनावी घोषणा पत्र तैयार करने के लिए विशेषज्ञों की एक टीम गठित की गई है। कांग्रेस का मानना है कि स्थानीय मुद्दों और संगठित रणनीति के साथ वह दिल्ली की जनता का भरोसा जीतने में कामयाब होगी।

# किसानों ने महापंचायत करने का ऐलान किया

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। राजधानी के मंगोलपुर कला गांव में 22 दिसंबर को दिल्ली के किसानों की महापंचायत होगी। किसान नेता सुरेन्द्र सोलंकी ने कहा कि द्वारका के पोचनपुर गांव में आयोजित सभा में दिल्ली के किसानों ने यह ऐलान किया है।

गांव देहात बचाओ यात्रा शनिवार को पोचनपुर गांव पहुंची। यह यात्रा अब तक 300 से गांवों में जा चुकी है। सभा को संबोधित करते हुए सोलंकी ने कहा कि पिछले दो महीने से ग्रामीण इलाकों के लोग लगातार चुनाव का बहिष्कार का फैसला कर रहे हैं। दिल्ली के 360 गांव एकजुट हैं, जिनकी जमीनों पर दिल्ली बसी है, लेकिन इन गांवों के हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं।

सोलंकी ने बताया कि 22 दिसंबर को महापंचायत में दिल्ली के सभी 360 गांवों के लोग बड़ी संख्या में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि कौड़ियों के भाव हमारी जमीन ली जा रही है और मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है।

## वाल्मीकि बस्ती में जनसमस्याएं सुनीं

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) ने शनिवार को जनसुविधाओं के लिए जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें पालिका अध्यक्ष केशव चंद्रा, उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल और परिषद सदस्य अनिल वाल्मीकि ने कर्मचारियों की आवासीय कॉलोनियों में पहुंचकर समस्याओं को सुना और उनके निवारण के निर्देश दिए। यह कार्यक्रम वाल्मीकि सदन, मंदिर मार्ग और बापूधाम, चाणक्यपुरी में हुए।

इस दौरान केशव चंद्र ने कहा कि आम जनता को हमसे मिलने में अक्सर प्रोटोकॉल और अन्य बाधाओं का सामना करना पड़ता है। इस कारण हमने लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनने और उन्हें तुरंत समाधान प्रदान करने का प्रयास किया है।

समस्या | संयुक्त दिल्ली नगर निगम के दो साल पूरे होने के बाद भी कई बड़े प्रोजेक्ट लटके, पक्ष-विपक्ष में तकरार के चलते सदन भी सुचारु रूप से नहीं चल सका

# स्थायी समिति गठित न होने से परियोजनाएं प्रभावित

राहुल मानव

नई दिल्ली। संयुक्त दिल्ली नगर निगम के दो साल पूरे हो चुके हैं। इस दौरान 21 महीने से ज्यादा समय से निगम की सबसे ताकतवर वैधानिक स्थायी समिति का गठन नहीं हो सका। इस वजह से कई परियोजनाओं में बाधा आई और सदन की कार्यवाही भी प्रभावित हुई। पक्ष-विपक्ष में तकरार के चलते सदन नहीं चल सका।

संयुक्त निगम का तीसरा बजट भी जल्द पेश किया जाना है। माना जा रहा है कि लंबित परियोजनाओं को भी फिर से निगम प्रशासन नए बजट में प्रस्तुत करेगा। पूर्व निगम आयुक्त ज्ञानेश भारती ने 2024-25 के वित्तीय वर्ष में 16,683 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तुत किया था। इससे पहले वर्ष 2023-24 में 16,023 करोड़ रुपये के बजट पेश किया था। निगम ने बीते वर्ष 660 करोड़ रुपये तक बजट में बढ़ोतरी की थी। नए वित्तीय वर्ष 2025-26 में भी कुछ फीसदी तक बजट बढ़ाया जा सकता है।



**आयुक्त को शक्तियां मिलीं :** स्थायी समिति गठित न होने के कारण आयुक्त के पास सिर्फ पांच करोड़ रुपये तक के फंड को मंजूर करने की शक्तियां हैं, लेकिन इस वर्ष 14 अक्तूबर को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने निगम आयुक्त अश्वनी कुमार को कई बड़े प्रोजेक्ट को मंजूर करने की शक्तियां दी थीं। इनमें ठोस कचरे से जुड़े प्रोजेक्ट के लिए 1137.98 करोड़ रुपये, नरेला, बवाना में 604.26 करोड़ रुपये की लागत से वेस्ट टू एनर्जी प्लांट बनाने से जुड़े प्रोजेक्ट शामिल हैं। सिंघोला में पुराने कचरे के जैव-खनन प्रोजेक्ट के लिए 46.17 करोड़, ओखला, गाजीपुर और भलस्वा लैंडफिल साइटों में पहले से मौजूद पुराने कचरे का जैव-खनन करने के लिए, फंड को भी मंजूर करने के प्रोजेक्ट शामिल हैं।

**14** अक्तूबर को एलजी ने निगम आयुक्त को कई बड़े प्रोजेक्ट को मंजूर करने की शक्तियां दी थीं

**16** 683 करोड़ रुपये का बजट इस वित्तीय वर्ष के लिए नगर निगम ने विकास कार्यों के लिए स्वीकृत किया था

### इस वित्तीय वर्ष में इन बड़ी योजनाओं को रफ्तार दी गई

- मल्टी लेवल कार पार्किंग का निर्माण
- 308 ईवी चार्जिंग स्टेशन को स्थापित किया
- स्कूलों में कंप्यूटर लैब बनवाए
- शहीदी पार्क में प्रतिकृतियों और अन्य निर्माण
- तहखंड में दिल्ली की पहली इंजीनियरिंग लैंडफिल साइट शुरू की
- 24 अक्तूबर, 2024 तक 280 लाख मीट्रिक टन कूड़े में से 148.56 लाख मीट्रिक टन का निस्तारण
- तीनों लैंडफिल साइटों से 96.06 लाख मीट्रिक टन कूड़े का जैव खनन किया, इससे कचरे के पहाड़ कम हुए हैं

"संयुक्त निगम के गठन के बाद उम्मीद थी कि जमीनी स्तर पर नागरिकों से जुड़े कामकाज में तेजी आएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। लोगों की शिकायतों का बेहतर तरीके से समाधान नहीं किया जा रहा है। - बीएस वोहरा, अध्यक्ष, ईस्ट दिल्ली आरडब्ल्यूए ज्वाइंट फ्रंट

"उम्मीद थी कि जोन के स्थानीय स्तर पर कामकाज में तेजी आएगी, परंतु यह नहीं हो सका। जिम्मेदार पदों पर बैठे जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों से लोग शिकायतें लेकर मिलना चाहते है, उन्हें भी समय नहीं दिया जा रहा है। - अतुल गोयल, अध्यक्ष, यूनाइटेड आरडब्ल्यूएज ज्वाइंट एक्शन (ऊर्जा)

## सुझाव जुटाने के लिए वैन रवाना हुईं

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। दिल्ली भाजपा ने विधानसभा चुनाव को लेकर अपने चुनाव प्रचार अभियान लांच करने के साथ-साथ चुनाव में संकल्प पत्र सुझाव एकत्रीकरण के लिए वीडियो वैन भी जनता के बीच भेजने की शुरुआत कर दी है।

दिल्ली भाजपा चुनाव प्रभारी बैजयंत जय पांडा, दिल्ली की सह प्रभारी डॉ. अलका गुर्जर एवं दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने दिल्ली के सभी 14 जिलों के लिए 14 संकल्प पत्र वैन को हरी झंडी दिखाई। दिल्ली भाजपा कार्यालय से रवाना हुई सभी वैन अलग अलग 14 जिलों में जाएंगी, जिसमें भाजपा कार्यकर्ता मौजूद होंगे। हर वैन का जिला अनुसार एक प्रभारी बनाया गया है। लोगों के सुझाव वैन में रखी सुझाव पेटिका में डाले जाएंगे और फिर उन्हीं सुझावों के आधार पर भाजपा इस बार संकल्प पत्र तैयार करेगी।

रविवासरीय
# हिन्दुस्तान
1936 सत्य • सार्थक • सदैव
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
रविवार
8 दिसंबर 2024, नई दिल्ली, नगर संस्करण
• पांच प्रदेश • 24 संस्करण
www.livehindustan.com



भारतीय महिला क्रिकेट टीम के लिए सीरीज बचाने की चुनौती
P-16

**अनुमान : अगले एक से दो दिनों में ठंड और बढ़ेगी**

## दिल्ली समेत पूरे उत्तर भारत में बारिश संभव

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। दिल्ली-एनसीआर, पश्चिम उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, झारखंड समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में रविवार को बारिश होने की संभावना है। इससे ठंड में इजाफा होगा।

देश के अन्य राज्यों में भी अगले एक-दो दिनों में सर्दी बढ़ने का अनुमान मौसम विभाग ने जताया है। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर में बर्फबारी का अनुमान जताया गया है।

**राजधानी में सीजन की सबसे सर्द सुबह :** दिल्ली में शनिवार को इस मौसम की सबसे ठंडी सुबह रही और न्यूनतम तापमान 7.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि, यह इस मौसम के औसत तापमान से तीन डिग्री सेल्सियस कम है। वहीं, सफदरजंग का अधिकतम तापमान 25.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**धुंध छाई रहेगी :** मौसम विभाग ने राजधानी में रविवार सुबह और शाम हल्की धुंध के अलावा दिनभर आंशिक रूप से बादल छाए रहने की संभावना जताई है। इसके अलावा हल्की बारिश की संभावना है। अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 8 डिग्री रहने का अनुमान है।

**झारखंड में बारिश की संभावना :** मौसम विभाग के अनुसार, झारखंड में रविवार और सोमवार को हल्की बारिश के आसार हैं। अगले 48 घंटों में न्यूनतम तापमान में 3-4 डिग्री एवं अधिकतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है।

### पारे में गिरावट के साथ प्रदूषण स्तर में बढ़ोतरी



**एक्यूआई 200 के पार**

दिल्ली में पारा गिरने और हवा की गति कम होने से शनिवार को फिर प्रदूषण स्तर खराब श्रेणी में पहुंच गया। सीपीसीबी के अनुसार, शनिवार को एक्यूआई 233 रहा, जो शुक्रवार को 197 अंक पर था।

**राजधानी के इन इलाकों में आठ डिग्री से नीचे पारा**

| इलाका | पारा |
|---|---|
| लोधी रोड | 7.2 |
| आया नगर | 6.6 |
| नरेला | 7.9 |
| पूसा | 6.8 |

**यहां बेहद खराब श्रेणी में रहा प्रदूषण स्तर**

| आनंद विहार | शादीपुर |
|---|---|
| 310 | 317 |

**पश्चिमी विक्षोभ का असर आज से नजर आएगा**

मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ 8 दिसंबर से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र और भारत के उत्तर-पश्चिम के आसपास के मैदानी इलाकों को प्रभावित करेगा, जिससे सर्दी बढ़ेगी। पश्चिमी विक्षोभ के कारण झारखंड के अलग-अलग इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश होगी। आईएमडी ने 10 दिसंबर तक के अपने पूर्वानुमान में कहा कि दार्जिलिंग और कलिम्पोंग जिलों के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश या बर्फबारी हो सकती है।

**सीकर में न्यूनतम तापमान पांच डिग्री रहा :** राजस्थान के सीकर में शुक्रवार रात पारा पांच डिग्री रहा। वहीं राज्य के एकमात्र हिल स्टेशन माउंट आबू में भी न्यूनतम तापमान 5.0 डिग्री सेल्सियस रहा।

**श्रीनगर में और गिरेगा तापमान :** श्रीनगर में शनिवार को तापमान -4.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, यहां तापमान में और गिरावट आने की उम्मीद है। राज्य में बारिश होने की भी उम्मीद है।

## शंभू बॉर्डर से आज किसान राजधानी की ओर कूच करेंगे

चंडीगढ़, एजेंसी। केंद्र सरकार की ओर से वार्ता का न्योता नहीं मिलने के बाद किसानों ने रविवार को शंभू बॉर्डर से दिल्ली कूच का ऐलान किया है। हालांकि, पुलिस ने भी उन्हें रोकने के पुख्ता इंतजाम किए हैं।

किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने शनिवार को शंभू सीमा पर कहा कि केंद्र की ओर से वार्ता का कोई संदेश नहीं मिला है। इसे देखते हुए 101 किसानों का जत्था रविवार दोपहर दिल्ली की ओर कूच करेगा। उन्होंने कहा कि आंसू गैस के गोलों के कारण 16 किसान घायल हो गए। इनमें से एक की सुनने की क्षमता चली गई। किसानों के खिलाफ कार्रवाई पर पंधेर ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार का पर्दाफाश हो गया है।

## देश बचा रहेगा तो धर्म और हम दोनों सुरक्षित रहेंगे : योगी

वाराणसी/प्रयागराज, हिन्दुस्तान ब्यूरो। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि देश सुरक्षित है तो धर्म सुरक्षित है और धर्म सुरक्षित है तो हम। इसलिए जो काम हो, वह व्यक्ति, समाज, मत-मजहब से ऊपर उठकर सनातन धर्म के मूल्यों के अनुरूप वैदिक-आध्यात्मिक परंपरा के अनुसार देश के नाम होना चाहिए।

योगी शनिवार को उमरहां (चौबेपुर) में विहंगम योग संत समाज की स्थापना के शताब्दी समारोह महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। सीएम योगी ने कहा कि विहंगम योग के प्रणेता संत सद्गुरु सदाफल देव महाराज ने अध्यात्म को जीवंत रखते हुए आजादी की लड़ाई में योगदान दिया।

**डिजिटल कुम्भ :** प्रयागराज में योगी ने अपने संबोधन में डिजिटल कुंभ पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सबको मिलकर स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित कुंभ को अब डिजिटल कुंभ के तौर पर प्रस्तुत करना है।

**अखाड़ों से सहयोग मांगा:** योगी ने 13 अखाड़े के प्रतिनिधियों से महाकुम्भ को दिव्य और भव्य बनाने के लिए सहयोग मांगा। उन्होंने अखाड़ों के प्रतिनिधियों से कहा कि हमें मिलकर ऐसा कुम्भ बनाना है, जिससे सनातन धर्म और संस्कृति की झलक पूरी दुनिया में जाए।

**महाकुंभ से दुनिया में छाएगा उत्तर प्रदेश : मुख्यमंत्री**



प्रयागराज में योगी आदित्यनाथ ने कहा, तीर्थयात्रियों के स्वागत के लिए स्मार्ट प्रयागराज तैयार है। महाकुंभ से उत्तर प्रदेश पूरी दुनिया में छा जाएगा। यह प्राचीन आध्यात्मिक परंपरा को वैश्विक पटल पर प्रस्तुत करने का अवसर है। योगी प्रधानमंत्री के 13 दिसंबर को प्रस्तावित कार्यक्रम से पहले तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे थे।

## प्रधानमंत्री पर जानलेवा हमले की धमकी, केस दर्ज

मुंबई, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जान से मारने की धमकी वाला एक संदेश शनिवार को मुंबई पुलिस को मिला। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि जिस नंबर से संदेश भेजा गया था वह अजमेर का है। संदिग्ध को पकड़ने के लिए एक टीम वहां भेजी गई। मामले से जुड़े अधिकारियों की ओर से बताया गया कि ट्रैफिक पुलिस की हेल्पलाइन पर शनिवार तड़के व्हाट्सएप पर एक संदेश प्राप्त हुआ। इसमें पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के एजेंट होने का दावा करते हुए मोदी को निशाना बनाकर बम विस्फोट करने की धमकी दी गई। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियां चौकन्नी हो गईं।

## महादेव ऐप मामले में 388 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क

- प्रवर्तन निदेशालय ने धनशोधन में कार्रवाई की
- छत्तीसगढ़, मुंबई के कई लोगों के नाम है संपत्ति

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी मामले में करीब 388 करोड़ रुपये की चल संपत्तियां कुर्क की है।

संघीय एजेंसी ने शनिवार को बताया कि इन चल संपत्तियों में मॉरीशस स्थित कंपनी तानो इनवेस्टमेंट अपॉर्च्युनिटीज फंड द्वारा एफपीआई और एफडीआई के जरिए दुबई स्थित 'हवाला ऑपरेटर' हरिशंकर टिबरेवाल से संबंधित निवेश शामिल है। इसके अलावा छत्तीसगढ़, मुंबई और मध्य प्रदेश में कई सट्टेबाजी ऐप और वेबसाइटों के प्रवर्तकों, पैनल ऑपरेटर और प्रवर्तकों के सहयोगियों के नाम पर संपत्तियां भी शामिल हैं।

**अब तक 2295 करोड़ की संपत्ति पर हुई कार्रवाई :** ईडी इस मामले में अब तक 2,295.61 करोड़ रुपये की संपत्ति पर कार्रवाई कर चुकी है। इस मामले में ग्यारह लोगों को गिरफ्तार किया गया है और ईडी ने चार आरोप पत्र दायर किए हैं।

**कई बड़े नेता और नौकरशाह संलिप्त :** एजेंसी ने पूर्व में आरोप लगाया था कि महादेव ऑनलाइन बेटिंग (एमओबी) गेमिंग और बेटिंग ऐप की जांच में छत्तीसगढ़ के कई बड़े नेताओं और नौकरशाहों की संलिप्तता सामने आई है। ऐप के दो मुख्य प्रवर्तक सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल इसी राज्य से संबंधित हैं।

## भारतीय नागरिकों को सीरिया की यात्रा से बचने की सलाह

नई दिल्ली, एजेंसी। सीरिया में जारी हिंसा को देखते हुए भारत ने अपने नागरिकों को वहां की यात्रा से बचने की सलाह दी है। भारत ने सीरिया में रह रहे नागरिकों से अत्यंत सावधानी बरतने और आवाजाही सीमित करने का आग्रह किया है।

विदेश मंत्रालय ने एक परामर्श में हिंसा प्रभावित देश में रह रहे भारतीयों से कहा कि यदि संभव हो तो वे जल्द से जल्द वाणिज्यिक उड़ानों से लौट आएं। उनसे दमिश्क में भारतीय दूतावास के संपर्क में रहने के लिए भी कहा गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, सीरिया में लगभग 90 भारतीय नागरिक हैं जिनमें से 14 संयुक्त राष्ट्र के विभिन्न संगठनों में काम कर रहे हैं।

## भारत की पहल पर विश्व ध्यान दिवस मनाया जाएगा

- दुनियाभर में 21 दिसंबर को मनाया जाएगा
- संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रस्ताव स्वीकार किया

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी। विश्वभर में अब हर साल 21 दिसंबर का दिन विश्व ध्यान दिवस के रूप में मनाया जाएगा। भारत के विशेष प्रयासों से संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए इसकी घोषणा की।

भारत समेत लिकटेंस्टीन, श्रीलंका, नेपाल, मैक्सिको और अंडोरा ने 193 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र महासभा में शुक्रवार को इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पास कराने में अहम भूमिका निभाई।

**उत्तरायण की शुरुआत :** संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने कहा कि 21 दिसंबर शीतकालीन अयनांत या संक्रांति का दिन है। भारतीय परंपरा के अनुसार इस दिन उत्तरायण की शुरुआत होती है। विशेष रूप से आंतरिक चिंतन और ध्यान के लिए वर्ष के एक शुभ समय की शुरुआत भरी इस दिन से ही होती है। विश्व ध्यान दिवस पर प्रस्ताव को अपनाने में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका विश्व के नेतृत्व के प्रति उसकी दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

**इन देशों ने प्रस्ताव का समर्थन किया :** लिकटेंस्टीन की ओर से पेश प्रस्ताव का बांग्लादेश, बुल्गारिया, बुरुंडी, डोमिनिकन गणराज्य, आइसलैंड, लक्जमबर्ग, मॉरीशस, मोनाको, मंगोलिया, मोरक्को, पुर्तगाल और स्लोवेनिया ने समर्थन किया।






फर्श बाजार की घटना, सुपारी लेकर वारदात को अंजाम देने की आशंका, अलग-अलग इलाकों में तीन हत्याओं से दहली दिल्ली

# नाम पूछकर कारोबारी पर बरसा दीं गोलियां

**बेखौफ बदमाश**

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** फर्श बाजार इलाके में शनिवार सुबह यमुना स्पोर्ट्स कांप्लेक्स से लौटते समय बदमाशों ने कारोबारी से नाम पूछकर गोलियां मारीं। आरोपियों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है, लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं लगा है और न ही कारणों का पता चल सका है।

पुलिस के अनुसार, सुनील जैन को स्कूटी पर बैठाकर उनका साथी सुमित घर छोड़ने जा रहा था। साथ में उनका भतीजा भी दूसरी स्कूटी पर चल रहा था। जब दोनों हमलावरों ने उन्हें घेर लिया सुनील और सुमित ने समझा कि बदमाशों का इरादा लूटपाट का है। उन्होंने कहा कि जो कुछ लेना है ले लो, लेकिन गोली नहीं चलाना। इस दौरान बदमाशों ने फायरिंग करने से पहले सुनील से उनका नाम पूछा। इतना सुनते ही बदमाशों ने फायरिंग शुरू की। ताबड़तोड़ फायरिंग में सुनील गंभीर रूप से घायल हो गए।

दहशतजदा सुमित की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और सुनील को अस्पताल ले गए, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। रवि शर्मा ने बताया कि सुमित गांधीनगर में रहता है। वह अपनी स्कूटी से रोजाना कृष्णा नगर में रहने वाले सुनील जैन को अपने साथ यमुना स्पोर्ट्स कांप्लेक्स लेकर आता था और वापसी में उन्हें उनके घर छोड़ता था।

**मृतक के परिजनों ने रंजिश से इनकार किया:** पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने कहा कि पीड़ित परिवार ने भी सुनील जैन की हत्या को लेकर किसी पर शक नहीं जताया है। परिवार सदमे में है और कोई कुछ भी बोलने की हालत में नहीं है। पुलिस उपायुक्त का कहना है कि हत्याकांड की जांच के लिए फर्श बाजार थाना पुलिस की टीम के साथ ही स्पेशल स्टाफ और एएटीएस टीम को भी लगाया गया है। जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस इस दिशा में काम कर रही है।



सुनील जैन • फाइल फोटो

- परिजनों ने रंजिश की बात से इनकार किया, किसी पर शक नहीं जताया



राजधानी दिल्ली के फर्श बाजार इलाके में शनिवार सुबह कारोबारी को गोली मारने के बाद घटनास्थल पर बिखरा खून और दो स्कूटी। • हिन्दुस्तान

### स्पोर्ट्स कांप्लेक्स से ही पीछा करने का अंदेशा

सुनील जैन के साथ सुबह की सैर के लिए जाने वाले दोस्त रवि शर्मा ने बताया कि वह रोज सुबह यमुना स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में सैर के लिए जाते थे। उनका 7 से 8 लोगों का ग्रुप है। शनिवार को भी वह सभी लोगों के साथ कांप्लेक्स गए थे। सैर के बाद विश्वास नगर के 60 फुटा रोड पर चिंतपूर्णी मंदिर के सामने सभी ने चाय पी और इसके बाद सब घर के लिए निकल गए। आंशका है कि बदमाश कांप्लेक्स से ही उनका पीछा कर रहे थे।

### हत्या के कारणों को लेकर ठोस बात सामने नहीं आई

सूत्रों की मानें तो वारदात के तरीके से स्पष्ट है कि हमलावर सुनील को नहीं जानते थे। कहीं गलत आदमी उनका शिकार न हो जाए, इसकी पुष्टि के लिए ही उन्होंने गोली चलाने से पहले सुनील से उनका नाम पूछा था। ऐसा लगता है जैसे किसी ने हमलावरों को हायर किया था। फिलहाल पुलिस मृतक के परिजनों से भी पूछताछ कर जानकारी जुटा रही है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक अभी तक हत्या के कारणों को लेकर कोई ठोस बात सामने नहीं आई है।

### पुलिस कमिश्नर ने लॉ एंड ऑर्डर पर बैठक ली

पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा ने दिल्ली की कानून व्यवस्था को लेकर दिल्ली पुलिस हेडक्वार्टर में शनिवार को तमाम बड़े अधिकारियों के साथ लॉ एंड ऑर्डर को लेकर बैठक की है। बैठक में कमिश्नर ने कहा क अपराधियों के साथ पूरी सख्ती से निपटें। पुलिस कमिश्नर ने जिलों के अधिकारियों को यह निर्देश दिया है कि पुलिसकर्मी अपराध से हर हाल में निपटने के लिए पूरी तरह से चौकसी बरतें। संदिग्धों की धर-पकड़ में और तेजी लाएं।

## प्रेम विवाह से मना करने पर बेटे ने मां की जान ली

**रिश्तों का कत्ल**

- ख्याला इलाके की घटना, गुमराह करने के लिए लूट की कहानी गढ़ी

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** ख्याला इलाके में शुक्रवार की रात एक युवक ने प्रेम विवाह करने से मना करने पर मां की गला दबाकर हत्या कर दी।

पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि प्रेम विवाह करने पर मां ने संपत्ति से बेदखल करने की धमकी दी थी। इससे गुस्सा होकर वारदात को अंजाम दिया। गुमराह करने के लिए लूट की कहानी गढ़ी।

पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने बताया कि 45 वर्षीय सुलोचना अपने परिवार के साथ रघुबीर नगर इलाके में रहती थी। परिवार में दो बेटे 27 वर्षीय कपिल और 22 वर्षीय सावन शामिल हैं। पति का 2019 में देहांत हो चुका है। बड़ा बेटा कपिल एक निजी कंपनी में अकाउंटेंट है और छोटा बेटा सावन चैंपियन वाहन (माल ढोने के लिए) चलाता है। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि छह दिसंबर की रात करीब 8.30 बजे पुलिस को सूचना मिली कि रघुबीर नगर इलाके में अज्ञात लोगों ने एक महिला की हत्या कर दी और उसके कानों की बालियां छीन ली है। जांच में पता चला कि महिला की हत्या गला दबाकर की गई है। पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है।

## शौचालय की सफाई को लेकर युवक का कत्ल

**सनसनीखेज**

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** गोविंदपुरी इलाके में शुक्रवार रात को शौचालय की सफाई को लेकर किराएदारों के बीच हुए झगड़े में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामले में आरोपी दंपती सहित उनके तीन बेटों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस उपायुक्त रवि कुमार सिंह ने बताया कि 18 वर्षीय सुधीर गोविंदपुरी इलाके में रहता था। उसके परिवार में माता-पिता के अलावा एक बड़ा भाई शामिल है। सुधीर का बड़ा भाई ई-रिक्शा चलाता है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक ही इमारत में सुधीर और भीकम सिंह का परिवार रहता है। दोनों परिवारों के लिए इमारत में एक ही शौचालय बना हुआ है। शुक्रवार रात को भीकम सिंह का नाबालिग बेटा शौचालय गया था। उसने फ्लश नहीं किया। इसके बाद सुधीर वहां पहुंचा और शौचालय को गंदा देखकर उसने भीकम सिंह के बेटे को टोक दिया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा हो गया। भीकम सिंह के परिवार ने सुधीर, प्रेम और सागर पर हमला कर दिया। आरोपियों ने सुधीर की छाती, चेहरे और सिर पर चाकू से ताबड़तोड़ वार किए। पुलिस को पता चला कि सुधीर, उसके भाई प्रेम और उनके दोस्त सागर पर पड़ोसी परिवार ने चाकू और लाठी-डंडों से हमला किया है। तीनों को एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने सुधीर को मृत घोषित कर दिया।

## शहर 30s

### ताबड़तोड़ फायरिंग करने वाले दो धरे

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने न्यू उस्मानपुर में हुई गोलीबारी की गुत्थी सुलझा ली है। इस मामले में पुलिस ने एक बदमाश और उसके नाबालिग साथी को दबोचा है। इन्होंने न्यू उस्मानपुर इलाके में आरिफ नाम के शख्स के घर पर गोली चलाई थी। क्राइम ब्रांच की टीम ने बदमाशों की पहचान कर इन्हें दबोच लिया है। पुलिस इनसे पूछताछ कर रही है। अब्दुल्ला पर तीन मामले दर्ज हैं।

### पश्चिम बंगाल से चरस लाकर करता था सप्लाई

नई दिल्ली। दक्षिणी दिल्ली जिला पुलिस की स्पेशल स्टाफ टीम ने कुख्यात ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी राम तमांग के पास से पुलिस ने 2.165 किलोग्राम चरस बरामद की है। आरोपी पश्चिम बंगाल की सीमा से चरस लाता था और दिल्ली के विभिन्न इलाके में उसकी सप्लाई करता था। एसीपी ऑपरेशन सेल अभिनेंद्र जैन की देखरेख में इंस्पेक्टर गिरीश चंद्र की टीम ने चिराग दिल्ली इलाके से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इसके अन्य साथियों की तलाश हो रही है।

### डिलीवरी ब्वॉय को टक्कर मारने वाला गिरफ्तार

नई दिल्ली। सरोजिनी नगर थाना पुलिस ने एक डिलीवरी ब्वॉय को टक्कर मारकर भागे कार चालक को पांच दिसंबर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी 48 वर्षीय भूपेंद्र रावत के पास से गाड़ी भी बरामद कर ली गई है। जानकारी के मुताबिक संजय गुप्ता चार दिसंबर को स्कूटी से खाना डिलीवरी करने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी थी।

### अवैध रूप से रह रहे 14 विदेशी नागरिक पकड़े

नई दिल्ली। भारत में अवैध रूप से रह रहे 14 विदेशी नागरिकों को द्वारका जिला पुलिस की कई टीमों ने विशेष अभियान चलाकर पकड़ा है। सभी आरोपियों को डिटेंशन सेंटर भेज दिया गया है। पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि नवंबर में अवैध रूप से भारत में रह रहे लोगों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया था। इसी अभियान के दौरान विदेशी नागरिकों को पुलिस ने पकड़ा है।

### दो लापता नाबालिगों को परिजनों से मिलाया

नई दिल्ली। सरोजिनी नगर थाना पुलिस ने पांच दिसंबर को ऑपरेशन मिलाप के तहत घर से लापता दो बच्चों को ढूंढकर परिवार से मिलाया है। एक बच्चे की उम्र 16 और दूसरे की उम्र 12 साल है। 30 नवंबर को लाल बिल्डिंग, न्यू मोतीबाग निवासी महिला ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच और पूछताछ के आधार पर दोनों को बरामद किया है।

### गणित शिक्षण सामग्री प्रदर्शनी लगाई जाएगी

नई दिल्ली। राज्य स्तर पर गणित शिक्षण अधिगम सामग्री प्रतियोगिता कम प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में शिक्षा निदेशालय ने सर्कुलर जारी किया है। दस दिसंबर से दो दिवसीय प्रतियोगिता सरस्वती विहार स्थित सर्वोदय विद्यालय में आयोजित की जाएगी। इस तरह के आयोजनों से छात्रों में गणित के प्रति रुचि बढ़ेगी। साथ ही छात्रों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा होने से उनको लाभ मिलेगा।

### वार्षिकोत्सव में स्कूल के छात्रों ने प्रस्तुति दी

नई दिल्ली। विकासपुरी स्थित ऑक्सफोर्ड सीनियर सेकेंड्री स्कूल के प्रांगण में शनिवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर मेजर जनरल मनोज नटराजन मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। विद्यालय प्रमुख शालिनी सक्सेना ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पेश की। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छोटे-छोटे बच्चों ने अपनी प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। शैक्षिक, खेलकूद में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कृत किया गया।

### डीपीएस वसंत विहार में प्रतियोगिता का आयोजन

नई दिल्ली। दिल्ली पब्लिक स्कूल, वसंत विहार में शनिवार को मैथ-ई-वैगेंजा (गणित महोत्सव) और अंतर-विद्यालय प्रतियोगिता साई-स्पार्क का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारत सरकार के रक्षा सचिव आर.के. सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में उन्होंने व्यक्तिगत और राष्ट्रीय प्रगति के लिए महत्वपूर्ण सोच और समस्या-समाधान के महत्व को रेखांकित किया।

## राजधानी में चारों तरफ दहशत का माहौल : केजरीवाल

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** दिल्ली में बीते 24 घंटे में तीन अलग-अलग इलाके में हुई तीन हत्याओं पर आम आदमी पार्टी ने भाजपा शासित केंद्र सरकार पर हमला बोला है। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भाजपा के राज में अपराधी पूरी तरफ बेखौफ हो गए हैं।

भाजपा शासित केंद्र सरकार ने दिल्ली को बर्बाद कर दिया है। दिल्ली को जंगलराज बना दिया है। मुख्यमंत्री आतिशी ने शनिवार को एम्स ट्रॉमा सेंटर में गोविंदपुरी में हुई चाकूबाजी के पीड़ित परिवार से मुलाकात की। चाकूबाजी के कारण परिवार के एक सदस्य की मौत हो गई है और दूसरा गंभीर रूप से घायल है। इस मौके पर आतिशी ने कहा कि, भाजपा शासित केंद्र सरकार दिल्ली की कानून व्यवस्था को को संभालने में फेल हो गई है। उन्होंने कहा कि अपराधी बेखौफ घूम रहे हैं और वारदात को अंजाम दे रहे हैं। अपराधियों में पुलिस का खौफ भी खत्म हो गया है।

केजरीवाल ने एक्स पर पोस्ट किया कि, दिल्ली की कानून व्यवस्था बर्बाद हो गई है। चारों तरफ लोग दहशत की जिंदगी जी रहे हैं। भाजपा से अब राजधानी की कानून व्यवस्था नहीं संभल रही है। दिल्लीवाले जानना चाहते हैं कि केंद्र सरकार दिल्ली की कानून व्यवस्था को सुधारने के लिए क्या कर रही है। मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली में हर आदमी दहशत में जी रहा है। डर के माहौल में लोग घर से बाहर निकलते से कतरा रहे हैं।

### सजा पाए नेताओं को कब आप से निकालेंगे : भाजपा

दिल्ली में कानून व्यवस्था के मुद्दे पर भाजपा ने आम आदमी पार्टी पर पलटवार करते हुए कहा कि अपराध की घटना चिंता का विषय है, लेकिन आम आदमी पार्टी इन घटनाओं में राजनीतिक लाभ तलाशने लगती है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि अपराध के मामले पर आप दोहरा चरित्र अपना रही है। सचदेवा ने कहा कि भ्रष्टाचार, जलभराव से मौतऔर दिल्ली की बदहाली पर आप नेता चुप हैं। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी सजा पाए नेताओं को अपनी पार्टी से कब हटाएगी।

## शराब पी रहे दो भाई ट्रेन की चपेट में आए, एक की मौत

- पूर्वी दिल्ली के मीत नगर इलाके में घटी घटना

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के मीत नगर रेलवे लाइन पर शुक्रवार शाम दो सगे भाई शराब पीने के दौरान ट्रेन की चपेट में आ गए। हादसे में एक भाई की मौत हो गई, जबकि दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। घायल 34 वर्षीय मोनू को अस्पताल में वेंटिलेटर पर रखा गया है।

मामले की सूचना मिलने के बाद पहुंची ज्योति कॉलोनी थाना पुलिस ने 36 वर्षीय सोनू के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि सोनू अपने परिवार के साथ अशोक नगर इलाके में रहता था। परिवार में माता-पिता के अलावा छोटा भाई मोनू शामिल है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि ज्योति नगर पुलिस को शुक्रवार शाम 4.10 बजे मीत नगर रेलवे लाइन पर दो लड़कों के ट्रेन की चपेट में आने की सूचना मिली थी। सोनू की मौके पर ही मौत हो गई थी।

## अवैध संबंध के शक में महिला पर हमला

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** कालकाजी इलाके में एक 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने शुक्रवार को झगड़े के बाद एक अन्य महिला पर ज्वलनशील पदार्थ फेंक दिया।

आरोपी महिला को शक था कि उसके पति का पीड़ित महिला के साथ अवैध संबंध है। इसके चलते दोनों के बीच झगड़ा हुआ था। मामले की सूचना के बाद पहुंची कालकाजी थाना पुलिस ने बुजुर्ग महिला को गिरफ्तार कर लिया है। घायल महिला को अस्पताल में भर्ती किया गया था, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया है। दोनों पश्चिम बंगाल की रहने वाली है।

## तलाकशुदा पत्नी पर चाकू से कई वार, हमलावर फरार

- प्रवेश चंद अस्पताल में महिला की हालत गंभीर

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** सीलमपुर इलाके में शनिवार शाम एक युवक ने अपनी तलाकशुदा पत्नी को चाकू से गोदकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वारदात के बाद से आरोपी फरार है।

सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़िता 20 वर्षीय मुस्कान को जग प्रवेश चंद अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से हालत गंभीर होने के चलते डॉक्टरों ने उसे जीटीबी अस्पताल में रेफर कर दिया। पुलिस का कहना है कि अभी पीड़िता का बयान नहीं हो सका है। सीलमपुर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोपी राज कोहली शास्त्री पार्क का रहने वाला बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।

पुलिस ने बताया कि मुस्कान का राज के साथ प्रेम विवाह हुआ था। बाद में दोनों का तलाक हो गया। इसके बाद वारदात को अंजाम दिया गया।

## सिम कार्ड विदेश भेजने वाला पकड़ा

**धोखाधड़ी**

**नई दिल्ली , वरिष्ठ संवाददाता।** दक्षिण-पूर्वी जिला पुलिस की साइबर थाना पुलिस ने देश में साइबर ठगी करने के लिए विदेश में बैठे बदमाशों को सिम कार्ड सप्लाई करने वाले बदमाश को गिरफ्तार किया है।

पांच दिन के अभियान के बाद बिहार से गिरफ्तार 29 वर्षीय अनुज कुमार के पास से पांच हजार सिम कार्ड, 25 मोबाइल और दो सिम एक्टिवेशन डिवाइस बरामद की गई है। आरोपी सिम कार्ड सप्लाई करने वाले गिरोह का मास्टरमांइड हैं। जिसके अकाउंट में जमा 20 लाख रुपए भी पुलिस ने फ्रीज कर दिए हैं।

पुलिस उपायुक्त रवि कुमार सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता गौतम कुमार, जो स्टारकॉन इंफ्रा प्रोजेक्ट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के अधिकृत प्रतिनिधि हैं। उन्होंने साइबर पुलिस स्टेशन में ,अपने साथ 20 लाख की ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी। उनके शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस टीम ने आरोपी को पकड़ने के लिए मोबाइल नंबर और तकनीकी निगरानी का इस्तेमाल किया। फिर पांच दिन तक चले ऑपरेशन के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से 5 हजार फर्जी सिम कार्ड बरामद हुए। उसमें से अभी तक 250 सिम कार्ड्स को सक्रिय पाया गया है। पूछताछ में उसने बताया कि एयरटेल के पंजीकृत सिम विक्रेता ने सिम कार्ड्स बेचने के लिए ग्रामीण क्षेत्र में सिम कैंप लगाए थे। तब उसने एक पहचान पत्र पर 4-5 सिम कार्ड्स लिए। जिसका उपयोग उसे साइबर ठगी के लिए किया। इन सिम कार्ड्स को नेपाल और गया के जरिए विदेश में सप्लाई किया। इन्हीं सिम कार्ड के मदद से विदेश में बैठे साइबर फ्रॉड डिजिटल फ्रॉड,निवेश धोखाधड़ी और वित्तीय घोटाले में इस्तेमाल करते है। पुलिस इनसे पूछताछ कर रही है।

### दक्षिण एशियाई देशों के लोगों से था संपर्क

पुलिस उपायुक्त रवि कुमार ने बताया कि आरोपी चीन, कंबोडिया जैसे दक्षिण एशियाई देशों में भारत से सिम कार्ड चालू कराने के बाद भेजता था। इन कार्ड का इस्तेमाल भारत में रह रहे लोगों के साथ साइबर ठगी में किया जाता था। देश से बाहर लोकेशन होने के चलते पुलिस आरोपियों को पकड़ नहीं पाती थी। ज्ञात हो कि देशभर में साइबर ठगी की घटनाएं काफी बढ़ गई है। करोड़ों रुपये लोगों से ठगे जा रहे हैं। ऐसे में पुलिस अपराधियों की धर-पकड़ के लिए बड़े स्तर पर अभियान चला रहा है।

## हवाई अड्डों पर सुरक्षा बढ़ाने को इकाई गठित

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** सीआईएसएफ (केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल) ने पूरे देश के 68 हवाई अड्डों पर तैनात विमानन सुरक्षा समूह (एएसजी) के लिए एक आंतरिक गुणवत्ता नियंत्रण इकाई (आईक्यूसीयू) की स्थापना की है। इसका मकसद विमानन सुरक्षा को मजबूत करना है। आईक्यूसीयू सुरक्षा प्रक्रियाओं और प्रौद्योगिकी की स्थापना में अहम भूमिका निभाएगा। यह पहल नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) द्वारा जारी राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन सुरक्षा गुणवत्ता नियंत्रण कार्यक्रम-2024 और विमानन सुरक्षा नियम-2023 के तहत किया गया है।

आईक्यूसीयू विमानन सुरक्षा नियंत्रण केंद्र के अपने सभी सहयोगियों जैसे प्रबंधन केंद्र, विमानन अनुसंधान और डेटा केंद्र, केंद्रीकृत संचार नियंत्रण केंद्र के साथ मौजूदा सुरक्षा चुनौतियों और भारतीय हवाई अड्डों की समग्र सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करेगा।

यह प्रणाली क्षेत्रीय संपर्क योजना (उड़ान) के अंतर्गत आने वाले हवाई अड्डों को भी कवर करेगी। इसके तहत मानकीकृत प्रशिक्षण और मूल्यांकन विधियों के माध्यम से सभी हवाई अड्डों पर सुरक्षा प्रक्रियाओं में एकरूपता सुनिश्चित करना है। इस पहल से देश के हवाई अड्डों पर सुरक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार देखने को मिलेगा।

### आईजीआई एयरपोर्ट पर सोना पकड़ा

दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 पर जांच के दौरान 72.72 लाख रुपये का सोना पकड़ा गया है। सूचना के आधार पर कस्टम विभाग की टीम ने एक यात्री की जांच के दौरान उसके पास से 999 ग्राम सोना बरामद किया है। इंटेलीजेंस यूनिट को सूचना मिली थी कि एक यात्री सोना लेकर आ रहा है। सूचना के आधार पर टी-3 से आने वाले यात्रियों की जांच की जा रही थी, उसी समय एक यात्री के बैगेज में पीले रंग का सामान दिखा। जांच में पता चला कि वह सोना है, जो कि विदेश से लाया गया है। मामले की जांच की जा रही है। ज्ञात हो कि आईजीआई एयरपोर्ट पर विदेश से सोने की तस्करी मामले में कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है।


**उत्तर रेलवे**

**कोटेशन/नीलामी सूचना**

कार्य हेतु मुहरबंद कोटेशन आमंत्रित हैं:-

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | गाजियाबाद में कोटगांव रेलवे क्रॉसिंग के पास 55 पेड़ों को हटाना और निपटान करना मौजूदा नई दिल्ली हावड़ा मार्ग पर एनडीएलएस (शामिल)–गाजियाबाद (शामिल) खंड पर 160 किमी प्रति घंटे / 200 किमी प्रति घंटे की गति, यात्रा के समय को प्राप्त करने का एक मिशन नई दिल्ली से हावड़ा के बीच 12 घंटे के सिलसिले में 2X25 केवी एसी ट्रैक्शन पावर सप्लाई सिस्टम के लिए पर्यवेक्षी नियंत्रण और डेटा अधिग्रहण (एससीएडीए) प्रणाली के डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग में। हटाने और निपटान सहित 55 पेड़ों के अवशिष्ट मूल्य की वसूली के लिए मुहरबंद कोटेशन आमंत्रित किए जाते हैं जो निश्चित रूप से 16.12.2024 को 15:00 बजे तक इस कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा। कोटेशन प्राप्त करने के तुरंत बाद उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/नई दिल्ली, उत्तर रेलवे, डीआरएम कार्यालय, नई दिल्ली कार्यालय में कोटेशनकर्ताओं की उपस्थिति में खोला जाएगा। |
| पुनर्प्राप्त करने के लिए कार्य का अनुमानित मूल्य | ₹55,660/- (आरक्षित मूल्य) |
| खोलने की तिथि | 16.12.2024 को 15:00 बजे तक |
| समापन अवधि | स्वीकृति पत्र जारी होने की तारीख से 10 (दस) दिन |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3773/2024

**पहचान की अपील**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक पुरुष (फोटो में दर्शाया गया है) नामः **अज्ञात, पुत्रः अज्ञात, निवासीः अज्ञात निर्माण विहार मेट्रो स्टेशन के पास V3S मॉल के सामने मिला। उसे हेडगेवार अस्पताल ले जाया गया** जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। अज्ञात शव को 72 घंटे के लिए **हेडगेवार अस्पताल** के **एमएलसी नंबर 2586/24** के अनुसार **सब्जी मंडी मोर्चरी दिल्ली** में सुरक्षित रखा गया है। इस संबंध में **DD No: 46A दिनांक 05.12.2024 थाना प्रीत विहार, दिल्ली** में पंजीकृत किया गया है।
**शव का विवरण इस प्रकार है:**
**नामः** अज्ञात, **लिंगः** पुरुष, **उम्रः** 60 वर्ष, **कदः** 5'4", **रंगः** सांवला, **पहनावाः** बहुरंगी धारीदार टी-शर्ट और नीली पैंट।

स्थानीय पुलिस द्वारा मृतक का पता लगाने के लिए गंभीर प्रयास किए गए लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिला। यदि किसी को मृतक के बारे में कोई जानकारी हो तो कृपया नीचे हस्ताक्षरकर्ता को सूचित करें।

थानाध्यक्ष
थाना प्रीत विहार, दिल्ली
फोनः 8750870621, 8368452965
DP/16094/ED/2024
ईमेल : sho-preetvhr@delhipolice.gov.in

**आयुध निर्माणी, रायपुर देहरादून-248008**
(भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय)



आयुध निर्माणी, रायपुर, देहरादून के कर्मचारी श्री राजेश पुत्र श्री हरी सिंह, टोकन संख्या-795 जो कि वर्ष 2011 से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित चल रहे हैं, के सूचनार्थ प्रकाशित किया जा रहा है कि वे इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के अंदर अपनी ड्यूटी पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें। ऐसा न करने की दशा में श्री राजेश कुमार पुत्र श्री हरी सिंह, निवासी बलबीर रोड, देहरादून के खिलाफ नियमानुसार उचित विभागीय कार्यवाही प्रस्तावित है।
मुख्य महाप्रबंधक

**UPSIDA** कार्यालय प्रधान महाप्रबन्धक
**उ.प्र. राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण,**
ए-1/4 लखनपुर, कानपुर

**ई-निविदा सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है, कि विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों के अन्तर्गत विकास/अनुरक्षण/उच्चीकरण कार्यों हेतु सरकारी विभागों/सार्वजनिक उपक्रमों/निगमों/प्राधिकरणों/परिषदों/नगर निकायों में पंजीकृत फर्मों/ठेकेदारों से ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं, जिसको अपलोड करने की समयसीमा निम्नवत् है-

1. क्रम सं. 01 से 02 पर अंकित निविदा दिनांक 10.12.2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से दिनांक 31.12.2024 को अपरान्ह 5:00 बजे तक अपलोड की जा सकती हैं, जिन्हें दिनांक 01.01.2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे खोला जायेगा (पूर्णकालिक)।

निविदादाताओं द्वारा केवल शपथपत्रों की मूल प्रतियाँ निविदा खोलने की तिथि से दो कार्यदिवस के अन्दर कार्यालय में जमा की जा सकेंगी। ई-निविदा के माध्यम से आमंत्रित की जाने वाली निविदाओं का विवरण निम्नवत् है-

| क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की लागत रु. (लाख में) |
|---|---|---|
| 1. | Construction of Proposed Entrance Gate, Security Hut, Public Toilet, Bus Shelter, Fire Station, EV Charging Station (Civil Works) and Integrated Command and Control Center at Kavi Nagar Industrial Area Ghaziabad (U.P.) | Rs. 670.43 |
| 2. | Construction of Entrance Gate Security Hut, Including Beautification 2 Nos, Bus Shelter-1 No., Upgradation of CFC Building 1 No., EV Charging / Smart Vehicle Parking (Civil Works)-1 No., Integrated Command and Control No. Center-1 in UPSIDA Industrial Area At Pratapur and Udyogpuram in Meerut (U.P.) | Rs. 223.65 |

नोटः- निविदादाता अपनी निविदाओं में समस्त कर सहित दरें अंकित करें। जी.एस.टी. अलग से देय होगा।
निविदा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी प्राधिकरण की website: www.onlineupsidc.com पर स्थित ई-लिंक एवं यूपीएलसी की website: http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है। अन्य जानकारी हेतु कार्यालय के प्रबन्धक (सिविल) के मोबाइल नं. 8791905769 पर सम्पर्क किया जा सकता है। प्रधान महाप्रबन्धक
उ.प्र.रा.औ.वि.प्रा., कानपुर

**पहचान के लिए अपील**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति जिसका **नामः अज्ञात, पुत्रः अज्ञात, पताः अज्ञात जोकि दिनांक 06.12.2024 को दोपहर 03:43 बजे मुनक नहर, हैदरपुर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के पास, समयपुर, दिल्ली-110042 में मृत पाया गया।** इस सन्दर्भ में **DD No. 90, दिनांक 06.12.2024,** पुलिस थाना समयपुर बादली, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे अज्ञात मृत व्यक्ति की पहचान दी गई है:
**नामः अज्ञात, उम्रः लगभग 45-55 वर्ष, कदः लगभग 5'9'', चोटः शरीर पूरी तरह से सड़ा हुआ, पहनावाः शरीर पूरी तरह से सड़ा हुआ, पायजामा कुर्ता (ग्रे रंग) पाया गया।**
अगर किसी को इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें।

थाना प्रभारी
पुलिस थाना समयपुर बादली, दिल्ली
DP/16082/ON/2024
फोनः 9462810710

**पूर्वोत्तर आयुर्वेद और लोक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान**
(आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत संस्थान)
**NORTH EASTERN INSTITUTE OF AYURVEDA & FOLK MEDICINE RESEARCH**
(An Autonomous Institute under the Ministry of Ayush, Government of India)

**रिक्ति परिपत्र**
(विज्ञापन सं. 02/2024)

पूर्वोत्तर आयुर्वेद और लोक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, पासीघाट, अरूणाचल प्रदेश, जो आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वशासी संगठन है, 31.03.2024 तक की अवधि के लिए अनुबंध आधार पर **सलाहकार (परियोजना)** की नियुक्ति हेतु भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है।

**आवेदन का तरीका:** पात्र उम्मीदवार एक पासपोर्ट आकार फोटोग्राफ, प्रमाणपत्रों व शंसापत्रों की स्व-सत्यापित प्रतियों के साथ निर्धारित प्रारूप में अपने आवेदन जमा करें। सभी प्रकार से सम्पूरित आवेदन भारतीय डाक या कुरियर के माध्यम से अथवा व्यक्तिगत रूप से 23 दिसम्बर, 2024 (अप. 16:00 बजे) को या उससे पहले नीचे दिए गए पते पर ही भेजे जाएं।

निदेशक,
पूर्वोत्तर आयुर्वेद और लोक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (एनईआईएएफएमआर),
सम्मुख एपीएसटी बस स्टैण्ड, हाई रीजन,
पासीघाट-791102, अरूणाचल प्रदेश

विस्तृत विज्ञापन और आवेदन प्रपत्र को संस्थान की वेबसाइट www.neiafmr.org.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

ह०/- निदेशक
एनईआईएएफएमआर, पासीघाट
सीबीसी 17218/12/0003/2425

## काम की खबरें

**1**

### राष्ट्रीय स्कूल खेल नौ से लेकर 15 दिसंबर तक

68वें राष्ट्रीय स्कूल खेलों की मेजबानी को लेकर शिक्षा निदेशालय ने आदेश जारी किया है। पहला चरण नौ दिसंबर से लेकर 15 दिसंबर तक के बीच आयोजित होगा। 11 अलग-अलग श्रेणी में खेल आयोजित होंगे।

**2**

### मिड टर्म परीक्षा नौ से 20 दिसंबर तक चलेगी

शिक्षा निदेशालय ने राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय शिक्षा संस्थान के परीक्षा के संबंध में सूचना जारी की है। छात्रों की मिड टर्म परीक्षा नौ दिसंबर से शुरू होकर 20 दिसंबर को समाप्त होंगी। प्री बोर्ड परीक्षा अगले वर्ष फरवरी-मार्च में आयोजित होंगी। वहीं, यूनिट टेस्ट जनवरी-फरवरी में होंगे।

**3**

### निगम के हेल्पलाइन पर कॉल कर समस्या बताएं

दिल्ली में डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया की बीमारियों से जुड़ी समस्या को लेकर शिकायत दर्ज कर सकते हैं। इसमें विभिन्न जगहों पर पानी जमा होने, मच्छर के लार्वा को नष्ट करने, मच्छर रोधी दवा का छिड़काव करने आदि को लेकर निगम की हेल्पलाइन नंबर 155305 पर कॉल कर सकते हैं।

**4**

### छात्रवृत्ति के लिए 31 मई तक आवेदन का मौका

शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए एससी/एसटी/ओबीसी श्रेणी के छात्र विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के लिए ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल **https://scstwelfare.delhi.gov.in/** पर 31 मई 2025 तक आवेदन कर सकेंगे। शिक्षा निदेशालय की योजना शाखा ने निर्देश जारी किए हैं।

**5**

### स्कूल में 13 तक थेरेपी सत्र का आयोजन होगा

संसाधन केंद्रों में दिव्यांग और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए 13 दिसंबर तक थेरेपी सत्र का आयोजन किया जाएगा। पहली बार संसाधन केंद्र में जाने वाले बच्चों के साथ विशेष शिक्षा शिक्षक मौजूद रहेंगे। इस संबंध में शिक्षा निदेशालय की समावेशी शिक्षा शाखा ने सर्कुलर जारी किया।

## आज का मौसम

24.0° अधिकतम | 08.0° न्यूनतम

सूर्योदय : 06:59। सूर्यास्त : 17:24

**अनुमान**

मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली में हल्की बारिश के आसार हैं।

## शहर 30S



दिल्ली के फिरोजशाह कोटला में शनिवार को हेरिटेज वॉक शुरू हुई। इस दौरान ऐतिहासिक इमारतों की तस्वीर के साथ पर्यटक। • संचित खन्ना

### दिल्ली में हेरिटेज वॉक की शुरुआत

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम लोगों को ऐतिहासिक स्थलों और सांस्कृतिक विरासत से रूबरू कराएगा। इसके तहत प्रत्येक महीने के पहले और तीसरे शनिवार को हेरिटेज वॉक आयोजित होगी। शनिवार को फिरोजशाह कोटला से हेरिटेज वॉक की शुरुआत हुई। उद्घाटन के मौके पर निगम आयुक्त अश्विनी कुमार सहित कई दूसरे अधिकारी मौजूद रहे। बिना पंजीकरण के वॉक में लोग शामिल हो सकेंगे। वॉक के दौरान प्रतिभागी प्रतिष्ठित स्थलों की ऐतिहासिक प्रासंगिकता के बारे में जानेंगे। साथ ही एक गाइड भी उपलब्ध रहेगा।

### पानी और पर्यावरण पर कॉन्क्लेव का आयोजन

नई दिल्ली। नई दिल्ली। केंद्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा ने गुरुवार को नई दिल्ली में वाटर ट्रांसवर्सेलिटी ग्लोबल अवॉर्ड्स एंड कॉन्क्लेव की शुरुआत की। कार्यक्रम का आयोजन भारत सरकार के विद्युत, जल शक्ति, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय और एशिया-प्रशांत क्षेत्र के लिए संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक आयोग के दक्षिण और दक्षिण-पश्चिम एशिया कार्यालय के समर्थन से इंडिया वाटर फाउंडेशन ने किया था। फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. अरविंद कुमार ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि यह सम्मेलन एक जटिल पहेली का संभावित उत्तर है, जहां पानी, ऊर्जा, पर्यावरण और स्वास्थ्य केवल इसका हिस्सा नहीं हैं, बल्कि संपूर्ण ढांचा ही उस पर है।

बार-बार खराब होने से रोगियों को लंबी तारीख दी जा रहीं

# अस्पतालों में पुरानी मशीनें बाधा बन रहीं

**समस्या**

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। राजधानी दिल्ली के अस्पतालों में पुरानी हो चुकी मशीनें लोगों की जांच और इलाज में बाधा बन रही हैं। कई अस्पतालों 10 से 18 साल पुरानी जांच मशीनों के सहारे काम चलाया जा रहा है। नतीजतन, मशीनें खराब होती हैं और जल्द मरम्मत भी नहीं हो पाती। इसका असर लोगों के इलाज पर पड़ रहा है।

दिल्ली सरकार के दिल्ली राज्य कैंसर संस्थान में कई जांच मशीनें खराब होने से मरीज परेशान हैं। कई मरीजों ने शिकायती पत्र लिखकर अस्पताल प्रशासन को अपनी समस्याओं से अवगत कराया है। इसके बावजूद अभी तक कोई हल नहीं निकल सका है। मरीजों के लिए अस्पताल में मौजूद सीटी स्कैन, कोलनस्कोपी की मशीन खराब है। मरीजों के कैंसर ट्यूमर पर सटीक रेडियेशन देने में इस्तेमाल होने वाली लिनियर एक्सेलरेटर मशीन भी ठीक नहीं है। यह मशीन करीब 16 साल पुरानी है।

इसके अलावा एक्सरे मशीन भी खराब है। इसलिए पोर्टेबल मशीन का इस्तेमाल हो रहा है। स्तन कैंसर की जांच करने वाली मैमोग्राफी की मशीन भी काम नहीं कर रही है। बायोप्सी गन खराब होने से मरीज बाहर भेजे जा रहे हैं। ब्लड बैंक स्टोरेज नहीं होने से तीमारदारों को जीटीबी अस्पताल जाकर खून दान करना पड़ता है।

**जांच नहीं हो पाती :** दिल्ली राज्य कैंसर अस्पताल में कई मशीनें 10 साल से अधिक पुरानी हो चुकी हैं, जिन्हें बदलने की जरूरत है। कुछ मशीनें तो 15 साल पुरानी हैं, जो अक्सर खराब हो रहती हैं और इससे मरीजों की जांच नहीं हो पाती।

### इनके बदलाव का प्रस्ताव दिया गया

**10** साल पुरानी मशीनें कैंसर अस्पताल में हैं



| मशीन | इतनी पुरानी |
|---|---|
| लीनियर एक्सीलेटर | 17 साल |
| फोटोन बीम एक्सीलेरेटर | 11 साल |
| रेडिएशन फील्ड एनालाइजर | 18 साल |
| एक्सरे एक्सियम | 10 साल |
| अल्ट्रासाउंड | 13 साल |
| सीटी स्कैन समोटोम | 10 साल |
| मेमोग्राफी ( मेमोमॉट इंस्पिरेशन) | 12 साल |
| 256 स्लाइड सीटी स्कैन वाइड | 10 साल |

#### सीटी स्कैन में दिक्कत

लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल में सीटी स्कैन की मशीन अक्सर खराब रहती है। मरीजों को जांच के लिए जीबी पंत रेफर क्या जाता है। अस्पताल के रेडियोलॉजी विभाग के प्रमुख ने कुछ दिन पहले पत्र लिखा है था कि सीटी मशीन का एक उपकरण खराब है। इसे ठीक करने वाले वेंडर ने पिछले दो साल से उसका भुगतान न करने की बात कहकर मशीन ठीक करने से मना कर दिया था।

#### ऑपरेशन थियेटर बंद

दिल्ली सरकार के अस्पतालों में कुल 235 ऑपरेशन थियेटर हैं। कुछ माह पहले हाईकोर्ट को दी गई समिति की रिपोर्ट में बताया गया कि 173 ही चालू हैं, जबकि अन्य 62 बंद हैं। दिल्ली सरकार के नौ अस्पतालों में तो आईसीयू ही नहीं हैं, जिसकी वजह से इनमें ऑपरेशन नहीं होते हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह डॉक्टरों की और स्टाफ की कमी है।

# प्रोस्पेक्टस खरीदने का दबाव बना रहे

**नर्सरी दाखिला**

नई दिल्ली, कार्यालय संवाददाता। शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए दिल्ली के निजी स्कूलों में नर्सरी से पहली कक्षा की सामान्य सीटों पर दाखिला आवेदन प्रक्रिया जारी है। प्रवेश के लिए पंजीकरण शुल्क 25 रुपये है, लेकिन स्कूल से फीस संबंधित जानकारी मांगने पर अभिभावकों को प्रोस्पेक्टस खरीदने का परामर्श दिया जा रहा है। एक तरीके से यह अप्रत्यक्ष रूप से प्रोस्पेक्टस खरीदने का दबाव है।

कई स्कूलों ने दाखिले को लेकर फीस संरचना की जानकारी को वेबसाइट से हटा दिया है और उचित समय पर अधिसूचित करने की सूचना दे रखी है। इस कारण अभिभावकों को स्कूल फीस की सूचना भी नहीं मिल पा रही है। अभिभावक राहुल उनियाल ने बताया कि वह अपने बच्चे के लिए एक नामी स्कूल में दाखिला पंजीकरण को लेकर जानकारी लेने गए थे। स्कूल ने 25 रुपये लेकर पंजीकरण फॉर्म दे दिया, मगर जब स्कूल से पूछा कि वार्षिक फीस कितनी है तो स्कूल की तरफ से प्रोस्पेक्टस खरीदने का परामर्श दिया गया। यह एक तरह से अप्रत्यक्ष तौर पर प्रोस्पेक्टस खरीद के लिए दबाव बनाना था। स्कूल का कहना था कि दाखिला, फीस और स्कूल संबंधित पूरी जानकारी उसमें उपलब्ध है।

**25 रुपये से अधिक शुल्क नहीं:** शिक्षा निदेशालय के स्पष्ट निर्देश हैं कि स्कूल दाखिला आवेदन के लिए अभिभावकों से 25 रुपये से अधिक पंजीकरण शुल्क नहीं ले सकते हैं। प्रोस्पेक्टस के लिए दबाव नहीं बना सकते। यह वैकल्पिक है।

#### यहां कर सकते हैं शिकायत

दाखिला संबंधित परेशानी को लेकर अभिभावक ऑनलाइन भी अपनी शिकायत कर सकते हैं। शिक्षा निदेशालय की वेबसाइट **www.edudel.nic.in** पर शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली के तहत आने वाली शिकायतों का निवारण किया जाएगा। एडमिशन नर्सरी डॉट .कॉम के संस्थापक सुमित वोहरा ने बताया कि उन्हें भी इस तरह के मामले अभिभावकों की तरफ से प्राप्त हुए हैं, जिसमें अभिभावकों पर प्रोस्पेक्टस खरीद के लिए दबाव बनाया जा रहा है, जो कि पूरी तरह से गलत है।

#### वैकल्पिक है व्यवस्था

मयूर विहार फेज-3 स्थित विद्या बाल भवन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. सतवीर शर्मा ने कहा कि प्रोस्पेक्टस की खरीद वैकल्पिक है। अभिभावक अपनी इच्छा से उसको खरीद सकते हैं। स्कूल उसे खरीदने के लिए दबाव नहीं डाल सकते हैं। अगर कोई फीस को लेकर सूचना मांगता है तो मौखिक जानकारी भी उपलब्ध करा दी जाती है। दाखिला आवेदन के लिए अभिभावक 20 दिसंबर तक आवेदन कर सकते है। चयनित उम्मीदवारों की पहली सूची जनवरी में आएगी।

# ‘भारत के भविष्य के लिए राजनीति से जुड़ें छात्र’



सीएम आतिशी सेंट स्टीफंस में छात्रों से रुबरु हुईं

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। अगर शिक्षित और अच्छे लोग राजनीति से दूर रहते हैं तो वे सबसे बुरे लोगों को हमारे जीवन के सबसे महत्वपूर्ण फैसले करने का मौका देते हैं। यह बात सेंट स्टीफंस कॉलेज के स्थापना दिवस समारोह में दिल्ली की मुख्यमंत्री अतिशी ने छात्रों से कही।

आतिशी ने कहा कि यह मेरे लिए एक सम्मान और सौभाग्य की बात है कि मैं सेंट स्टीफंस कॉलेज के स्थापना दिवस पर यहां हूं। एक ऐसा संस्थान जिसने मुझे यहां तक पहुंचाया है। यह दो दशक पहले की बात है जब मैं यहां की छात्रा थी।

मुख्यमंत्री ने बताया कि जब वे कॉलेज में थीं, तो राजनीति में जाने का कोई स्पष्ट रास्ता नहीं था। अगर मुझे सेंट स्टीफंस में पढ़ाना था, तो मुझे अपना बैचलर्स, मास्टर्स और शायद विदेश से डिग्री लानी पड़ती। अगर मुझे ब्यूरोक्रेट बनना था तो मुझे परीक्षा की तैयारी करनी पड़ती। लेकिन राजनीति में कैसे प्रवेश करें, इसका कोई मार्गदर्शन नहीं था। मुख्यमंत्री ने युवाओं से अपील की कि वे राजनीति में भाग लें, क्योंकि केवल तभी वास्तविक बदलाव संभव है।

उन्होंने लोकतंत्र की तुलना बाजार से करते हुए कहा कि नागरिकों की सक्रियता से ही नेताओं को जवाबदेह ठहराया जा सकता है। अगर लोग घर, बेहतर शिक्षा और अवसरों की मांग करेंगे, तभी नेता इन्हें पूरा करेंगे। अगर हम इस प्रक्रिया से बाहर रहते हैं तो हमें दूसरों के हाथों में अपने फैसले छोड़ने होंगे।

**आदिवासी लेखक सम्मेलन में प्रस्तुत की गई रचनाएं :** साहित्य अकादमी द्वारा आयोजित पुस्तकायन पुस्तक मेले के दूसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ दो कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। पहला साहित्यिक कार्यक्रम आदिवासी लेखक सम्मेलन एवं दूसरा गीत संध्या का था।















■ गाजियाबाद के टीला मोड़ थानाक्षेत्र में 22 जून को मिला था युवक का शव ■ रुपये कमाने के लालच में वारदात को अंजाम दिया

# तांत्रिक क्रिया के लिए सिर काटने वाले गिरफ्तार

**शिकंजा**

**गाजियाबाद, वरिष्ठ संवाददाता।** तांत्रिक क्रिया के लिए युवक की हत्या कर सिर काटने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से खोपड़ी भी बरामद कर ली गई। इस मामले में दो आरोपी पहले पकड़े जा चुके हैं।

टीला मोड़ थानाक्षेत्र में 22 जून 2024 को सिर कटा शव मिला था। पुलिस ने 15 अगस्त को दिल्ली के ताहिरपुर निवासी विकास उर्फ मोटा और बिहार के मोतिहारी निवासी धनंजय को गिरफ्तार कर मामले का पर्दाफाश किया था। मृतक की पहचान बिहार के मोतिहारी निवासी राजू के रूप में हुई थी। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि तंत्र मंत्र के चक्कर में युवक की हत्या की गई। एसीपी शालीमार गार्डन सलोनी अग्रवाल ने बताया कि पवन और पंकज तंत्र-मंत्र के जानकार होने का दावा करता था।

पवन ने दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में लिफ्ट ऑपरेटर दोस्त नरेंद्र से कहा था कि इंसान की खोपड़ी के साथ तंत्र-मंत्र करने पर मोटी कमाई कर सकते हैं। नरेंद्र ने ई-रिक्शा चालक विकास उर्फ परमात्मा को विश्वास में लेकर यह बात बताई। वह विकास के ही ई-रिक्शा में अक्सर आता-जाता था। परमात्मा ने ऑटो चलाने वाले विकास उर्फ मोटा को बताया और उसने अपने साथ रहने वाले धनंजय को बताया। उसने दोनों को खोपड़ी के बदले पांच लाख रुपये देने की बात कही। धनंजय और राजू दिल्ली में आसपास पकौड़ी की दुकान लगाते थे, जिस कारण दोनों दोस्त थे। राजू के नशे की लत का फायदा उठाकर धनंजय और मोटा ने उसे अपने कमरे पर पांच दिन तक शराब पिलाई और गला दबाकर हत्या कर दी। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटील ने बताया कि शनिवार को विकास उर्फ परमात्मा, नरेंद्र उर्फ एनडी और पवन और उसके भाई पंकज कुमार को गिरफ्तार किया। विकास की गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।



गाजियाबाद पुलिस की गिरफ्त में युवक की हत्या करने वाले आरोपी। ● हिन्दुस्तान

### एक सुराग मिलने से ऐसे खुला था हत्या का केस

मोटा ऑटो में 21 जून की रात को राजू का शव लेकर धनंजय के साथ निकला। पंचशील कॉलोनी के पास ऑटो रोककर शव की गर्दन अलग कर बाल्टी में रखी और शव सड़क किनारे फेंक दिया। पुलिस को सुराग के नाम पर ऑटो की फुटेज मिली थी। फुटेज में पीछे त्रिकोण आकार में रिफ्लेक्टर दिखा था। पुलिस ने ऑटो की तलाश की और फिर मोटा और धनंजय को गिरफ्तार किया था।

### यूट्यूब पर वीडियो देख शुरू किया तंत्र-मंत्र

पुलिस को पंकज ने खोपड़ी फेंकने की जगह बताई तो इसे बरामद कर लिया। इसके साथ बंदर की भी खोपड़ी मिली। पुलिस राजू के डीएनए सैंपल से खोपड़ी का मिलान कराएगी। पवन ने पुलिस को बताया कि उसने यूट्यूब पर तंत्र मंत्र के वीडियो में खोपड़ी के साथ एक क्रिया करने पर 50-60 करोड़ कमाने के बारे में देखा। इसके बाद उसने यह साजिश रची थी।

### खोपड़ी टूटने की बात कहकर पांच लाख रुपये नहीं दिए

धनंजय ने पांच लाख के लालच में दोस्त राजू की हत्या की। चाकू से आंख, नाक और कान निकालकर छिलने के बाद परमात्मा को दी थी। परमात्मा ने खोपड़ी टूटी होने की बात कहकर रकम नहीं दी थी। डीसीपी ने बताया कि खोपड़ी को लाल रंग से रंगकर पवन और पंकज ने तंत्र-मंत्र किया था। पवन को पकड़ते ही उसके भाई पंकज ने राजू की खोपड़ी पत्थर बांधकर मजलिस पार्क मेट्रो स्टेशन के पास नाले में फेंक दिया था।

# लाभार्थी किसानों की सूची तैयार करने के निर्देश




**ग्रेटर नोएडा, कार्यालय संवाददाता।** किसान आंदोलन के बीच शनिवार को प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार ने नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना प्राधिकरण, पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। मुख्य सचिव ने कहा कि तीनों प्राधिकरण किसानों की सूची तैयार कर उनको मिलने वाले लाभ बिना विलंब के देना सुनिश्चित करें। किसानों के कार्यों को लटकाने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सभागार में आयोजित बैठक में मुख्य सचिव ने किसानों की मांगों के निस्तारण के लिए बनी उच्चस्तरीय समिति की सिफारिशों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि किसानों की पात्रता निर्धारण, 64.7 फीसदी अतिरिक्त मुआवजा और लीजबैक के प्रकरणों को प्राथमिकता पर हल करने के लिए गांवों में शिविर लगाए जाएं। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत तीनों प्राधिकरण भूमिहीन किसानों की पात्रता निर्धारित कर वेंडिग जोन में जगह आवंटित करें। किसानों के कामों में अवरोध उत्पन्न करने वाले कर्मचारियों को चिह्नित कर उनकी सूची प्रदान करें। ऐसे प्राधिकरणकर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ऐसे कर्मचारियों का प्राधिकरणों से स्थानांतरण करने की चेतावनी दी।

**मुकदमे की जांच शुरू :** दलित प्रेरणा स्थल पर धरना दे रहे 112 नामजद किसानों के खिलाफ थाना फेज वन में दर्ज मुकदमे में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### 50 से अधिक किसानों को हिरासत में लेकर छोड़ा

किसान शनिवार को फिर गिरफ्तारी देने पहुंचे। पुलिस ने ग्रेटर नोएडा के परी चौक के समीप से 50 से अधिक किसानों को हिरासत में लिया। इसके बाद देर शाम को सभी को छोड़ दिया गया। भारतीय किसान परिषद, अखिल भारतीय किसान संगठन और एनटीपीसी संगठन से जुड़े तमाम किसान शनिवार को गिरफ्तारी देने पहुंचे थे।

### संयुक्त किसान मोर्चा से जुड़े संगठन फिर साथ आए

पिछले 13 दिनों से जारी किसान आंदोलन के दौरान संयुक्त किसान मोर्चा में फूट की खबरें सामने आने पर विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने शनिवार को अट्टा गुजरान गांव में आपातकालीन बैठक की। भाकियू टिकैत समेत विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी शामिल हुए। इसके जरिए संदेश दिया गया कि मोर्चा पहले की तरह आज भी एकजुट है।

# पूर्व जज को बेहोश कर घर खंगाला

**फरीदाबाद।** सेक्टर-21बी में पत्नी के साथ रह रहे एक सेवानिवृत्त जज को शुक्रवार रात घरेलू सहायक ने खाने में जहरीला पदार्थ मिलाकर बेहोश कर दिया। घर से जेवरात और नगदी लेकर फरार हो गया। सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी उठा ले गया।

पुलिस के मुताबिक वीरेंद्र प्रसाद पत्नी बीना शर्मा के साथ सेक्टर-21बी में रहते हैं। वह 30 नवंबर को सत्र न्यायाधीश के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। उन्होंने नेपाल के राजू थापा को एजेंसी के जरिए घरेलू सहायक के तौर पर रखा था। उसने खाने में जहरीला पदार्थ खाने में मिलाकर खिला दिया।

# स्कूल से छात्रा के अपहरण की कोशिश

**दुस्साहस**

**ट्रांस हिंडन, वरिष्ठ संवाददाता।** इंदिरापुरम क्षेत्र के स्कूल से नर्सरी में पढ़ रही छात्रा को अगवा करने का प्रयास किया गया। बच्ची ने पहचानने से मना किया तो बदमाश फरार हो गया।

29 नवंबर की घटना में स्कूल प्रबंधन के इनकार करने पर पीड़ित ने पुलिस को शिकायत दी, लेकिन इस पर ध्यान नहीं दिया गया। सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री को शिकायत करने पर शुक्रवार शाम रिपोर्ट दर्ज की गई। पुलिस बदमाश की तलश में जुटी है। देवरिया में भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष रहे भाजपा नेता जून 2024 में बच्चियों की पढ़ाई के लिए यहां शिफ्ट हुए हैं। उन्होंने बताया कि न्यायखंड-एक के वेदांतम ग्लोबल स्कूल में आठ वर्षीय बड़ी बेटी दूसरी कक्षा और छह वर्षीय बेटी नर्सरी में पढ़ती है। 29 नवंबर को स्कूल से फोन आया कि कोई छोटी बच्ची को लेने आया है। वह खुद को बच्ची का चाचा अजय बता रहा है। उन्होंने अजय को रोकने के लिए कहा, लेकिन स्कूल पहुंचे तो बताया गया कि वह चला गया।

### बाइक से आया था बदमाश

बदमाश काले रंग की बाइक से आया था। स्कूल में आते ही उसने बच्ची का नाम बताकर उसे बुलाने के लिए कहा। उसने स्कूल स्टाफ को खुद को बच्ची का चाचा बताया। वह कार्ड के बारे में पूछती हैं तो कहता है कि बच्ची पहचान लेगी। तुरंत फोन निकालकर कहता है कि लो बात करा देता हूं।

### घटना से डरे अभिभावक

पीड़ित का कहना है कि वह कुछ ही दिन से यहां रह रहे हैं। ऐसे में बच्ची के अपहरण के प्रयास से अभिभावक डरे हुए हैं। स्कूल प्रबंधन और पुलिस के व्यवहार से उनकी चिंता और बढ़ गई। इसीलिए दोनों बच्चियों को रोजाना वह खुद छोड़ने जाते हैं। अब रिपोर्ट दर्ज होने के बाद कुछ उम्मीद जगी है।

# नमो भारत के स्टेशनों की पार्किंग में फूड कोर्ट बनेंगे

**गाजियाबाद, वरिष्ठ संवाददाता।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर (नमो भारत) के स्टेशनों की पार्किंग स्थल पर आउटलेट, फूड कोर्ट और कार्यालय आदि बनाने का निर्णय लिया है। इसके लिए एनसीआरटीसी ने निविदा मांगी है। फिलहाल यह सुविधा छह स्टेशनों पर मिलेगी।

एनसीआरटीसी के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पुनीत वत्स ने बताया कि इस पहल से पार्किंग स्थलों को आउटलेट, फूड कोर्ट, कार्यालय, सर्विस अपार्टमेंट और स्टूडियो अपार्टमेंट सहित कई प्रकार की व्यावसायिक सुविधाओं के साथ बढ़ाया जा सकता है। इनसे यात्रियों की जरूरतों को पूरा किया जाएगा। एनसीआरटीसी ने छह स्टेशनों पर एकीकृत पार्किंग और वाणिज्यिक स्थानों को पट्टे पर देने और विकसित करने के लिए टेंडर निकाला है। फिलहाल यह सुविधाएं गुलधर, दुहाई, मुरादनगर, मोदीनगर दक्षिण, मोदीनगर उत्तर और मेरठ दक्षिण पर दी जाएगी। आरआरटीएस स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा के लिए बड़े पार्किंग स्थल तैयार किए गए हैं।

# गुरुग्राम में नई औद्योगिक टाउनशिप विकसित होगी

**गुरुग्राम, प्रमुख संवाददाता।** हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं बुनियादी ढांचा विकास निगम (एचएसआईआईडीसी) ने तीन हजार एकड़ में गुरुग्राम में नई औद्योगिक मॉडल टाउनशिप (आईएमटी) बनाने की योजना तैयार की है। नई आईएमटी पचगांव चौक के पास बनाई जाएगी।

एचएसआईआईडीसी नए साल से टाउनशिप विकसित करने की प्रक्रिया शुरू करेगा। पचगांच चौक के पास तीन हजार एकड़ जमीन है। यहां पर उद्योगों के लिए अगल-अलग साइज के प्लॉट विकसित होंगे। उसके लिए योजना तैयार हो गई है। खर्च का आकलन करने के बाद योजना सरकार के पास भेजी जाएगा। अनुमति मिलने के बाद नए उद्योग लगाने के लिए प्लॉट की नीलामी की प्रक्रिया शुरू होगी।

एचएसआईआईडीसी हर जिले में उद्योगों के लिए अलग से औद्योगिक मॉडल टाउनशिप बनाता है। टाउनशिप में उद्योगों के प्लॉट होते हैं, जहां पर उद्योगपति अपने रोजगार को बढ़ाने के लिए नए उद्योगों को लगाता है। गुरुग्राम जिले में यह चौथी टाउनशिप होगी। इससे पहले उद्योग विहार, मानेसर और सोहना में टाउनशिप बन चुकी है।

## एनसीआर 30s

### श्रमिकों को एक हजार भत्ता मिलेगा

**लखनऊ/नोएडा।** प्रदेश सरकार राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) वाले जिलों के श्रमिकों को एक हजार रुपये प्रति सप्ताह पोषण भत्ता देगी। तकरीबन पांच लाख पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को यह राशि उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के माध्यम से दी जाएगी। इस पर 200 करोड़ खर्च किए जाएंगे। 18 नवंबर तक पंजीकृत श्रमिकों को यह भत्ता चार सप्ताह का दिया जाएगा। पहले दो सप्ताह के भत्ते श्रमिकों के खातों में भेजे जा रहे हैं।

### गुरुग्राम में 31 के बाद डीजल ऑटो नहीं चलेंगे

**गुरुग्राम।** जिले में प्रदूषित हवा से राहत दिलाने के लिए 31 दिसंबर के बाद डीजल ऑटो के संचालन पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। नए साल से गुरुग्राम में सिर्फ सीएनजी और इलेक्ट्रिक ऑटो चलाने की अनुमति होगी। फिलहाल जिले में 1015 डीजल के ऑटो का संचालन ज्यादातर सवारियों को बैठाने के लिए हो रहा है। अब डीजल के ऑटो पर कार्रवाई करते हुए सभी ऑटो जब्त किया जाएगा, ताकि वह संचालन नहीं हो सके।

### गैंगस्टर की सवा चार करोड़ की संपत्ति कुर्क

**गाजियाबाद।** मधुबन बापूधाम पुलिस ने गैंगस्टर लोकेश कुमार उर्फ लोकेश राजपूत की 4.25 करोड़ की संपत्ति शनिवार को कुर्क कर ली। पुलिस के मुताबिक लोकेश ने गिरोह बनाकर सात साल में धोखाधड़ी और आपराधिक षडयंत्र कर करोड़ों रुपये की चल-अचल संपत्ति अर्जित की थी। वर्तमान में डासना जेल में बंद लोकेश पर विभिन्न थानों में 16 मुकदमे दर्ज हैं। गैंगस्टर लोकेश राजनगर एक्सटेंशन की क्लासिक रेजीडेंसी सोसाइटी का रहने वाला है।



फरीदाबाद में दिल्ली-आगरा हाईवे पर शनिवार को जाम में फंसे वाहन। ● हिन्दुस्तान

### दिल्ली-आगरा हाईवे पर चालक जाम से जूझे

**फरीदाबाद।** दिल्ली-आगरा हाईवे के सराय ख्वाजा के पास शनिवार को दिनभर वाहन चालक परेशान रहे। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से चलाए गए मरम्मत और सफाई कार्य के चलते उन्हें घंटों जाम में फंसना पड़ा। आलम यह रहा कि कामकाजी व्यक्ति, स्कूली छात्र समेत एंबुलेंस में मरीज और तीमारदार परेशान रहे। आरोप है कि जाम से राहत दिलाने के लिए पुलिस की व्यवस्था नहीं थी।

### कंपनी फर्जी फर्मों से कारोबार करती मिली

**नोएडा।** राज्य जीएसटी विभाग गौतमबुद्ध नगर ने नोएडा में चार नवंबर को ड्रोन निर्माण और बेचने वाली कंपनी पर छापा मारा। जांच में कंपनी फर्जी फर्मों से कारोबार करते पकड़ी गई। विभाग के अनुसार कंपनी ने 2.77 करोड़ की खरीद फर्जी फर्मों से दिखाकर इनपुट टैक्स क्रेडिट की चोरी की है। कंपनी की जांच जारी है। अपर आयुक्त ग्रेड टू विशेष अनुसंधान शाखा राज्यकर विवेक आर्य ने बताया कि कंपनी ने खरीद ऐसी फर्म से दिखाई है, जो कागजों पर चल रही हैं।

### एनसीआर के 40 लोग कसीनो खेलते पकड़े

**गुरुग्राम।** गांव कादरपुर में फार्म हाउस में कसिनो टेबल पर क्वाइन के माध्यम से बेट लागकर जुआ खिलाने का अपराध शाखा सेक्टर-31 की टीम ने भंडाफोड़ किया है। टीम ने मौके से जुआ खिलाने और खेलने वाले 40 लोगों को गिरफ्तार कर दो कसीनो टेबल, 3180 टोकन और छह पैकेट ताश के बरामद किए हैं। उनके खिलाफ सेक्टर-65 थाने में मामला दर्ज करवाया गया।

### फरीदाबाद में ई-बसों का चार्जिंग स्टेशन बनेगा

**फरीदाबाद।** सेक्टर-61 में इलेक्ट्रिक बसों के लिए चार्जिंग स्टेशन बनाने का काम जल्द शुरू किया जाएगा। फरीदाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड की ओर से इसके टेंडर कर दिए गए है। विभाग की ओर से 15 दिन में टेंडर खुलने के बाद कार्य को रफ्तार दी जाएगी। स्टेशन को छह माह में बनाने का लक्ष्य रखा गया है। दूसरी तरफ एफएमडीए को बस डिपो बनाने के लिए जमीन का इंतजार है।

## अपना देश

पीएलएफआई का एरिया कमांडर था मारा गया मोटा टाइगर, चार और उग्रवादियों के मारे जाने की चर्चा

# जमशेदपुर में ग्रामीणों ने उग्रवादी समेत दो को घेर कर मार डाला

**आतंक का अंत**

**चक्रधरपुर (जमशेदपुर) संवाददाता** पश्चिमी सिंहभूम के नक्सल प्रभावित गुदड़ी में उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के आतंक से तंग आकर ग्रामीणों ने संगठन के एरिया कमांडर समेत दो उग्रवादियों का सेंदरा (समूह द्वारा हत्या) कर दिया।

एरिया कमांडर मोटा टाइगर पर क्षेत्र के दो लोगों की पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप है। ग्रामीणों ने शुक्रवार को गुदड़ी के सुदूरवर्ती टोमडेल पंचायत के कोमाय जंगल में घटना को अंजाम दिया है। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो कई और उग्रवादियों को ग्रामीणों ने मौत का घाट उतार दिया है। हालांकि आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए चार थानों की पुलिस छानबीन में जुट गई है, हालांकि सूत्रों की मानें तो पुलिस घटनास्थल से एक किमी दूर पूरी गतिविधि पर नजर बनायी हुई है।

**लोढ़ाई में हुई बैठक में बनी रणनीति :** सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक जिले के गुदड़ी, सोनुवा, गोईलकेरा और आनंदपुर थाना क्षेत्र में पिछले दिनों में घटनाओं में लगातार वृद्धि हुई थी। उग्रवादी संगठनों के द्वारा हत्या समेत अन्य घटनाओं को अंजाम देने से ग्रामीण परेशान हो गये थे। उग्रवादियों पर लगाम लगाने के लिए ग्रामीणों ने आपस में बैठक बुलाई थी।

### कोमाय जंगल की ओर जाने पर रोक

इस घटना के बाद शनिवार सुबह सोनुवा, आनंदपुर, गोईलकेरा और गुदड़ी थानों की पुलिस मामले की जांच करने को पहुंची। पुलिस ने कोमाय जंगल की ओर जाने वाले मार्ग जवानों को लगा दिया है। लोगों को जाने से रोका जा रहा है। पूरे मामले की घटना पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को दी गई है, पर कोई भी इस मामले में कुछ भी कहने से बच रहा है।

**दो दिनों से हाट बंद:** ग्रामीणों की मानें तो पीएलएफआई के उग्रवादियों के आतंक के चलते दो दिनों से सप्ताहिक हाट बंद थी।




**05** अन्य पीएलएफआई उग्रवादियों के भी मारे जाने की चर्चा

**30** गांव के लोगों ने घेराबंदी कर कोमाय जंगल में घटना को दिया अंजाम

- उग्रवादी संगठन के बढ़ते आतंक से तंग ग्रामीणों ने दिया घटना को अंजाम
- दो लोगों को पीटकर मारने का आरोपी था एरिया कमांडर मोटा टाइगर
- सोनुवा, आनंदपुर, गोईलकेरा और गुदड़ी थानों की पुलिस छानबीन में जुटी

“ बीते दिनों पीएलएफआई उग्रवादियों के द्वारा ही ग्रामीण की हत्या की गई थी। दोबारा उग्रवादी गांव में आए थे, तब ग्रामीणों के द्वारा ही घटना को अंजाम दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

– मनोज रतन चोथे, डीआईजी चाईबासा

# 45 पंचायतों को राष्ट्रीय पुरस्कार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए 11 दिसंबर को 45 पंचायतों को राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार दिए जाएंगे। इसमें से 17 पंचायतों का नेतृत्व महिलाएं कर रही हैं। पुरस्कार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा प्रदान किया जाएगा।

पंचायती राज मंत्रालय के अनुसार, ये पुरस्कार गरीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य, बाल कल्याण, जल पर्याप्तता, स्वच्छता, बुनियादी ढांचे के विकास, सामाजिक न्याय, महिला सशक्तीकरण और जलवायु स्थिरता जैसे प्रमुख क्षेत्रों में उपलब्धियों को मान्यता देते हैं।

# तलाशी में हथियारों का जखीरा मिला

**पटना।** एसटीएफ की विशेष टीम ने औरंगाबाद जिले के मदनपुर थाना के पंचरुखिया जंगल में सघन ऑपरेशन के दौरान शिकारी कुआं पहाड़ी से हथियारों का जखीरा बरामद किया।

इसमें इंसास रायफल की 99 गोली, 25 डेटोनेटर, एके-47 की 1 मैगजीन, 1 वॉकी-टॉकी, लेवी मांगने की माओवादियों की रसीद और माओवादी का लेटरपैड शामिल है।

## देश 30s

### सांसद पप्पू यादव को मिली धमकी

**रांची।** पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव को मयंक सिंह के सोशल मीडिया अकाउंट से शुक्रवार को धमकी दी गई। इसमें कहा है कि लॉरेंस भाई से सार्वजनिक रूप से माफी मांग कर अपनी गलती सुधार लें, अन्यथा अंजाम भुगताने को तैयार रहें। मयंक सिंह झारखंड का कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू का गुर्गा है। धमकी भरे पोस्ट के बाद झारखंड एटीएस और बिहार पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गई है।

### आरबीआई गवर्नर ने वित्त मंत्री से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शनिवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की। यह मुलाकात मौजूदा आरबीआई गवर्नर के विस्तारित कार्यकाल के समाप्त होने से ठीक पहले हुई है। दास का तीन साल का विस्तारित कार्यकाल 10 दिसंबर को समाप्त हो रहा है। वर्ष 2021 में, सरकार ने उनके कार्यकाल के समाप्त होने से एक महीने पहले उनके कार्यकाल को तीन साल के विस्तार की घोषणा की थी।

### पुष्पा-2 की स्क्रीनिंग दौरान घायल बच्चा होश में नहीं

**हैदराबाद।** फिल्म पुष्पा 2 द रूल के प्रीमियर शो के दौरान दम घुटने से बेहोश हुए आठ वर्षीय बच्चे की हालत अब भी नाजुक बनी हुई है, लेकिन डॉक्टरों के अनुसार कुछ पहलुओं में सुधार के संकेत मिल रहे हैं। इस हादसे में बुधवार रात भीड़ के दबाव से बच्चे की 35 वर्षीय मां की दम घुटने से मौत हो गई थी। डॉक्टरों ने बताया कि बच्चे की वेंटिलेटरी सपोर्ट जरूरत कम हो रही है।

### पोर्श कार से कई मोटरसाइकिल को टक्कर मारी

**मुंबई।** मुंबई के बांद्रा इलाके में कथित तौर पर 19 वर्षीय लड़के ने तेज रफ्तार पोर्श कार से शनिवार तड़के फुटपाथ के पास खड़ी कई मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। एक अधिकारी ने कहा कि पुलिस ने 19 वर्षीय ध्रुव गुप्ता के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने का मामला दर्ज किया है।

# मणिपुर में जवानों ने बरामद किया हथियारों का जखीरा

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर के थाउबल जिले में सुरक्षा बलों ने हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा जब्त किया। पुलिस ने शनिवार को एक बयान में यह जानकारी दी।

यह कार्रवाई शुक्रवार को पेची चिंगलाक के तलहटी वाले इलाके में तलाशी अभियान के दौरान की गई। जब्त किए गए हथियारों और गोला-बारूद में एक एसएमजी कार्बाइन, मैगजीन, तीन हथगोले, चार कारतूस, एक संगीन और एक रेडियो सेट शामिल हैं। पिछले वर्ष मई से इंफाल घाटी स्थित मेइती और समीपवर्ती पहाड़ियों पर स्थित कुकी-जो समुदायों के बीच हिंसा में 250 से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हुए हैं।

**मणिपुर में रैली का ऐलान:** इम्फाल घाटी स्थित पांच प्रमुख नागरिक संगठनों ने एएफएसपीए को हटाने और राज्य में शांति बहाली की मांग को लेकर 10 दिसंबर रैली निकालने का ऐलान किया है। इस रैली का नेतृत्व ऑल मणिपुर यूनाइटेड क्लब्स ऑर्गेनाइजेशन करेगा।

**तैयारी** | योगी सरकार ला रही नई हेरिटेज पर्यटन नीति, राजघरानों-निवेशकों संग मंथन, धार्मिक-सांस्कृतिक के बाद अब विरासत पर्यटन के रनवे पर उड़ान भरेगा प्रदेश

# राजस्थान की तर्ज पर मेहमानों के लिए संवरेंगे यूपी के किले-हवेलियां

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** यूपी सांस्कृतिक और धार्मिक पर्यटन के पथ पर झंडे गाड़ने के बाद विरासत पर्यटन के रनवे पर उड़ान भरेगा। राजस्थान की तर्ज पर यूपी के किले-महलों और हवेलियों को मेहमान नवाजी के लिए संवारा जाएगा। राजधानी लखनऊ स्थित होटल में शनिवार को आयोजित हेरिटेज कॉन्क्लेव में इसकी नींव रखी गई। यूपी और राजस्थान सहित तमाम हेरिटेज संपत्तियों के स्वामी और इन्हें संवारने वाले निवेशक एक मंच पर जुटे। राज परिवारों के प्रतिनिधियों ने अपनी संपत्तियों को विरासत पर्यटन के लिए प्रस्तुत किया। निवेशकों ने इनमें खासी दिलचस्पी दिखाई।

पर्यटन विभाग ने हेरिटेज कॉन्क्लेव के जरिए यूपी की विरासत संपत्तियों को शोकेस किया। पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम ने यूपी की प्रस्तावित हेरिटेज पॉलिसी का खाका पेश किया। उन्होंने कहा कि यूपी के बुंदेलखंड, पूर्वांचल, अवध, विंध्यांचल, ब्रज और तराई क्षेत्र तमाम विशिष्टताएं समेटे हुए हैं। भगवान बुद्ध के 6 महत्वपूर्ण स्थल राज्य में हैं, जहां बड़ी संख्या में देशी-विदेशी श्रद्धालु और पर्यटक आते हैं। प्राचीन चुनारगढ़ का किला यहीं है। इस बड़े कल्चरल और रिलीजियस लैंडस्केप में अब हम विरासत जोड़ रहे हैं। भरोसा दिलाया कि हेरिटेज संपत्तियों की ब्रांडिंग और मार्केटिंग में सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

**यूपी नहीं देखा तो दुनिया नहीं देखी बनेगी टैगलाइन :** उन्होंने कहा कि यूपी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। 48 करोड़ पर्यटक साल में यहां आ रहे हैं। संख्या लगातार बढ़ रही है। निवेशकों के लिए यह सही समय है। सरकार सहयोग के लिए साथ खड़ी है। सड़क और हवाई मार्ग की बेहतर कनेक्टिविटी है। निवेशक जो विरासत संपत्ति विकसित करेंगे वहां एप्रोच रोड, बिजली सरकार पहुंचाएगी। पांच किलोमीटर पहले से साइनेज लगाएंगे। दुधवा एयरस्ट्रिप को एयरपोर्ट में बदला गया है। चित्रकूट में भी यही हो रहा है। जेवर एयरपोर्ट बन रहा है। विरासत संपत्तियों के आसपास वाटर और एडवेंचर स्पोर्ट्स की सुविधा के लिए सरकार सब्सिडी देगी।



### लखनऊ के गुलिस्तां-ए-इरम, आलमबाग भी सूची में

निदेशक पर्यटन प्रखर मिश्रा ने कहा 'बुन्देलखंड में हेरिटेज टूरिज्म की अपार संभावनाएं हैं। टहरौली फोर्ट और रघुनाथ राव महल झांसी को विकसित करने का प्रयास है। ललितपुर स्थित तालबेहट का किला, महोबा में मस्तानी महल, सेनापति महल, कोठी तालाब, कालिंजर का किला, भूरागढ़ किला, बांदा आदि को विकसित करने की योजना है। धार्मिक नगरी मथुरा के सीताराम महल, आगरा के कम चर्चित किलों को भी विकसित करने का प्रयास है।

### केंद्रीय गृहमंत्री बोले- पूर्व की सरकारों ने पूरे मन से काम नहीं किया

# दस वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए : शाह

**दावा**

**अहमदाबाद, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि 2014 से पहले की सरकारें कल्याणकारी राज्य के संवैधानिक लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूरे मन से काम नहीं करती थीं लेकिन इस अवधारणा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वास्तविकता में बदला। अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने के लिए काम किया।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस मंत्र को समझते हैं कि 'भारत का विकास तब तक नहीं हो सकता जब तक इसकी 60 करोड़ आबादी गरीब रहेगी।'

अहमदाबाद में गुजरात लोक सेवा ट्रस्ट के वार्षिक समारोह में शाह ने कहा, सरकार अकेले इतना बड़ा काम नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि अगर ट्रस्ट, व्यक्ति और सेवा संगठन एक साथ आ जाएं तो हम जल्द इस समस्या का समाधान कर लेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल्याणकारी राज्य की अवधारणा को वास्तविकता में बदला।



अहमदाबाद में शनिवार को गुजरात लोक सेवा ट्रस्ट की ओर से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का सम्मान किया गया। • प्रेट्र

### सरकार ने संकल्प लेकर अमल भी किया

वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री चुने जाने के बाद मोदी ने संकल्प लिया कि एक भी घर ऐसा नहीं होगा जहां शौचालय न हो और एक भी व्यक्ति ऐसा नहीं होगा जिसके पास घर और रसोई गैस सिलेंडर न हो। उन्होंने संकल्प लिया कि कोई भी व्यक्ति खाली पेट सोने को मजबूर न हो और हर महीने 65 करोड़ लोगों को पांच किलो अनाज मुफ्त वितरित किया। यह दुनिया में कहीं भी अभूतपूर्व है।

### पहले सभी लोग टुकड़ों में काम करते थे

शाह ने कहा, हर सरकार ने अपने कार्यकाल में कल्याणकारी राज्य के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जितना संभव था, उतना किया, लेकिन मेरा विश्लेषण कहता है कि 2014 से पहले सभी लोग टुकड़ों में काम करते थे। पिछली सरकारें गरीबों के लिए घर बनाने की योजनाएं लाईं और पीने का पानी, गैस सिलेंडर, स्वास्थ्य सुविधाएं और मुफ्त राशन देकर कल्याणकारी राज्य को वास्तविकता में बदला।

# मेरिट गिराकर नहीं, नए विज्ञापन से भरे जाएंगे पद

**उत्तर प्रदेश**

■ संजोग मिश्र

- 68500 शिक्षक भर्ती में याचिका खारिज
- अभ्यर्थियों ने मेरिट से भर्ती की लगाई थी गुहार

**प्रयागराज।** परिषदीय प्राथमिक स्कूलों में 68,500 शिक्षक भर्ती में रिक्त 27,713 पदों पर मेरिट गिराकर चयन नहीं होगा। छह साल पहले आई भर्ती के अभ्यर्थियों की याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी है।

छह दिसंबर को इस मामले की सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट की डबल बेंच के आदेश में हस्तक्षेप से इनकार कर दिया है। इसी के साथ साफ हो गया है हाईकोर्ट के आदेश के अनुरूप रिक्त 27,713 पदों को नया विज्ञापन जारी करके ही भरा जाएगा।

हाईकोर्ट की डबल बेंच ने अगस्त अंत में अपने आदेश में रिक्त पदों पर चयन के लिए दो महीने के अंदर परीक्षा कराने के आदेश दिए थे। इसके खिलाफ अभ्यर्थियों ने 13 अक्तूबर को सुप्रीम कोर्ट में याचिका की थी। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस प्रदीप कुमार मिश्रा की खंडपीठ ने याचिका खारिज कर दी। 68500 शिक्षक भर्ती के लिए सरकार ने न्यूनतम अर्हता अंक सामान्य व आरक्षित वर्ग के लिए क्रमशः 45 व 40 प्रतिशत तय किए थे। इस कटऑफ के आधार पर 41,556 अभ्यर्थियों का ही चयन हो सका था।

परिषदीय प्राथमिक स्कूलों में सहायक अध्यापक भर्ती के लिए नवगठित उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग को अधिकृत किया गया है। हालांकि आयोग को रिक्त पदों की कोई जानकारी नहीं मिली है।




## आठ आरोपियों को हिरासत में भेजा

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई की एक विशेष मकोका अदालत ने शनिवार को बाबा सिद्दीकी हत्या मामले में आठ आरोपियों को 16 दिसंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। एनसीपी नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री सिद्दीकी की 12 अक्तूबर को बांद्रा के निर्मल नगर में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

# छात्रा को गोली मारकर सिरफिरे ने की आत्महत्या

- आरोपी की मौत, पुलिस प्रेम प्रसंग का मामला मान रही
- पहले भी धमकाया था, बात नहीं करेगी तो हत्या कर देगा

**असमोली (संभल), संवाददाता।** असमोली थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर टांडाकोठी-गुमसानी मार्ग पर एक सनसनीखेज घटना में बाइक सवार सिरफिरे युवक ने कॉलेज से लौट रही बीएससी अंतिम वर्ष की छात्रा को गोली मार दी और फिर खुद को सिर में गोली मारकर जान दे दी। मौके पर पहुंचे युवती के परिजनों व पुलिस ने आनन-फानन में छात्रा को असमोली सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने गंभीर हालत देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

मौके पर पहुंचे एसपी ने घटनास्थल का जायजा लिया। छात्रा की मां का आरोप है कि हत्यारोपी उसकी बेटी को काफी समय से धमका रहा था।

हरथला गांव निवासी शिक्षामित्र प्रेमपाल सिंह की बेटी प्रतीक्षा मुरादाबाद जिले में लोधीपुर पलूपुरा गांव के डिग्री कॉलेज में बीएसी अंतिम वर्ष की छात्रा है। शनिवार दोपहर प्रैक्टिकल की परीक्षा देने के बाद वह स्कूटी से घर लौट रही थी। इसी दौरान मुरादाबाद की निजी फर्म में काम करने वाला अमरोहा के देहात कोतवाली के कढ़ापुर निवासी गौरव कॉलेज से ही उसको पीछा करने लगा। रास्ते में गौरव ने स्कूटी रुकवा ली और तमंचा निकालकर छात्रा पर फायर कर दिया। गोली छात्रा के चेहरे पर लगी जिससे वह घायल होकर जमीन पर गिर गई। इसके बाद आरोपी ने तमंचा लोड करके खुद को सिर में गोली मारकर आत्महत्या कर ली।

# रिपुराज कंपनी के नौ ठिकानों पर आईटी छापे

- सौ करोड़ से अधिक की टैक्स चोरी सामने आई
- विभाग को कंपनी के खिलाफ कई सबूत मिले

**पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** आयकर विभाग की छापेमारी चावल उत्पादन करने वाली रिपुराज कंपनी के ठिकानों पर दूसरे दिन शनिवार को भी जारी रही। शुक्रवार को इसके दर्जनभर से अधिक ठिकानों पर छापेमारी शुरू हुई थी, जो शनिवार को सिमटकर नौ ठिकानों तक रह गई। ये सभी ठिकाने पटना, रक्सौल और हरसिद्धि (पूर्वी चंपारण) में हैं।

दिल्ली, मुजफ्फरपुर समेत अन्य स्थानों पर मौजूद ठिकानों पर छापेमारी की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। पटना में कंपनी का ठिकाना एग्जीबिनशन रोड स्थित मैत्री अपार्टमेंट है। यहां कंपनी का मुख्य कार्यालय है। बरामद दस्तावेजों में बड़ी संख्या में कैश में खरीद-बिक्री से संबंधित कागजात हैं। कई साक्ष्य ऐसे भी मिले हैं, जिनसे सीमा पार यानी नेपाल में इस कंपनी के कारोबार के प्रमाण मिले हैं। बिना उचित टैक्स जमा किए चावल को नेपाल भेजने के मामले भी मिले हैं। अब तक 100 करोड़ रुपये से अधिक की टैक्स चोरी के मामले सामने आए हैं।

## छात्राओं को मासिक धर्म अवकाश मिलेगा

**गंगटोक, एजेंसी।** सिक्किम यूनिवर्सिटी ने महिला छात्राओं को हर महीने एक दिन का मासिक धर्म अवकाश देने की अनुमति दी है। यह जानकारी विश्वविद्यालय की ओर से जारी एक आधिकारिक अधिसूचना में दी गई। सिक्किम यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार ने यह जानकारी दी।

DSIIDC
दिल्ली राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम लि.
एन-36, बॉम्बे लाइफ बिल्डिंग, कनॉट सर्कस, नई दिल्ली-110001
दूरभाष: +91-11-23810067-69 (Extn. 171/131), वेबसाइट: www.dsiidc.org

**संशोधन सूचना**

दिनांक 07.12.2024 को प्रकाशित डीएसआईआईडीसी के विज्ञापन सं. 04/2024 के संदर्भ में वरिष्ठ प्रबंधक के वेतन स्तर 6600 (जीपी) के बजाय 5400 (जीपी) पढ़ा जाए। शेष शर्तें और नियम यथावत रहेंगी।

## अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस को घेरा

**शिमला, संवाददाता।** हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार के दो वर्षों के कार्यकाल को निराशाजनक बताते हुए भाजपा ने शनिवार को ऊना और चंबा जिले में जन आक्रोश सभा का आयोजन किया। हिमाचल में दो वर्ष पूरे होने पर कांग्रेस सरकार के जश्न मनाने के फैसले पर भी रोष जताया। ऊना में आयोजित सभा में हमीरपुर सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और राज्यसभा सदस्य सिकंदर कुमार विशेष रूप से मौजूद रहे। अनुराग ठाकुर ने कहा कि सबकी जुबान पर एक ही बात है कि सात दशकों के इतिहास में पहली बार सबसे भ्रष्ट सरकार आई है।

## शिमला में बच्ची के साथ दुष्कर्म

**शिमला, संवाददाता।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में सात वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। अधेड़ उम्र का आरोपी रिश्ते में बच्ची का मामा लगता है। पुलिस के अनुसार, पीड़ित बच्ची की मां ने महिला पुलिस थाना शिमला में शिकायत दी है।

शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि वह अपने बच्चों के साथ मायके गई थी। इस दौरान एक दिसंबर को उसके चचेरे भाई ने उसकी सात वर्षीय के साथ दुष्कर्म किया।

LIC
जी. बी. नि. स्वर्णजयंति फाउंडेशन
LIC GOLDEN JUBILEE FOUNDATION

**एलआईसी स्वर्णजयंती छात्रवृत्ति योजना 2024**
**आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के विद्यार्थियों हेतु**

छात्रवृत्तियाँ बढ़ा दी गई हैं।

एलआईसी गोल्डन जुबली फाउंडेशन उन विद्यार्थियों के लिए अखिल भारतीय आधार पर छात्रवृत्ति की सहर्ष घोषणा करता है, जिन्होंने शैक्षणिक वर्ष 2021-22, 2022-23 या 2023-24 में न्यूनतम 60% या समकक्ष सीजीपीए ग्रेड के साथ दसवीं/बारहवीं/डिप्लोमा या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की है और शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में प्रथम वर्ष में प्रवेश लिया है।

- उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले लड़कों और लड़कियों के लिए सामान्य छात्रवृत्ति;
  (i) चिकित्सा, अभियांत्रिकी, किसी भी विषय में स्नातक, किसी भी क्षेत्र में डिप्लोमा पाठ्यक्रम एवं एकीकृत पाठ्यक्रम।
  (ii) सरकारी मान्यता प्राप्त महाविद्यालयों/संस्थानों के माध्यम से व्यवसायिक पाठ्यक्रम या औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्रों (आईटीआई) में पाठ्यक्रम।
- निम्नांकित में दो वर्ष हेतु अध्ययन करने वाली लड़कियों के लिए विशेष छात्रवृत्ति;
  (i) 10+2 पैटर्न के अंतर्गत कक्षा ग्यारह और बारह/इंटरमीडिएट
  (ii) दसवीं के बाद दो वर्ष के लिए किसी भी क्षेत्र में डिप्लोमा पाठ्यक्रम

ऑनलाइन आवेदन, अन्य पात्रता शर्तों एवं योजना की विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया https://licindia.in को देखें।
ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 22.12.2024 है।

**भारतीय रिज़र्व बैंक**
www.rbi.org.in
संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय
शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई- 400001

**जन जागरूकता अभियान और विज्ञापनों के लिए मीडिया एजेंसियों को सूचीबद्ध करने हेतु ई-निविदा**

निविदा सं. – RBI/DoC-Central Office Departments/Others/20/24-25/631

1. भारतीय रिज़र्व बैंक, केंद्रीय कार्यालय "**जन जागरूकता अभियान और विज्ञापनों के लिए मीडिया एजेंसियों को सूचीबद्ध करना**" हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित करता है। ₹35,00,000/- (पैंतीस लाख रुपये मात्र) की ईएमडी राशि एनईएफटी के माध्यम से या बैंक गारंटी के रूप में **23 दिसंबर 2024 को शाम 5 बजे** से पहले प्रस्तुत करनी होगी।
2. पात्रता की पूरी जानकारी के साथ-साथ निविदा दस्तावेज डाउनलोड करने संबंधी संपूर्ण जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट https://www.rbi.org.in या एमएसटीसी पोर्टल https://www.mstcecommerce.com/eprocn/ देखें।
3. ऑनलाइन निविदाएं **5 दिसंबर 2024 को अपराह्न 2.00 बजे** से वेबसाइट www.mstcecommerce.com पर अवलोकनार्थ/ डाउनलोड करने के लिए उपलब्ध होंगी।
4. एमएसटीसी पोर्टल (www.mstcecommerce.com) पर ई-निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 26 दिसंबर 2024 को सुबह 11.00 बजे तक है।
5. **अतिरिक्त जानकारी/ शुद्धिपत्र/ परिशिष्ट, यदि कोई हो, तो उसे समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जाएगा, बल्कि उसे एमएसटीसी पोर्टल (https://www.mstcecommerce.com/ eproc/index.jsp) और बैंक की वेबसाइट (https://www.rbi.org.in) पर अपलोड किया जाएगा।**
6. बैंक बिना कोई कारण बताए किसी भी निविदा को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

**मुख्य महाप्रबंधक, संचार विभाग**

**अवसर चूक ना जायें**
**अपने अग्रिम कर का भुगतान करें**
**और**
**भारत को विकसित बनाने में अपना योगदान दें**




**अग्रिम कर का भुगतान किसे करना है**

प्रत्येक व्यक्ति* जिनके स्त्रोत पर काटे गए/संग्रहित किए गए कर के पश्चात, वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए कर देयता ₹10,000/- या उससे अधिक है उन्हें अग्रिम कर का भुगतान करना होगा।

**भुगतान का तरीका**

- करदाता ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से अग्रिम कर का भुगतान कर सकते हैं। सभी कंपनियों और उन निर्धारितियों जिनके खातों का आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 44 AB के अधीन लेखा-परीक्षा की जानी अपेक्षित है, उनके लिए ई-भुगतान अनिवार्य है।
- ई-भुगतान अन्य करदाताओं के लिए भी सुविधाजनक है क्योंकि यह सही क्रेडिट सुनिश्चित करता है।

**अग्रिम कर के भुगतान की समय सीमा**

| देय तिथि | राशि |
|---|---|
| 1) 15 जून, 2024 को या उससे पहले | देय अग्रिम कर का 15% |
| 2) 15 सितम्बर, 2024 को या उससे पहले | देय अग्रिम कर का 45% |
| 3) 15 दिसम्बर, 2024 को या उससे पहले | देय अग्रिम कर का 75% |
| 4) 15 मार्च, 2025 को या उससे पहले | देय अग्रिम कर का 100% |

अग्रिम कर का कम भुगतान करने पर/भुगतान न करने पर या विलम्ब से भुगतान करने पर ब्याज देय होगा।

*ऐसे व्यक्ति जो,वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए प्रकल्पित कराधान योजना का विकल्प चुनते हैं, उन्हें 15 मार्च, 2025 तक एकमुश्त में अग्रिम कर का भुगतान करना होगा। इसके अतिरिक्त, वरिष्ठ नागरिकों (60 वर्ष या उससे अधिक आयु के व्यक्ति) को अग्रिम कर का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं है, यदि उन्हें व्यवसाय या पेशे से कोई आय नहीं है।

CBC15401/13/0009/2425

अग्रिम कर ब्रोशर के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

**आयकर विभाग**
**केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड**
अधिक जानकारी के लिए, कृपया **www.incometax.gov.in** पर जाएं

अधिक जानकारी के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

@IncomeTaxIndia @incometaxindia.Official @IncomeTaxIndiaOfficial @incometaxindiaofficial Income Tax India Official

**SWEATSHIRT**
**Jackets & Sweaters**
**SALE**
Hi-Fashion winter collection 2024
Branded Sweaters, Jackets, Sweat Shirts & Lowers
MEN WOMEN & KIDS WEAR
upto 60% off
By Economy Sales: 9212758425
ARROW | Raymond | ColorPlus | Levi's | PARK AVENUE
- GURUGRAM 306, City Center, Sector 29 (Near Hotel Pllazio)
- PUNCHKUIAN ROAD, Garwal Bhawan, (Near Jhandewalan, Gole Chkr.)
- WAZIRPUR A-5, Near Richi Rich Banquet (Opp. Shalimar Bagh)
- JANAKPURI B-1/2, Main Najafgarh Road, Opp. Metro Pillar 543
- NOIDA, Nirula's Sec-2, Near Metro Station, Sec-15, Noida, UP
- LAJPAT NAGAR, 49, Main Ring Road, Adj. Haldi Ram, Near Moolchand Crossing

एक्स से: दिव्यांगों को सहजता और बराबरी का अनुभव कराना पूरी मानवता का कर्तव्य है। उन्हें हर तरह से बाधामुक्त वातावरण सुलभ कराना समाज की प्राथमिकता होनी चाहिए।- द्रौपदी मुर्मु/ राष्ट्रपति, भारत



# पंजाब को पुनः सुलगने से रोकें



**पंजाब से अलगाववाद के वे हत्यारे दिन कब के विदा हो चुके हैं, जिन्होंने कभी अपने ही पुत्रों को जबरन रक्त से स्नान करवाया था। उनकी पुराने रूप-स्वरूप में वापसी मुमकिन नहीं लगती। इसके बावजूद सुखबीर पर हमला और पिछले कुछ महीनों से फिजां में घुलती अलगाववादी आवाजों का इशारा साफ है। एक दफ्न हो चुकी दास्तान को फिर से खाद-पानी देने की कोशिश की जा रही है।**

स्कैन करें
आजकल स्तंभ के तहत प्रकाशित आलेखों के लिए

शशि शेखर

आजकल

कुछ घटनाएं अतीत के लहूलुहान प्रेतों को पुनः हमारे सामने ला खड़ा करती हैं और उनकी डरावनी यादें देर तक सिहराती रहती हैं। पंजाब के पूर्व उप-मुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल की हत्या की कोशिश को मैं इसी श्रेणी में रखना चाहूंगा। वजह?

बरसों पहले, अप्रैल 1983 में इसी स्थान पर पुलिस उप-महानिरीक्षक ए.एस. अटवाल की हत्या की गई थी। उनका शव घंटों हरमंदिर साहिब की सीढ़ियों पर पड़ा रहा था। वह दहशतगर्दी का चरमोत्कर्ष था। कहते हैं कि इंदिरा गांधी की हुकूमत ने अगर उसी समय कड़ाई से दहशतगर्दों से निपटा होता, तो शायद 'ऑपरेशन ब्लूस्टार' की नौबत न आती।

ऐसे में, सवाल उठने वाजिब हैं, बुधवार को सुखबीर सिंह बादल पर हुआ हमला क्या कहता है? क्या पंजाब में पुराने दिनों की वापसी हो रही है?

यकीनन, ऐसा नहीं है। पंजाब से अलगाववाद के वे हत्यारे दिन कब के विदा हो चुके हैं, जिन्होंने कभी अपने ही पुत्रों को जबरन रक्त से स्नान करवाया था। उनकी पुराने रूप-स्वरूप में वापसी मुमकिन नहीं लगती। इसके बावजूद बादल पर हमला और पिछले कुछ महीनों से फिजां में घुलती अलगाववादी आवाजों का इशारा साफ है। एक दफ्न हो चुकी दास्तान को फिर से खाद-पानी देने की कोशिश की जा रही है।

अमृतपाल सिंह का अचानक दुबई से आना और फिर धर्म की आड़ लेकर अलगाववादी अंगारे उगलना इस षड्यंत्र की शुरुआत थी। वह जानता है कि अभी भी ऐसे बहुत से लोग हैं, जो 'ऑपरेशन ब्लूस्टार' और इंदिरा गांधी की हत्या के बाद भड़के सिख विरोधी दंगों से सुलगते रहते हैं। वे भले बूढ़े हो चले हों, लेकिन उनके मन में पुरानी कटुता कायम है। बादल पर हमलावर नारायण सिंह चौड़ा उन्हीं में से एक है। 'ऑपरेशन ब्लूस्टार' के बाद जिन लोगों ने अलगाववाद की लगाम संभाली, चौड़ा उन्हीं में से आता है। वह तमाम आतंकवादी वारदातों के सिलसिले में जेल जा चुका है।

हमले से एक दिन पहले भी वह स्वर्ण मंदिर परिसर में देखा गया था। क्या वह वहां रेकी करने गया था? पंजाब पुलिस के जवानों की सक्रियता से बादल भले ही बच गए हों, लेकिन एक चुनौती जरूर सुरक्षा तंत्र के सम्मुख खड़ी हो गई है कि चौड़ा जैसे तत्वों पर तत्काल काबू पाना जरूरी है। आखिर एक शख्स, जो लंबे समय से तमाम एजेंसियों के रडार पर था, ऐसा करने में कामयाब कैसे रहा?

पंजाब जैसे संवेदनशील प्रदेश में इस पर विचार-विमर्श इसलिए भी जरूरी हो जाता है, क्योंकि ऐसे तत्व राजनीतिक सफलता प्राप्त करने लगे हैं। पिछली लोकसभा में सिमरनजीत सिंह मान और अब अमृतपाल का लोकसभा में जाना एक तरह का अलार्म है। अब ये लोग सांविधानिक सदनों में अपनी बात रखने का हक-हुकूक हासिल कर चुके हैं।

ऐसा क्यों हुआ?

यह जानने के लिए हमें पंजाब की राजनीति, समाज और दोनों में धर्म के दखल को समझना होगा। बताने की जरूरत नहीं है कि यहां 57.69 फीसदी सिख और 38.49 प्रतिशत हिंदू रहते हैं। इन दोनों बड़े समुदायों में प्रत्यक्ष और प्रायोगिक तौर पर कोई टकराव नहीं है। इसके बावजूद उनमें अलगाव के बीज बोने की कोशिश होती रही है। एक धड़ा है, जो आजादी के पहले से सिखों को समझाने की कोशिश करता रहा है कि जब हिंदुओं के लिए हिन्दुस्तान और मुसलमानों के लिए पाकिस्तान बना, तो फिर सिखों के लिए अलग देश क्यों नहीं बन सकता? 1970 के दशक में भी ऐसे स्वर मुखर हुए थे। इंदिरा गांधी समय रहते उनके निहितार्थ नहीं समझ सकीं। नतीजतन, सैकड़ों लोगों को बलि देनी पड़ी। खुद उन्हें अपनी जान भी गंवानी पड़ी। उम्मीद है, हमारे सियासतदां दोबारा ऐसा नहीं होने देंगे।

यहां भूलना नहीं चाहिए कि पंजाबी राजनीति की कुछ विशिष्ट जटिलताएं हैं। यहां धर्म, समाज, सियासत और राष्ट्रीय एकता के बीच अनोखा संतुलन बनाना होता है। प्रकाश सिंह बादल इस मायने में पुरोधा साबित होते थे। वह जानते थे कि कब किसे गद्दार कहना है, कब किसे राष्ट्रवादी बनाना है और धर्मगुरुओं को कैसे साधना है। भारतीय जनता पार्टी से लंबे समय तक चला साथ भी उनकी मदद करता था। यह गठबंधन हिंदू-सिख एकता को कायम रखते हुए धार्मिक संवेदनाओं को भी सहलाता चलता था। उधर, जोशीली बातें बोलने वालों को लगता था कि प्रकाश सिंह बादल के रहते सिखों का कोई नुकसान नहीं हो सकता।



इस धारणा को प्रकाश सिंह ने बड़े जतन से पोसा था। वह 1984 में देशद्रोह के आरोप में बंद हुए थे। उन्होंने बंगला साहिब गुरुद्वारे के बाहर संविधान के अनुच्छेद-25 की कॉपी जलाई थी। इसके अलावा भी तमाम ऐसे काम, जो राष्ट्रवादियों की नजर में गलत हो सकते हैं, उन्होंने किए। इसके साथ ही उन्होंने उस मध्यमार्गी धार्मिक राजनीति का बीजारोपण किया, जो एक संवेदनशील प्रदेश के लिए बेहद जरूरी है। आप चाहें, तो उनकी तुलना कश्मीर के फारूक अब्दुल्ला से कर सकते हैं। फारूक जानते हैं कि कश्मीरियत और भारतीयता, दोनों को एक साथ कैसे चलाया जा सकता है।

कहते हैं कि हर समझदार योद्धा का एक वाटर लू होता है। प्रकाश सिंह बादल से शायद एक गलती यह हुई कि उन्होंने पार्टी में वंशवाद को बढ़ावा दिया। उनके पुत्र सुखबीर सिंह बादल पंजाब में उप-मुख्यमंत्री थे और बहू केंद्र में मंत्री। इससे पार्टी में फूट हुई और वरिष्ठ नेताओं को लगा कि उनके आगे बढ़ने के रास्ते अवरुद्ध हो गए हैं। ऐसे लोग पार्टी में रहते हुए भी ऐसे स्वर बोलने लगे, जिससे कट्टरपंथियों की बन आई।

उधर, कांग्रेस अपनी ही वजहों से कमजोर होती चली गई। कांग्रेस ने भी बेअंत सिंह और अमरिंदर सिंह को आगे कर इस संतुलन को कायम रखा था। मगर उसके क्षरण और अकालियों से भाजपा का अलगाव यहां की सियासत और समाज पर भारी पड़ चला है।

शिरोमणि अकाली दल की इस दुर्गति की जिम्मेदारी सुखबीर सिंह बादल पर जाती है। प्रकाश सिंह बादल सिख स्वाभिमान की वजह से जेल गए थे। सुखबीर भ्रष्टाचार के आरोप में सलाखों के पीछे गए। प्रकाश सिंह बादल की गिरती सेहत और बढ़ती उम्र ने सुखबीर को सत्ता के केंद्र में ला खड़ा किया था, पर वह इस बोझ को सम्हाल न सके। उनके समय में 'उड़ता पंजाब' जैसे मुहावरे गढ़े गए। यही नहीं, अकाली सत्ता काल में हुई मुठभेड़ों और पवित्र ग्रंथ की बेअदबी के आरोपों ने पार्टी के पैरों के नीचे बिछी दरी खिसका दी।

सुखबीर जत्थेदारों को भी संतुष्ट करने में नाकामयाब रहे। उन्होंने बेअदबी और मुठभेड़ों की जिम्मेदारी स्वीकार कर ली और 'तनखैया' घोषित कर दिए गए। पिछले हफ्ते हमले के वक्त 'तनखैया' सुखबीर सिंह सजा का पालन कर रहे थे। व्हील चेयर पर बैठे इस लहीम-शहीम शख्स को हमलावर ने आसान शिकार समझा होगा।

सवाल उठता है, अब आगे क्या?

यही वह मुकाम है, जहां भगवंत सिंह मान की जिम्मेदारी बहुत बढ़ जाती है। वह इस सीमावर्ती प्रदेश के पहले ऐसे मुख्यमंत्री हैं, जिनकी सरकार किसी राष्ट्रीय पार्टी की बैसाखी के बिना खड़ी है। उन्हें भी वैसा ही काव्यात्मक संतुलन स्थापित करना होगा, जैसे उनके पूर्ववर्ती करते आए हैं। फिलहाल उस पर सवाल उठ रहे हैं।

पंजाब की अंदरूनी खदबदाहट की एक और मांग है। दिल्ली और चंडीगढ़ की सरकारें मिलकर कुछ ऐसे कदम उठाएं, जिनसे अतीत के प्रेतों को दोबारा उभरने का मौका न मिले।

@shekharkahin
@shashishekhar.journalist

---

जीना इसी का नाम है

**महरंग बलोच**
डॉक्टर व मानवाधिकार कार्यकर्ता

# पिता को खो दिया है, अब भाई नहीं गंवा सकती

**पिछले साल महरंग के नेतृत्व में 2,000 से अधिक बलोच महिलाओं ने फौज द्वारा जबरिया लापता किए जाने के मुद्दे को लेकर इस्लामाबाद तक 1,600 किलोमीटर की पदयात्रा की। इसे दुनिया भर में नोटिस किया गया, महरंग बलोच प्रतिरोध की सशक्त आवाज बन गईं।**

दोनों इस्लामी मुल्क, दोनों हमारे हमसाये, कुदरती नेमतों व हुनरमंदों से आबाद होते हुए भी गुरबत और जहालत के बड़े शिकार! मगर इनके बीच एक बुनियादी फर्क है। जिस वक्त काबुल पर काबिज तालिबान बच्चियों से मेडिकल की पढ़ाई का हक छीन रहे हैं, बल्कि वे तो लड़कियों की तालीम के ही खिलाफ हैं, ठीक उसी समय बलोचिस्तान की एक डॉक्टर बेटी ने इस्लामाबाद व रावलपिंडी में बैठे हाकिमों द्वारा बलोच लोगों पर ढाए जा रहे जुल्म के खिलाफ विरोध का परचम उठा लिया है। डॉ महरंग बलोच न सिर्फ बीमार लोगों के इलाज करती हैं, बल्कि उन्होंने निजामी ज्यादतियों को भी दुरुस्त करने का बीड़ा उठा लिया है।

बलोचिस्तान में कलात शहर के बाशिंदे अब्दुल गफ्फार लांगो के घर करीब 31 साल पहले जब पहली संतान पैदा हुई, तो उसका नाम महरंग रखा गया। महरंग, यानी दूसरों की स्याह जिंदगी में रोशनी फैलाने वाली। अब्दुल गफ्फार 'वाटर ऐंड पावर डेवलपमेंट अथॉरिटी' में मजदूरी करते थे। उस बेटी के बाद वह चार और बेटियों व एक बेटे के पिता बने। मजदूर होते हुए भी उन्होंने हमेशा अपने बच्चों को प्रोत्साहित किया कि तालीम के सहारे वे न सिर्फ अपना, बल्कि बलोचिस्तान का भविष्य संवार सकते हैं। उन्हें इस बात का बहुत मलाल रहता था कि पाकिस्तान का सबसे ज्यादा संसाधनों वाला उनका सूबा जबर्दस्त पिछड़ेपन का शिकार है। बलोचों के साथ होने वाले भेदभाव को लेकर वह काफी मुखर थे और एक दिन बलोच नेशनल पार्टी से जुड़ गए।

जाहिर है, इस्लामाबाद और रावलपिंडी को यह सब नागवार गुजरना ही था। महरंग के पिता निशाने पर आ गए। साल 2006 में बलूचिस्तान के लिए व्यापक स्वायत्तता की मांग जोर पकड़ने लगी थी और परवेज मुशर्रफ की हुकूमत ने उसे कुचलने के लिए बलोचों के सम्मानित नेता और पूर्व मुख्यमंत्री नवाब बुग्ती व उनके साथियों को एक सैन्य कार्रवाई में मरवा दिया। इस वारदात के कुछ ही माह बाद महरंग के पिता भी गिरफ्तार कर लिए गए और तीन साल बाद तब जाकर छूटे, जब अदालत में उनके खिलाफ कोई सुबूत टिक नहीं पाया। इस दौरान घर की बड़ी बेटी होने के नाते महरंग को ही पांचों बहन-भाई को संभालना पड़ता, क्योंकि उनकी मां बीमार रहने लगी थीं।

पिता की जेल, मां की बीमारी और हर दूसरे-तीसरे दिन किसी पड़ोसी या रिश्तेदार के फौज द्वारा उठा लिए जाने की सूचना ने महरंग को अपनी उम्र से काफी बड़ा बना दिया था। साल 2009 में जब पिता जेल से बाहर आए, तब तक महरंग की मां की सेहत इतनी खराब हो चुकी थी कि डॉक्टर ने फौरन सर्जरी कराने को कह दिया। कुछ ही दिनों में पूरा परिवार क्वेटा से कराची आ गया, ताकि 'आईएसएम' अस्पताल में उन्हें भर्ती कराया जा सके। मगर पिता को कुछ और अंदेशे सता रहे



थे। 11 दिसंबर की शाम उन्होंने महरंग को बड़ा लाड किया। बाप-बेटी में खूब बातें हुईं। बलोचिस्तान में तालीम की स्थिति से लेकर वहां फौज द्वारा जबरिया लोगों को लापता किए जाने तक। पिता ने बेटी से उस शाम कहा था, अपनी वालिदा और बहन-भाई का ख्याल रखना, जैसे वह जान रहे थे कि अपने परिवार के साथ यह उनकी आखिरी रात है।

अगली सुबह वह अस्पताल जाने के लिए घर से निकले और रास्ते में उनका अपहरण हो गया। महरंग तब महज सोलह साल की थीं। पिता लापता, मां बिस्तर पर, अपनी पढ़ाई-लिखाई और पांच छोटे बहन-भाई की परवरिश की जिम्मेदारी। जुल्म की इंतिहा यह कि कराची पुलिस पिता के लापता होने की तहरीर लिखने को तैयार न हुई। हर रात इसी पीड़ा में बीतती कि अब्बा के साथ क्या हुआ? अम्मी अब कैसे ठीक होंगी और नन्हे बहन-भाई को वह अकेली कैसे संभाल पाएंगी? अंततः महरंग ने सारा साहस समेटा और एक तख्ती पर लापता बलोच लोगों की तलाश और अपहृतों की रिहाई की गुहार लिखकर पारंपरिक बलोची लिबास में सड़क पर उतर आईं।

करीब दो वर्षों तक वह रोज सड़क पर तख्ती-बैनर लेकर उतरती रहीं, मगर ऑनलाइन पत्रिका *तन्कीद* ने जब महरंग की जुबानी उनके पिता के बार-बार अगवा किए जाने की कहानी प्रसारित की, तब देश-दुनिया के बहुत सारे लोगों का ध्यान इस ओर गया। साल 2011 में उनके पिता की लाश कराची से 400 किलोमीटर दूर मिली। पिता के जिस्म पर जुल्म के निशान देखकर महरंग बुरी तरह आहत हुईं। उन्होंने लापता बलोचों से जुड़ा अपना अभियान धीमा कर दिया कि शायद कुछ अगवा पति, पिता, भाई और बेटे बर्बरता से बच जाएं।

मगर ऐसा कहां होने जा रहा था? दिसंबर 2017 में जब उनके छात्र भाई नासिर बलोच को उठाया गया, तब महरंग पर जाहिर हो गया कि कोई सुरक्षित नहीं है। वह एक बार फिर पोस्टर लेकर सड़कों पर उतर आईं- 'पिता को खो दिया, अब भाई को नहीं गंवा सकती।' इस बार महरंग का इंतजार तीन महीने दस दिन में ही खत्म हो गया। नासिर को छोड़ दिया गया था, मगर हजारों बलोच मां-बहन-बेटियां एक अंतहीन इंतजार में थीं। भाई की रिहाई के बावजूद महरंग ने साल 2019 में 'बलोचिस्तान यक-जेहती कमिटी' की स्थापना की और जबरन लापता किए जाने के मुद्दे को लेकर आईन के दायरे में अपना अभियान जारी रखा। इस बीच उन्होंने बोलान मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की डिग्री भी हासिल की।

**11 दिसंबर की शाम बाप-बेटी में खूब बातें हुईं। बलोचिस्तान में तालीम की स्थिति से लेकर वहां फौज द्वारा लोगों को लापता किए जाने तक। पिता ने बेटी से कहा था, अपनी वालिदा और बहन-भाई का ख्याल रखना, जैसे वह जान रहे थे कि अपने परिवार के साथ यह उनकी आखिरी रात है।**

साल 2023 में महरंग के नेतृत्व में 2,000 से अधिक बलोच महिलाओं ने इस मुद्दे को लेकर बलोचिस्तान से इस्लामाबाद तक की 1,600 किलोमीटर की पदयात्रा की, जिसे दुनिया भर में नोटिस किया गया। महरंग बलोच प्रतिरोध की एक सशक्त आवाज बन गईं। प्रतिष्ठित *टाइम मैगजीन* ने महरंग को इस साल की सौ प्रभावशाली हस्तियों में शुमार किया और अब *बीबीसी* ने उन्हें दुनिया की सौ सबसे असरदार औरतों में शामिल किया है!

प्रस्तुति : चंद्रकांत सिंह

---

वो लम्हा

**विलियम सी डुरैंट**
महान ऑटोमोबाइल उद्यमी

# बग्घी के बादशाह ने दुनिया को बदला



**घर के बाहर एक तेल चलित वाहन आ खड़ा हुआ। चालक वाहन को बंद नहीं कर रहा था, क्योंकि वाहन बंद करके फिर चालू करना आसान नहीं था। वाहन के मोटर की आवाज बहुत तेज थी और उसके कल-पुर्जे भी खूब घरघरा रहे थे। धुएं के साथ खूब दुर्गंध फैल रही थी।**

युगों तक इस संसार में वाहन पशुओं के बल से ही खींचे गए। गांवों में बैलों ने और शहरों में घोड़ों ने लोगों को मंजिल तक पहुंचाया। यह कोई बहुत पुरानी बात नहीं है, सवा सौ साल पहले तक दुनिया में तमाम सभ्यताएं पालतू पशुओं के भरोसे ही सफर कर रही थीं। उद्यमी तब चार या दो चक्कों वाले रथों-गाड़ियों पर ही नवाचार किया करते थे। ऐसी गाड़ियों को बग्घी कहते थे और अमेरिका में बग्घी बनाने वाली सबसे बड़ी कंपनी के उस युवा मालिक के नाम की चर्चा अक्सर होती थी।

खैर, ऐसे दिन आए, जब तेल और गैस से चलने वाले वाहनों का आगमन हुआ। एक दिन अजीब घटना हुई। युवा उद्यमी की बेटी को कहीं जाना था और घर के बाहर एक तेल चलित वाहन आ खड़ा हुआ। चालक वाहन को बंद नहीं कर रहा था, क्योंकि वाहन को बंद करके फिर चालू करना आसान नहीं था। वाहन के मोटर की आवाज बहुत तेज थी और उसके कल-पुर्जे भी खूब घरघरा रहे थे। दरवाजे पर खड़े वाहन में चूंकि तेल जल रहा था, तो धुएं के साथ उसकी दुर्गंध भी जानलेवा होकर घर के अंदर फैल रही थी। युवा उद्यमी से रहा न गया, वह ज्यादा शोर सुनकर बाहर निकल आए। वाहन के पास पहुंचकर उन्होंने अपनी नाक को उंगलियों से दबा लिया और कान पर भी हाथ रखने की जरूरत महसूस हुई। ड्राइवर से बहुत चिल्लाकर बात करने की जरूरत पड़ी। पता चला कि बेटी की एक सहेली की गाड़ी है, जिससे बेटी को भी जाना है। क्या बेटी ऐसे यंत्र में बैठकर जाएगी? क्या ऐसे यंत्र का कोई ठिकाना है? क्या पता यह कभी फट जाए, तो जान ही चली जाए।

बेटी जब खुशी से बाहर निकली कि आज पहली बार ऑटोमोबाइल वाहन पर चढ़ना है, तो पिता सामने खड़े हो गए कि इस यंत्र में तुम्हें नहीं घुसने दूंगा। यह मशीन खतरनाक है। तुम्हें जाना है, तो अपनी घोड़ागाड़ी से जाओ।

बेटी ने हठ किया, 'नहीं, इस ऑटोमाबाइल से ही जाना है। आपकी बनाई बग्घी में तो रोज बैठती हूं। आज ऑटोमोबाइल वाहन में बैठकर जाऊंगी। पापा जाने दो।' पर पिता अड़ गए, 'कुछ भी कहो, इस खतरनाक उपकरण में तुम्हें नहीं बैठने दूंगा, मैं तुमसे बहुत प्यार करता हूं, तुम्हारे जीवन को खतरे में नहीं डालूंगा।' बेटी बहुत दुखी भाव से घर के अंदर लौट गई थी, यह बोलते हुए कि एक दिन मैं ऑटोमोबाइल वाहन में जरूर बैठूंगी। आप समझ नहीं रहे कि घोड़ागाड़ी बीतते जमाने की बात है।

यह बात पिता के दिल में घर कर गई। क्या ऑटोमोबाइल उपकरण वाकई भविष्य है? ये ऐसे उपकरण हैं, जो लोगों और पशुओं को बहुत डरा देते हैं। ऐसा एक भी उपकरण किसी बाजार में आ जाए, तो लोगों में दहशत फैल जाती है, लेकिन इसमें घोड़े की जरूरत नहीं है। यह अपने आप तेल और मशीनी ताकत से चलता है। जहां मन करे, वहीं खड़ी कर दो, इसे छोड़कर कहीं चले जाओ, कहीं से घूम आओ, पीछे घोड़े-बैल के चारा-पानी की कोई चिंता नहीं। बग्घी बांधने-सजाने में जितना समय लगता है, उतने समय में तो यह उपकरण सरपट दूर निकल जाता है।

पिता का उद्यमी दिमाग दौड़ने लगा, अगर ऑटोमोबाइल ही भविष्य है, तो उसी ओर जरूर कदम बढ़ाना चाहिए। जहां तक शोर, दुर्गंध और असुरक्षा का सवाल है, तो समाधान खोजने की कोशिशों में तेजी लाई जा सकती है। ज्यादा सुरक्षित ऑटोमोबाइल सवारी गाड़ियों का विकास होना चाहिए, पर यह काम कौन करेगा? इसके लिए तो खुद ही जुटना पड़ेगा।

वह पिता युद्ध स्तर पर काम में जुट गए और दुनिया ने जल्दी ही जान लिया कि बग्घी के बादशाह विलियम सी डुरैंट (1861-1947) भी अब ऑटोमोबाइल वाहन बना रहे हैं। अगले तीन वर्ष में ऑटोमोबाइल वाहन व उपकरण बनाने वाली 22 कंपनियों का उन्होंने अधिग्रहण किया। जनरल मोटर्स कंपनी की स्थापना की और महज चार वर्ष में दुनिया के सबसे बड़े ऑटोमोबाइल निर्माता बन गए। हर साल पांच लाख वाहन बनाने लगे। उन्होंने एक से बढ़कर एक सुरक्षित, सुंदर, कम शोर व कम दुर्गंध वाले वाहनों की लंबी श्रृंखला खड़ी कर दी। कभी लकड़ी की टाल में काम करने वाले डुरैंट को दुनिया के सबसे बड़े शेयर बाजार में 'बुल ऑफ द बुल्स' कहा जाने लगा। 8 दिसंबर को जन्मे डुरैंट दुनिया भर के उद्यमियों के लिए बेमिसाल प्रेरणा हैं, वह अक्सर कहते थे, 'अपनी गलतियां भूल जाओ। नाकामियां भूल जाओ। अब आप जो करने जा रहे हो, उसके सिवा सब भुला दो और काम पूरा कर दिखाओ। ध्यान रहे, श्रेष्ठता एक आदत है।'

आज बाजार में एक से बढ़कर एक उम्दा वाहन हैं। जब कोई सुंदर कार आज बेआवाज पास से गुजरती है, तब विलियम सी डुरैंट का योगदान अनायास याद आता है।

प्रस्तुति : ज्ञानेश उपाध्याय

---

# इस अंगवस्त्र से कैसे अंग ढका जाए

तिरछी नजर



**सुधीश पचौरी** हिंदी साहित्यकार

मैंने तय कर लिया है कि साहित्य ने मुझे अब तक जो कुछ दिया है, उसका हिसाब बताता चलूं। यूं लेखक की प्रजाति ऐसी है, जो लेना तो सब चाहती है, लेकिन देने वाले को एक कोरा 'थैंक्यू' तक नहीं कहती। इस दुनिया का एक ही दस्तूर है- *ये दुनिया अगर मिल भी जाए तो क्या है?* लेकिन हम ऐसे 'थैंकलेस' नहीं। इसलिए 'साहित्य कारज' के बदले जो भी 'जिजमान' देते हैं, उसका मैं रोजनामचा बनाकर रखता हूं, ताकि साहित्य के अर्थशास्त्र का बही-खाता स्पष्ट रहे कि क्या आया, क्या गया!

मेरी नजर में साहित्य का अर्थशास्त्र साहित्य के आर्थिक स्वास्थ्य को बताने वाला एक मानक है, जिसे हिंदी साहित्य के निरे साहित्यवादियों ने किनारे कर दिया है, जबकि इसके बिना साहित्य की कोई भी समीक्षा अधूरी है। इस मामले में मैं गालिब का चेला हूं, जिन्होंने अपनी अंतिम आर्थिक स्थिति के बारे में यूं बताया था- चंद *तस्वीर-ए-बुतां चंद हसीनों के खुतूत!/ बाद मरने के मिरे घर से ये सामां निकला!!*

तब शेरो-शायरी के बदले ऐसा ही कुछ मिलता होगा, पर तब से अब तक जमाना इतनी पलटी मार चुका है कि अब ऐसा कुछ मिले, तो विश्व भर के स्त्रीत्ववादी उसे 'मिसोजिनिस्टिक' और जाने क्या-क्या करार दे दें और उनका बस चले, तो बंदे को अंदर करा दें और बंदा गूगल पर 'मिसोजिनिस्टिक' के मानी ही समझता रह जाए।

गालिब का जमाना बादशाहों का था, अपना जमाना 'पोमो' (पोस्ट मॉडर्न) छाप है। आज न लेखक लेखक रह गया है, और न आयोजक आयोजक। कोई वक्त था, जब आयोजक लेखक का दिल खोलकर सुस्वागत करते थे। अंगवस्त्र का मतलब लाल इमली ब्रांड वूलन शॉल होता, किसी घाट के मुरदे की उतरन नहीं, नारियल भी नया, न कि 'थर्ड हैंड' और गुलदस्ता होता, तो ताजे महकते फूलों वाला, यानी सब कुछ 'रीयल'। इन दिनों साहित्यिक आयोजनों में मिलने वाले अंगवस्त्र ऐसे होते हैं, जिनसे न लंगोटी बन सकती है, न रूमाल। एक पतली सी कत्तर आयोजक आपकी गरदन पर सादर लटका देता है और आप प्रेमचंद के 'हीरा-मोती' की तरह उसे गरदन झुकाकर पहनते हैं और पहनते ही सोचते रह जाते हैं कि आखिर इस महान अंगवस्त्र से किस अंग को ढंग से ढका जा सकता है?

इसीलिए कहता हूं कि गालिब के यहां तो चंद हसीनों के खुतूत निकले थे, हमारे जैसे लेखकों को तो जो मिलता है, वही निकल सकता है। जैसे, विलक्षण साइज के अंगवस्त्र, जिनसे किसी जुकाम के मारे साहित्य की नाक तक न पोंछी जा सके और ऐसे स्मृति-चिह्न, जिनकी पीतल की पत्तर की पॉलिश पहली बारिश में मर जाती हो। कुछ दिनों बाद कोई नहीं जान पाता कि यह अद्भुत आइटम किसने और कब दिया था? उस पर लिखे अक्षर तक पठनीय नहीं रह जाते और कबाड़ी लक्कड़ के भाव भी उसे नहीं लेते। इन दिनों अपने साहित्य के नसीब में यही कुछ मिलना रह गया है, फिर भी बहुत से हिंदी लेखक खुद के 'इनवाइट' के लिए क्या-क्या नहीं करते! अपने बच्चन जी ने शायद इसी गिरावट को देखकर कहा होगा : *अब न रहे वो पीने वाले, अब न रही वो मधुशाला!*

मगर अब रोने-धोने से क्या? नए जमाने, तो नए तराने। क्यों न कुछ अंग्रेजी वालों से सीखा जाए, जहां बड़े से बड़ा वक्ता आता है, तो आयोजक दो लाइन में उसका परिचय देता है। न अंगवस्त्र, न गुलदस्ता, न स्मृति-चिह्न का ड्रामा! सब हल्का-हल्का, आसान-आसान। वक्ता को अधिकतम वक्त मिले, ताकि वह अपनी बात पूरी तरह कह सके और श्रोता चैन से सुन सकें; हिंदी वालों की तरह नहीं कि दो घंटे में छह-सात वक्ताओं को 'निपटाना' और एक-दूसरे का टाइम कुतरते वक्तव्य वीरों से आयोजक का सिर पकड़कर कहना कि संक्षेप में बकें महाराज। दूसरे के टाइम का भी जरा ख्याल रखें।

नया जमाना है, तो नए आयोजन भी चाहिए न सर जी।

---

कटाक्ष

**राजेंद्र धोड़पकर**



# साहित्य के मूल्यांकन की वास्तविकता दूसरी ही है

प्रेमचंद के बाद आम आदमी के सरोकारों के सबसे मुखर और गंभीर रचनाकार हैं यशपाल। स्वतंत्रता आंदोलन में भगत सिंह, आजाद आदि के साथ खुलकर काम किया। यही क्रांतिकारी चेतना उनके लेखन के केंद्र में भी रही। विभाजन की त्रासदी और मार्मिकता पर आधारित 'झूठा-सच' उनकी कालजयी कृति है तो 'मेरी तेरी उसकी बात' (1974) के लिए उन्हें साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला। प्रस्तुत है यशपाल की आत्मकथा 'देखा, सोचा, समझा!' से संपादित अंश…


पोर्ट्रेट : यशवंत नामदेव

चर्चित आत्मकथा - 27

## यशपाल

जन्म: 3 दिसंबर, 1903, निधन: 26 दिसंबर, 1976

साहित्य के मूल्यांकन के सम्बन्ध में अनेक सिद्धांत हैं, परन्तु साहित्य के मूल्यांकन की वास्तविकता दूसरी ही है। इन सिद्धांतों और वास्तविकताओं में उतना ही अन्तर है जितना कि जीवन के आदर्शों के सम्बन्ध में दूसरे सिद्धांतों और उन सिद्धांतों के प्रयोगों की वास्तविकता में। लगभग सन् 1945 के मई-जून की बात है। गत महायुद्ध समाप्ति पर था। श्री. सी. बी. राव, आई. सी. एस. (स्व. नेता श्री. सी. वाई. चिंतामणि के पुत्र) लखनऊ सेक्रेटेरियट में, अंग्रेजी-भारतीय सरकार के प्रचार विभाग में संचालक के पद काम कर रहे थे। श्री. सी. बी. राव का साहित्य के प्रति अनुराग है। उस जमाने में, जब सरकारी कार्यों में उर्दू का ही बोलबाला था, श्री. सी. बी. राव के प्रचार विभाग के संचालक के पद पर होने के कारण हिन्दी के लेखकों का भी कुछ भला हो रहा था।

श्री. सी. बी. राव का लखनऊ से तबादला हो रहा था। उनके लखनऊ से जाने के समय, उनकी कृपा से लाभ उठाने वाले हिन्दी लेखकों को उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का भी ध्यान रहा। श्री. सी. बी. राव को विदाई देने के लिये लेखकों की एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस आयोजन में शायद कवि श्री. शिव सिंह 'सरोज' का विशेष हाथ था। तब तक हिन्दी के कम ही लेखक मुझे जानते थे, परन्तु 'सरोज' जी से व्यक्तिगत परिचय हो चुका था, इसलिये मुझे भी निमन्त्रण मिला।

एक उच्च पदस्थ हाकिम को बिदायी देने के लिये आयोजित गोष्ठी में सम्मिलित होने के लिये कुछ संकोच से ही गया; क्योंकि उस सरकार के जमाने में सरकारी अफसरों का मुझ से मिलना-जुलना सरकार की दृष्टि में बहुत वांछनीय नहीं हो सकता था। सरकार तो बदल गयी है परन्तु वह बात आज भी अनुभव करता हूं। साहित्य में रुचि रखने वाले अनेक सरकारी अफसर, जो सरकार के कांग्रेसी रूप लेने के ऊषा-काल में मुझ से निश्शंक मिलने लगे थे, अब फिर आंखें चुरा जाते हैं। कहीं निरापद स्थान में मिलने पर संकोच से दीनता भी प्रकट कर देते हैं, 'भाई, सरकारी नौकरी करनी है।'

निमन्त्रण में आये अधिकांश लोगों के लिये मैं अपरिचित था। श्री. राव भी अधिकांश से अपरिचित ही जान पड़े, क्योंकि उनका परिचय कराना आवश्यक समझा गया था। मेरी बारी आने पर 'सरोज' जी ने सरकार विरोधी 'विप्लव' का प्रसंग बचाकर मेरे कहानी संग्रहों और उपन्यासों का जिक्र किया। मेरे उपन्यासों में 'देशद्रोही' का भी नाम लिया।

'हम ने अभी तक आप का लिखा कुछ पढ़ा नहीं। आंखों के कष्ट के कारण हम आजकल अध्ययन कम कर पाते हैं। लिखने के लिए अध्ययन करना आवश्यक है, उन्होंने उपदेश दिया और बताया, 'हम पचास पृष्ठ पढ़ते हैं तो एक पृष्ठ लिखते हैं। आप किसी दिन अपनी लिखी कुछ कहानियां लेकर हमारे यहां आइये तो हम आप की कहानियों को देखेंगे और तब अपना मत दे सकेंगे।'

बात मुझे रुचिकर नहीं लगी, पर मिश्र जी के वय और हिन्दी साहित्य में उनके स्थान के प्रति आदर के विचार से उत्तर दिया, 'जब भी आप आज्ञा दें।' मिश्रजी ने तीसरे या चौथे दिन दोपहर बाद आने के लिए आदेश दिया। अपनी कहानी दिखाने के लिये जाने का उत्साह न होने पर भी कर्तव्य निबाहने के विचार से 'पिजड़े की उड़ान' और शायद 'वो दुनिया' की एक-एक प्रति लेकर गोलागंज में मिश्र-बन्धुओं के भवन में पहुंचा। एक बड़े से कमरे में, खूब बड़ा तख्त बिछा था। तख्त पर दरी, उस पर सफेद चादर और दो गाव तकिये पड़े थे। ज्येष्ठ और कनिष्ठ दोनों ही मिश्र बन्धु, गरमी अधिक होने के कारण केवल महीन धोतियां पहने लेटे थे। दोनों ही गौरवर्ण, बृहद शरीर और स्थूलोदर। शरीर से आगे बढ़ी हुई तोंदों के कारण लेटे रहने में उन्हें सुविधा हो सकती थी। मेरे पहुंचने पर ज्येष्ठ मिश्र जी ने लेटे ही लेटे बांह फैलाकर तख्त के समीप पड़ी कुर्सी की ओर संकेत किया, 'आइये, बैठिये। कैसे आये?'

उन्हें याद दिलाया, 'आपने मुझे अपनी कहानी दिखाने के लिए आज आने को कहा था।'

याद आ जाने पर मिश्र जी बोले- 'हां, हां, बैठिये!' वह अनेक प्रश्न पूछते रहे। मेरा मकान कहां है, कितनी शिक्षा पायी है, कब से लिखना शुरू किया है आदि-आदि। यह जानकर कि मेरा व्यवसाय लिखना ही है, मिश्रजी को बहुत विस्मय हुआ। मिश्रजी ने मेरे सत्कार के लिए बाजार से दो आने का कुछ मीठा-नमकीन लाने का आदेश दिया।

'हमारे यहां का नियम है कि साहित्यिकों के आने पर हम उनका सत्कार करते हैं। पहले जलपान कर लीजिए तब कहानी देखेंगे।' विवश होकर एक दोने में उपस्थित किये गये 'सत्कार' को अंशता निगल और नौकर द्वारा उपस्थित कुल्हड़ से जलपान कर निवेदन किया, 'यह आपके विश्राम का समय है' क्योंकि दोनों बन्धु तख्त पर अपने अंगों को ढीले छोड़ लेटे हुए थे, 'मैं दो पुस्तकें छोड़े जाता हूं। आप सुविधा से इन्हें देख सकेंगे।' मन ही मन मैं वहां से भाग निकलने के लिए छटपटा रहा था। ज्येष्ठ मिश्रजी ने करवट ले कर जनेऊ दोनों हाथों से तान कर पीठ खुजलाते हुए उत्तर दिया, 'नहीं, नहीं! आप स्वयं अपनी सबसे अच्छी कहानी पढ़ कर सुनाइये। हम इसी समय सुविधा से सुन सकते हैं।'

अपनी कहानियों में सबसे अच्छी कहानी चुन लेना मुझे कभी आसान नहीं जंचा। वहां से शीघ्र ही निकल भागने के लिए मैं एक मंझले आयतन की कहानी चुन कर पढ़ने के लिए तैयार हुआ ही था कि मिश्रजी ने हाथ उठा कर आदेश दिया, 'ऐसे नहीं! आप पहले कहानी की घटना और उसका भाव हमें संक्षेप में बता दीजिए और तब पढ़ कर सुनाइये। इस प्रकार हम कहानी के घटनाक्रम, भाव व आपकी शैली की पृथक-पृथक विवेचना कर सकेंगे।

मन ही मन पछता रहा था। परन्तु अब तो निबाहना ही था। कुछ ही दूर पढ़ पाया था कि खर्राटे की आहट सुनाई दी। किताब के पन्ने से आंख चुराकर देखा, ज्येष्ठ मिश्र बन्धु की आंखें मुंद गई थीं, मुख खुल गया था और बाहें तख्त पर शिथिल हो गई थीं। पढ़ना रुक गया…।

(साभार : 'देखा, सोचा, समझा!', विप्लव कार्यालय, लखनऊ से संपादित अंश)

# अब न वह लाहौर है और न वह माहौल

'लाहौर से लखनऊ' में दर्ज स्मृतियां आजादी की लड़ाई, विभाजन पूर्व देश के माहौल और उसके बाद के अनेक अनुभवों को ताजा करती हैं। स्वयं क्रांतिकारी रहीं लेखिका प्रकाशवती पाल का 1936 में बंदी रहे यशपाल के साथ जेल में विवाह एक अनूठी घटना थी। प्रस्तुत है, लाहौर की स्त्रियों, बच्चों के जीने के ढंग और बदले माहौल की बेचैनी पेश करते एक संस्मरण का संपादित अंश

पुस्तक अंश



**लाहौर से लखनऊ तक**

लेखिका : प्रकाशवती पाल
प्रकाशक : लोकभारती प्रकाशन, प्रयागराज
मूल्य : 299 रुपये

आप पूछेंगे क्या विभाजन से समस्या हल हो गयी? नहीं, बढ़ गयी। आज भी ममता भरी आंखें उधर की लाइन के पार से झांकना चाहती हैं और इधर की ममता भरी आंखें लाइन के उस पार झांकना चाहती हैं। बेबसी के सिवाय हाथ में कुछ नहीं आया। इंसान का दिल पत्थर बन कर रह गया।

आज जब मुझे लाहौर की याद आती है, वहां की गलियों-बाजारों की पहचान मेरी आंखों के सामने घूम जाती है और मुझे बेचैन कर देती है। मेरी हमजोली सहेलियां और पहचाने चेहरे, गलियों में की गयी धमा-चौकड़ी, हंसी-खुशियों के फव्वारे और अपनेपन का माहौल। वह तिमंजले पर हद बांटने वाली दीवारें - जिनके इस पार और उस पार खड़े होकर बुझारतें बूझते थे और प्यार मुहब्बत की निगाहें एक दूसरे पर डालते थे। सब कुछ ही तो छूट गया। अब न वह लाहौर लाहौर है और न वह माहौल।

मुझे याद है मुहल्ले की स्त्रियों की उदारता। उदारता के साये में मिलने वाली जिंदगी। किसी गरीब स्त्री, बच्चे की मदद, उसके खाने का प्रबंध, कपड़ों की व्यवस्था बारी-बारी से घरों में से ही हो जाती थी। यहां तक कि पैसा-पैसा इकट्ठा कर जिंदगी जीने के लिये सिलाई मशीन भी आ जाती थी। आपसी सहानुभूति व मदद से समस्याएं हल हो जातीं। आपस में बांट खाने का अजीबोगरीब रिवाज था।

लाहौर के मुहल्लों की स्त्रियों और बच्चों के जीने का ढंग अपना ही था। बुजुर्ग औरतों में लहंगे का रिवाज था। 26 और 16 नंबर की महीन कलफ लगी मलमल के दो जुड़े दुपट्टों को ओढ़ कर स्त्रियां आपस में मेल-मिलाप, ब्याह-शादी और सगे-संबन्धियों में जाती थीं। परदा केवल अपने नजदीक के बाजार-मुहल्लों वालों से करने के बाद घूंघट ऊपर उठ जाता था। ब्याह-शादी के जोड़ और अनुष्ठान स्त्रियां स्वयं ही तय कर अंतिम फैसले के लिये पुरुषों से राय ले लेती थीं।

शादी का गाना-बजाना एक मास पहले से ही शुरू हो जाता था। इन बैठकों में मुक्त ढंग से गाना-बजाना मर्दों की नजर बचाकर होता था। स्त्रियां काफी चौकसी रखती थीं। प्यार भरे लम्बे गीत रात बारह बजे के बाद प्रातः चार बजे तक गाये जाते थे। अब यह गीत गानेवालियां समाप्त हो गयीं और गीत तो अब स्वप्न की बातें हैं। लाहौर की स्त्रियों में खुशी मनाने की दुनिया यह अपने ढंग की थी। कौन ऐसा घर होता होगा, जो बेटी की शादी में नेग-शगुन का क्लीरा न देता हो। मुहल्ले की बेटी सब की बेटी।

हम सब मुहल्ले की लड़कियां इकट्ठी होकर स्कूल जाती थीं। स्कूल से लौटते समय मैं एक पैसे के दो गरम-गरम आलू, गोभी या बैंगन के पकौड़े या लाहौर के मशहूर अचार-मुरब्बे वाले बधावासिंह की दुकान से शलजम के मसाले भरे अचार का एक टुकड़ा एक पैसे में ले आती थी। घर में आकर अपने आप ही सुबह की पकी रोटी लेकर खिड़की में झांकती हुई खा लेती थी। मां को पता नहीं चलता था स्कूल से आकर क्या खाया क्या नहीं खाया। आजकल के बच्चों और उनके माता-पिता की तरह पढ़ाई और उन्हें खिलाने-पिलाने की सिरदर्दी नहीं करनी पड़ती थी।

पढ़िएगा जरूर

# मायानगरी की चकाचौंध के पीछे क्या है?



पुस्तक : मुंबई नाइट्स
लेखक : संजीव पालीवाल
प्रकाशक : सर्व भाषा ट्रस्ट
मूल्य : 299 रुपये

मुंबई फिल्मों का एक बड़ा हीरो रोहित शेखर आत्महत्या कर लेता है। लेकिन, कोई है जिसे यह यकीन है कि यह आत्महत्या नहीं हत्या है। इस गुत्थी को सुलझाने का बीड़ा लेता है दिल्ली का एक प्राइवेट जासूस और मुंबई में उसकी दोस्त अमीना।

फिल्म में शेखर की हत्या के पीछे फिल्म नगरी की तमाम अंधेरी गलियों की यात्रा है, जिनसे गुजर कर छोटे शहर या कस्बे से आया कोई लड़का या लड़की बड़े परदे तक पहुंचता है। फिल्मी दुनिया का हिस्सा बनने आई युवतियों को किस हद तक गुजरना पड़ता है, ये विवरण कुछ हद तक अतिश्योक्तिपूर्ण भी लगता है। कहानी में वर्णित नायक का चरित्र फिल्मों के लोकप्रिय नायक सुशांत सिंह राजपूत से मिलता-जुलता है। नेपोटिज्म का शिकार एक युवा अभिनेता जीने के बजाय मरने का निर्णय क्यों लेता है? वह खुद अपनी जान लेता है या मुंबई में फिल्म बनाने वाले वो शक्तिशाली गैंग इसके पीछे है? मुंबई की फिल्मी चकाचौंध से भरी दुनिया का अंदरूनी सच कितना कालिख भरा है, यह भी सामने आता है। कहानी में नायक की प्रेमिका भी है, दोस्त भी। सब अपने-अपने खेल खेल रहे हैं। अंत में सबको एक ही चीज चाहिए पैसा और सत्ता। उपन्यास में कई तथ्यात्मक भूलें खलती हैं और नामों की गड़बड़ी भी। अंत में जब राज खुलता है तो पाठक ठगे रह जाते हैं। लेखक संजीव पालीवाल के इस उपन्यास में रवानगी है। भाषा सरल और सहज है। यह सवाल उठना भी लाजिम है कि क्या फिल्मों में परदे के पार की दुनिया इतनी क्रूर और वीभत्स है?

फीचर डेस्क

# सबके दिलों पर राज करने वाला वह लापता आदमी



पुस्तक : वह लापता आदमी
लेखक : अफसर अहमद
अनुवाद : कल्लोल चक्रवर्ती
प्रकाशक : साहित्य अकादेमी
मूल्य : 170 रुपये

लापता व्यक्ति एक समय के बाद मोहल्ले की दीवारों पर उसकी गुमशुदगी की खबर देने वाले पोस्टर तक ही सीमित होकर रह जाता है। पर, आबिद उर्फ साहब मामा को मालिया गांव में कोई नहीं भूला है। कहने को वह लापता आदमी है। मां-बाप का साया बचपन से ही सिर पर नहीं था। कहीं चले जाने पर अन्य बच्चों की तरह उसकी खोजबीन भी नहीं होती थी। ऐसे में उसके लापता होने की आशंका छुटपन से ही थी। पर, वह लापता हुआ चार साल पहले। जुलेखा के साथ शादी से चार दिन पहले और आज जब अपने गांव लौटा है, तो हर कोई उसका साथ पाने के लिए आतुर है। आबिद भी सबसे मिलता है, सबकी सुनता है, सबकी मदद करता है। बस, जुलेखा उसकी राह ताकती हुई खिड़की के बाहर देखती रह जाती है।

उपन्यास 'वह लापता आदमी' के लेखक अफसर अहमद बंगाल के कमजोर मुस्लिम समाज की गरीबी को आवाज देने वाले लेखक के रूप में प्रसिद्ध हैं। इस उपन्यास में भी हाशिये पर खड़े मुस्लिम समाज का चित्रण है, जिन्हें दो जून की रोटी के लिए हर दिन संघर्ष करना पड़ता है, एक सौ तीस रुपये जैसे कर्ज न चुका पाने के कारण गांव छोड़ना पड़ता है। पर, गांव का एक-एक सदस्य संबंधों की मर्यादा बनाए रखना जानता है। लापता होना उपन्यास के मुख्य किरदार की एक ऐसी मजबूरी है, जिसके बारे में वह किसी को नहीं बता पाता। वह गांव लौटता है, पुरानी यादों को दोबारा जीता है और फिर एक सुबह लापता हो जाता है मानो लापता होना उसकी नियति हो।

शाश्वती

## रोजनामचा

### साप्ताहिक भविष्यफल

(08 दिसंबर से 14 दिसंबर 2024)


पं. राघवेन्द्र शर्मा
ज्योतिषाचार्य

**मेष (21 मार्च-20 अप्रैल)**
मन प्रसन्न तो रहेगा। पर आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार में सुख-शांति रहेगी। कारोबार के प्रति सचेत रहें। कार्यक्षेत्र में भागदौड़ बढ़ सकती है। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**वृष (21 अप्रैल-20 मई)**
आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पढ़ाई में रुचि बढ़ेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। धार्मिक संगीत में मन रमेगा। आय में वृद्धि होगी। खर्च बढ़ेंगे। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**मिथुन (21 मई-21 जून)**
मन परेशान रहेगा। मन में बुरे विचारों से बचें। पारिवारिक जीवन कष्टमय रहेगा। बेकार के क्रोध से बचें। बातचीत में संतुलित रहें। भागदौड़ अधिक रहेगी, पर उस अनुरुप लाभ में कमी होगी।

**कर्क (22 जून-23 जुलाई)**
मन परेशान रहेगा। सप्ताह के शुरु में आत्मविश्वास कम रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। जीवन साथी की सेहत का ध्यान रखें। माता-पिता का साथ मिलेगा। आय वृद्धि के साधन बन सकते हैं।

**सिंह (24 जुलाई-22 अगस्त)**
आत्मविश्वास रहेगा। मानसिक शांति बनाए रखने की कोशिश करें। नौकरी में बदलाव की संभावना बन रही है। वाहन के रख-रखाव व वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे।

**कन्या (23 अगस्त-22 सितंबर)**
मन अशांत रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। बहस से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। धर्म में श्रद्धा बढ़ेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। तरक्की के अवसरों का योग।

**तुला (23 सितंबर-23 अक्तूबर)**
आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, पर धैर्य बनाए रखें। बातचीत में संतुलित रहें। कारोबार में कुछ सुस्ती देखने को मिल सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। संतान सुख में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक (24 अक्तूबर-21 नवंबर)**
आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पर, संयत भी रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संपत्ति में वृद्धि के योग हैं। संतान सुख बढ़ेगा।

**धनु (22 नवंबर-21 दिसंबर)**
आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान हो सकता है। पारिवारिक जीवन कष्टमय रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। नौकरी में बदलाव की संभावना बन रही है। खर्चों की अधिकता रहेगी।

**मकर (22 दिसंबर-19 जनवरी)**
वाणी में मधुरता रहेगी। मन अशांत रहेगी। धैर्यशीलता में कमी रहेगी। आत्म संयत रहें। मित्र के सहयोग से कारोबार की शुरुआत हो सकती है। भागदौड़ अधिक रहेगी। माता की सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ (20 जनवरी-18 फरवरी)**
मन में शांति व प्रसन्नता रहेगी। आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। अचानक धन प्राप्ति के योग हैं। लाभ में वृद्धि होगी। भागदौड़ बढ़ेगी। माता की सेहत का ध्यान रखें। चिकित्सा खर्च बढ़ सकते हैं।

**मीन (19 फरवरी-20 मार्च)**
मन परेशान रहेगा। आत्म संयत रहें। बेकार के क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। खर्चों की अधिकता रहेगी। विदेश यात्रा से कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ बढ़ेगा।

स्कैन करें
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

### व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

08 दिसंबर, रविवार, शक संवत्: 17, मार्गशीर्ष (सौर) 1946, पंजाब पंचांग: 23 मार्गशीर्ष मास प्रविष्टे 2081, इस्लाम: 05 जमादि उस्सानी 1446, विक्रमी संवत्: मार्गशीर्ष शुक्ल सप्तमी प्रातः 09.45 बजे तक पश्चात अष्टमी तिथि, शतभिषा नक्षत्र सायं 04.03 बजे तक, वज्र योग, वणिज करण, चन्द्रमा कुंभ राशि में (दिन रात)

सूर्य दक्षिणायन। सूर्य दक्षिण गोल। हेमंत ऋतु। सायं 4.30 बजे से सायं 6 बजे तक राहुकालम्। भद्रा प्रातः 09.45 बजे से रात्रि 8.54 बजे तक। श्रीदुर्गाष्टमी। पंचक।

### वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

मेरी बेटी की शादी होने वाली है। मैं चाहती हूं कि उसके मंडप स्टेज आदि की व्यवस्था वास्तु के अनुसार करें। कृपया सलाह दें। –रचना शर्मा, देहरादून

- शादी का स्टेज दक्षिण दिशा में बनाएं, ताकि स्टेज पर बैठते समय उनका मुख पूर्व दिशा की ओर हो।
- वरमाला पहनाते समय दूल्हा दुल्हन का मुख पूर्व पश्चिम की ओर हो।
- हवन व फेरों की व्यवस्था मंडप के दक्षिण पूर्व दिशा में करें। फेरों पर बैठते समय व्यवस्था ऐसी हो कि दूल्हा दुल्हन का मुख पूर्व दिशा में हो।
- भोजन की व्यवस्था पश्चिम दिशा की ओर करें। संभव हो तो ईशान कोण में एक छोटी सी या अपनी सुविधानुसार गणेश जी की मूर्ति या चित्र रखवाएं।

### वर्ग पहेली : 7809



**ऊपर से नीचे**
2. डरा हुआ होना; पीड़ित होना; भयभीत होना (2,2)
3. पर्वत; नगीना; मणि; अदद (2)
4. चला हुआ; प्रस्थान किया हुआ; विदा हो चुका (3)
5. ज्यादातर; बहुधा; प्रायः (5)
6. उदाहरण; दृष्टांत; संदर्भ; जिम्मेदारी; सुपुर्दगी (3)
7. जिसमें मलाई हो; स्निग्ध (5)
10. आरंभिक; पहले का; सबसे अगला; अग्रज (3)
13. जायकेदार; शोरबेदार; रसवाला (4)
15. वृत्तांत; समाचार; जानकारी; संदेश; सूचना (3)
17. गहरा गड्ढा; कुआं; छिद्र; सूराख (2)

**बाएं से दाएं**
1. चरित्र पर आघात करना; बदनाम करना; लांछन लगाना (3,3,3)
5. न हो सकने वाली; अचंभे वाली बात; अलौकिक घटना; असंभव बात (4)
6. अपने नाम वाला; एक जैसे नाम वाले; जिनका नाम एक हो (4)
8. लोकोपयोगी कार्य; चाकरी; खिदमत; टहल; नौकरी; परिचर्या (2)
9. अपर्याप्त; अल्प; थोड़ा; न्यून (2)
11. तूल; कपास के डोडे या कोश के अंदर का घुआ (2)
12. पवन; वायु; समीर (2)
14. चौकीदार; जीवनरक्षक; पहरेदार; संकटमोचक (4)
16. नास; सुंघनी; तंबाकू से बना नाक में रखने वाला पदार्थ (4)
18. आदर भाव से ग्रहण करना; सिर पर चढ़ाना (2,2,2,3)

हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली
(उत्तर अगले अंक में)

### वर्ग पहेली 7808 का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 वि | ■ | 2 ते | ■ | 3 बा | ■ | 4 ब | 5 सा | ना |
| 6 ला | प | र | वा | ह | ■ | ■ | का | ■ |
| प | ■ | ना | ■ | 7 री | 8 स | क | र | ना |
| ■ | 9 च | ■ | 10 हो | ■ | न | ■ | क | ■ |
| 11 त | ह | स | न | ह | स | क | र | ना |
| ■ | ल | ■ | हा | ■ | नी | ■ | ना | ■ |
| 12 पा | प | क | र | 13 ना | ■ | 14 चा | ■ | 15 चु |
| ■ | ह | ■ | ■ | 16 दा | ग | ल | गा | ना |
| 17 मि | ल | ना | ■ | न | ■ | क | ■ | व |

### सुडोकू : 7791

* कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 2 | 6 | | | | | |
| | | 5 | 8 | | 9 | 2 | | 6 |
| | | | | | | | 7 | |
| 8 | | 9 | | 2 | | | | |
| 1 | | | | | | | | 4 |
| | | | | 1 | | 7 | | 9 |
| | 5 | | | | | | | |
| 2 | | 3 | 1 | | 7 | 6 | | |
| | | | | | 5 | 1 | 4 | |

खेलने का तरीका : दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। तर्क से इसे हल कर सकते हैं। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

### हल : सुडोकू नं.7790

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 6 | 7 | 5 | 8 | 9 | 3 | 1 |
| 8 | 5 | 9 | 4 | 3 | 1 | 6 | 2 | 7 |
| 3 | 7 | 1 | 6 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 |
| 1 | 9 | 4 | 2 | 6 | 7 | 5 | 8 | 3 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 5 | 7 | 1 | 9 |
| 7 | 8 | 5 | 3 | 1 | 9 | 4 | 6 | 2 |
| 5 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 | 9 | 4 |
| 2 | 1 | 8 | 9 | 7 | 4 | 3 | 5 | 6 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 2 | 6 | 1 | 7 | 8 |

## प्रोपर्टी

## दक्षिणी दिल्ली

**GK-1, NEWLY** First Floor 500 yds. Excellent Location large 4 Beds, D/D, Separate Stilt parking 3 Cars @9.25 Satyapal 9818129113

**SALE EXCLUSIVE FLOORS**
JOR BAGH 375SY Basement & Ground Floor First Floor Second Floor Third Floor
JOR BAGH 575SY Basement & Ground Floor
**INDEPENDENT HOUSE**
JOR BAGH 375SY
JOR BAGH 1320SY
DEFENCE COL 400SY
**FARM HOUSE**
ANSAL SATBARI 9150SY
Price On Call Only Direct & Serious Buyers
ATUL BUSSI 98106 32133
AKSHAT BUSSI 88267 07568

**D-104 DEFENCE COLONY**
Area - 333 Sq Yds Top Floor with Terrace Brand New Ready to move-in Separate 2 Car Parking
OWNER 98732 00813 98111 58677

**FOR SALE PLOTS**
Size From 1000 to 5000 Yards Main Radha Swami Road
Contact Rakhee 9315701187

**E-88 KALKAJI**
200 Sq Yards Unused Ground Floor Parking in Stilt
CLEAR TITLE IMMEDIATE SALE
OWNER 9810062871

**FARM**
CONFIRM DEALS
WESTERN GREEN 2.5 ACRE
DLF CHATTARPUR 5.5, 2.5, 1 ACRE
ANSAL SATBARI 2.5, 1 ACRE
GADAIPUR - 2.5, 4 ACRE
NARESH KUMAR & CO. 98-100-19580

**E-1/19 VASANT VIHAR**
600 Yds, Brand New F.Flr, Ready to move
**F-3/16 VASANT VIHAR**
400 Yds, F.Flr Booking
**VASANT VIHAR**
800 Yds, N-East facing 3rd Flr+Terrace Booking
98111 58677

**FLOORS**
GK-1 & GK-2
Green Park / SJE
Rahul: 9650310207

**NEW /** Resale Floors GK-1 & GK-2 208/250/300/500 Sq yards All Floors and Green Park & Safdarjung Enclave 200/300/500 Sq yards all floors. Rahul 9650310207

**VASANT VIHAR** Sale Luxurious Builders Floors 600 Sq. Yard First and Second Floor Brand New Good Location. Mob: 9810140797, 9810019174

**DEFENCE COLONY** Corner 400 yds. Entire Third Floor Luxury 4 Beds, D/D, with Terrace, Separate 3 Cars parking @10.50 Satyapal-9818129113

**SALE/ RENT** 1 Acre Farm Dera Village lush Green, 5Beds Huge,D/D, Desiner Kitch, Two Fmly lounge, Swimming Pool, 6 Covered Prkg, 4 Srvt Qtr.# Owner 9350990565, 9999944414

**DEFENCE COLONY** A block north & Park face 2nd floor Staff quartr on Terrace 3 bedroom attach bathroom, hall, dining area, kitchen. Excellent Location Contact: 9873786386

**BRAND NEW** Luxury Farm House for Sale South Delhi. 9899369782

**VASANT VIHAR** -800 - Corner - Confirm House Rajesh 9810014771, Amrit 9810019279.

**SALWAN** REAL ESTATE PVT. LTD.

**ARADHANA ENCLAVE,** 185 sq yards, Park Facing, Clear Title Independent Liveable Bungalow. Immediate sale. Contact Raman Salwan : 9810062871 Amit Salwan 9810063891

**BUNGALOWS & FLOORS**
SANJEET SHARMA 9810069114, 9810027427

**VASANT VIHAR** / Shanti Niketan / Westend / Anand Niketan 400/ 600/ 800/ 1000/ 1200 Yds, Independent Bungalows/ Plots and Builder Floors (Resale & New Both).# 9810069114

**NEELAM** M.Sc. B.Ed. 9873255806
VASANT VIHAR / FARMS

**VASANT VR** Better than the Mkt deal 780y Crnr Ouright /Collab also 400-2000y Kothi/Floors Anand Nktn 270-400y /800y Neeti Bg & Area Around / Farms Westend Gn/Vasant Kj/DLF

**ANAND NIKETAN**
North facing B'mt+G.Flr
SAFTA 9810002868 9810002200

**C-111, ANAND** Niketan 400 Yds, North facing Ground+Basement (8 yrs old) Area - 4500 Sq Ft (Approx) 4 Beds, Sept Lift & Stilt 3 Car Parking. Safta Realty 9810002868, 9810002200

**VASANT VIHAR FLOOR**
DESRAJ KAUNDAL 98110-72035 (SDR Prop)

**VASANT VIHAR** ready possession north park facing luxurious first floor 4 spacious bedrooms stilts parking more details 9811072035 Desraj Kaundal

**FARIDABAD INDUSTRIAL PROPERTIES**
9810570554

**FACTORY PLOT** @ 15000/- per sq.yd. Factory space available for Rent 5000 to 2.5 Lac Sqft. Agriculture Land @ 80 Lac Per Acres. Resi Plot @ 35000 /- p.sqyd/Shop @25 Lac.

**NEELAM** M.Sc. B.Ed. 9873255806
LAND/ COMMERCIAL

**WANTED LAND** Gurugram/Dwarka Ex-way for Developers/For Sale Ring Rd B+GF/FF lajpat nr 825/1600y/kailash Cly 1000y / Aradhana Enclave 370y Collab/lawyers & CA can join as team

**Vasant Vhr, Westend Shanti/Anand Nktn.**
Sandeep Soorma
9810173551, 9266600627

**VASANT VHR,** Westend, Shanti/Anand Nktn, 300-400-600-800y Dlx Newly built, 4/5 BR, Duplex of Gr+ Base'nt, 3rd+ Terrace, Ready/Booking builder floors, top loc. Also indp. Bungalows.

**SALWAN** REAL ESTATE PVT. LTD.

**ANAND NIKETAN,** 290/280/264 sq yards, North Facing, Clear Title Independent Bungalow. Immediate sale. Contact Raman Salwan : 9810062871 Amit Salwan 9810063891

**NEELAM** M.Sc. B.Ed. 9873255806
KOTHI / FLOOR

**KOTHI/ FLOOR** 200-2200y GK/ Friends Cly/Ishwar Nr/Maharani Bg/ Kalindi Cly/ Defence Colony/ East of Kailash Panchshil Prk 800y & Areas Around / Deals Family Settlement Deals

**DAVINDAR TARA**
VASANT VIHAR
9810055500

**VASANT VHR** 800 B/G Indp D'way 600 3rd+Terr; Booking 1000/ 800/ 600/ 400/260y All Floor & Anand Niketan 400/275/200y All Floor Avlb; Shanti Nktn 400y all Flr Avlb; 9899755500

**ALAKNANDA SHOPPING** Center, Rented Commercial Shop for Sale, - Main Road, (Rent 71K pm), Area 100 Sq Ft, (11 Ft x 9 Ft), Front Huge open space. For more details: 9810-212128

**VASANT VIHAR** -800 - Original Booking - All Floors Windchimes Constructions 9810014771, 9810019279.

**G.K-2. ENTIRE** First Floor 250 yds. 3 Large Bedrooms, huge D/D Excellent Location 2 Cars parking @4.75 Satyapal 9818129113

## दक्षिणी दिल्ली

**ORCHID METROPOLIS**
Aurobindo Marg
Capt Manpreet 9810115322

**मै, भागवत** पुत्र श्री चुन्नी लाल देवांगन हाल निवासी कमरा नंबर 604, आरसीबी छात्रावास, क्षेत्रीय जैव प्रौद्योगिकी केन्द्र, एनसीआर बायोटेक साईंस क्लस्टर फरीदाबाद हरियाणा यह घोषणा करता हूं कि मेरा नाम भागवत पुत्र श्री चुन्नीलाल देवांगन सही नाम है और मुझे भविष्य मे इसी नाम से जाना जाए।

**मैं इंद्रजीत** पुत्र कृष्ण कुमार गौतम निवासी म0नं0 405, वार्ड न0-31 तिरुश्री अपार्टमेंट कल्याण एन्क्लेव नियर पप्पन प्लाजा होटल, जिला पलवल ने अपना नाम इंद्रजीत से बदलकर इंद्रजीत गौतम कर लिया है और भविष्य मे मुझे इंद्रजीत गौतम के नाम से जाना जाए।

**I, SEEMA** Kumari Spouse of JC-812599M Rank-Sub (Clk SD) Name-Shambhu Kumar Jha R/o VPO - Benta, Teh - Khajauli, Dist - Madhubani, Bihar - 847228 have changed my name from Seema Kumari to Seema Jha for all future purposes vide affidavit before Public Notary Delhi dt 05-12-2024.

**I, NO-4580558F** L/Nk Oiembe Pratap Baliram Serving in 17 Mahar Regt R/o VPO-Kutasa, Teh-Akot, Dist-Akola, Maharashtra-444101, declare that I have change my daughter name from Arohi to Aarohi Pratap Oimbe for all future purposes vide Public Notary Delhi affidavit dt 05-12-2024.

**I, VERSHA,** W/o No 15729468P LNK Andhale Suryakant Kailas, Vill-Jirewadi, PO-Koradgaon, Teh-Pathardi, Distt-Ahmednagar, State-Maharashtra-414102, changed my Name From Versha to Varsha Suryakant Andhale and DOB from 30 May 1995 to 30 May 1992 for all future purposes.

**I, ASHA** Kumari Spouse of 4576874H Hav (Clk SD) Bhupendra Kumar Sharma, R/o H. No-1261, Shakti Nagar, PO-Hapur, Teh-Hapur, Dist-Hapur (UP), Pin-245101 have changed my name from Asha Kumari to Asha Sharma for all future purposes vide affidavit before Public Notary Delhi dt 05-12-2024.

**I, SUSHMA,** W/o Jai Shankar Sharma, R/o H.no- 1735, Urban Estate, Sector 55, Faridabad, Haryana declare that Sushma and Sushma Sharma both are the same person with Affidavit No- 56AA 241669 and shall henceforth be known as Sushma Sharma for all purposes.

**I, PUNNAYYA** Timmala R/o Vill-Patinivalasa, PO-Mamidipalli, Teh-Sompeta, Dist-Srikakulam, Andhra Pradesh-532264, declare that I have change my son name from T Manohar to Timmala Manoharfor all future purposes vide Public Notary Delhi affidavit dt 05-12-2024.

**I VIKRAM** Kumar S/O Raj Kumar R/O 71/79 Third Floor, Prem Nagar, Janakpuri, PO: Janakpuri B-1, Dist.: West Delhi, Delhi - 110058. Declare that Vikram and Vikram Kumar are only one and the same person that is I AM.

**I, CHRISTINA** Rajan R/o 143/144 B Nyay Khand 2, Indirapuram, Ghaziabad, UP 201010 Changed my Name to Christina Nelson W/o Nelson Joseph, Vide Affidavit dated 13.11.24 sworn before Notary Archana Sharma/Delhi.

**I, ZAFAR** Ahmed S/o Sh. Mohd Bashir Ahmed, R/o 1154, Haveli Bakhtawar Khan, Jama Masjid, Matia Mahal, North Delhi, Delhi 110006 have changed my son's name from Mohd Zaid to Mohammed Zaid Ahmed all future purposes.

**I, RASMI** Singh W/o Amit Kumar R/o Q-902, Pan Oasis, Sector- 70, Noida, Gautam Buddha Nagar, U.P: 201301 have changed my name from Rasmi Singh to Rashmi Singh. Henceforth I would be known by the new name Rashmi Singh for all future purposes

**I HITHERTO** known as Deepak Barnwal son of Sh. Ram Narayan Prasad R/o B-31, Harkesh Nagar, Okhla Phase-2, Delhi-110020, have changed my name and shall hereafter be known as Deepak Varnwal.

**I KHUSHI** Arora W/o Sh. Ravi Arora R/o BB-2 C (East) Shalimar Bagh, Delhi-110088, have changed my minor son's name from Devansh Arora to Devansh Ravi Arora for all future purposes.

**I, VIJAY** Kumar Arora S/o Trilok Kumar Arora R/o 44/44 West Punjabi Bagh, New Delhi 110026 have changed my name from Vijay Arora to Vijay Kumar Arora for all purposes.

**I NITIN** Kumar Aggarwal Changed The Name Of My Minor Daughter Saanvi Aggarwal to Sanvi Aggarwal R/o KL-41 Kavi Nagar Ghaziabad 201002 UP Forever

**I GRANTH** Kawatra S/o Vineet Kwatra R/o A-196/A, Ist Floor, Ramprastha Colony, Ghaziabad, U.P.-201011 have changed my name to Granth Kwatra for all purposes

**I, NAZIM** S/O Samid R/O 1045 Subhash Camp Dakshinpuri Delhi-62 Changed my Father Name from Sameed to Samid.

● नाम परिवर्तन

**I, CHINTAN** Dewan, r/o 87/1, A-3, Sec-7, Rohini, Delhi-85, have changed my minor son's name from Pramit Dewan to Hankith Divvan (DOB 19-09-2020) before notary public/Delhi vide afdt. dated 06/12/2024.

**I SAURAV** Kumar S/o Arun Kumar Sinha R/O 395,Mandakini Enclave,Gate No 4 Alaknanda,New Delhi-110019 changed name of my 10 year old daughter from Agrima to Agrima Sinha.

**I SAURAV** Kumar S/o Arun Kumar Sinha R/O 395, Mandakini Enclave, Gate No 4, Alaknanda, New Delhi-110019, changed name of my 6 year old son from Prakhar to Prakhar Sinha.

**I CHANGED** My Name from Swati Aggarwal To Swati Agarwal W/o Nitin Kumar Aggarwal R/o -41 Kavi Nagar Ghaziabad - 20102 UP Forever

● खोया- पाया

**मेरे मकान** नं.- एसएच-158, शास्त्री नगर, गाजियाबाद, के मूल दस्तावेज- 1. लीजडीड रजिस्ट्री दिनांक 09.04. 1980 बही नं.-1, जिल्द नं.-2569, पेज नं.-254/261 डॉक्यूमेंट नं.- 10566, दिनांक 23.08.1980, 2. अलॉटमेंट लेटर, 3. पजेशन लेटर, 4. म्यूटेशन लेटर, वास्तव में कहीं खो गए हैं। जिसकी शिकायत LAR No-20240000943507 Date- 01.12.2024 है। रजनीश शर्मा पुत्र स्व. श्री महेन्द्र शर्मा

**DOCUMENTS MISSING** from BG-2/21-A, Paschim Vihar, ND-63, including many OBC Certificates, Admission forms of students and authority letters etc. which I received from DU, IIT, DOPT & other Institutions by request under RTI, Act 2005. Misuse of these documents is illegal. If anybody found Please contact L N Sahu S/o K L Sahu Mob: 9810686739

**मै, विनोद** कुमारी वर्मा W/o स्वर्गीय श्री छेल बिहारी वर्मा R/o H.No. 9/3837, गली नं. 05, अजीत नगर चौक धर्मपुरा, सतनारायण मंदिर, दिल्ली-110031, मेरी दुकान नं. FF 62 Migsun Galleria में है। ग्रेटर नोएडा डेल्टा 01 UP 173.09 Sq. Ft. इस प्रॉपटी का बिल्डर बॉयर एग्रीमेंट गुम हो गया है।

**I SEEMA** Monga R/o A-5, Model Town, Delhi-9, lost my Shares Certificate No. 2935, Folio-S001787, Distinctive No. 0024931006-0024941005 Quantity: 10000 Dt. 01.09.2023 of Advani Hotels & Resorts India Ltd. Founder contact: 9927048999

**I, LALIT** Kumar Verma S/O Mool Chand Verma Have Lost Original Allotment Letter & builder buyer agreement of Property No. A-13/43 DLF Phase -I, Gurugram Haryana 122001 Finder may Contact Mob No. 9999970994

● कोर्ट सूचना

न्यायालय में, सब जज - 5, मो - गोपालगंज,जिला- गोपालगंज ।
नगदी वाद संख्या - 09/23
मगध सुगर एनर्जी लिमिटेड यूनिट भारत सुगर मिल्स डिस्टिलरी डिवीजन मोकाम एवं थाना सिधवलिया जिला गोपालगंज मार्फत आशिष खन्ना कार्यपालक उपाध्यक्ष मगध सुगर एण्ड एनर्जी लिमिटेड यूनिट भारत सुगर मिल्स डिस्टिलरी डिवीजन मोकाम एवं थाना सिधवलिया,जिला गोपालगंज मोबाइल नंबर 7484004918 ---- मुदई
बनाम
एस जे पंकज -- प्रतिवादी
नोटिस बनाम --एस जे पंकज प्रोपराइटर मेसर्स मैक मैन कनभेइंग एंड इंजीनियरिंग प्रा लिमिटेड हाउस नंबर 245 साउथ ईस्ट साकिन थाना वो जिला गाजियाबाद 201002 उत्तर प्रदेश मो नं 7303632549।
चू वादी ने किता नालिश नगदी आपके खिलाफ मेरे न्यायालय में दाखिल किया है। मेरे न्यायालय द्वारा आप पर डाक व नजारत के माध्यम से सम्मन भेजा जा चुका है। अतः बजरिये इस प्रकाशन नोटिस से आपको अगाह किया जाता है कि आप मेरे न्यायालय में खुद या किसी अधिवक्ता के माध्यम से बता0 - 30 माह 01 सन 2025 ई को समय 10.30 बजे हाजिर होकर जो कुछ उजूर हो पेश करें , वरना आपके गैरहाजिरी में मुकदमा की सुनवाई एकपक्षीय अमल में लायी जायेगी। आज ता 11 माह 11 सन 2024 ई
सब जज- 5, गोपालगंज ।

**वैधानिक सूचना**
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी विज्ञापन **जैसे टॉवर, नौकरी, ऋण सम्बंधी या अन्य** किसी भी प्रकार के संदर्भ में कोई राशि भेजता है या किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है तो ऐसा वह अपने स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई किसी क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

**पूर्वोत्तर रेलवे**
ई-ऑक्शन सूचना
वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना। **एडमिन यूनिट/जोन :** लखनऊ-पू0उ0रे0-मण्डल-वाणिज्य/पू0उ0रे0 **नीलामी सूची सं0: LJN-MISC-19-24 नीलामी सूची प्रकाशन तिथिः** 26.11.2024 समय 17:14 बजे **नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट):** 12.12.2024 समय 10:00 बजे **नीलामी बन्द करने की तिथि व समयः** 12.12.2024 समय 11:40 बजे **नीलामी का प्रकारः** Close Ended **वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है:** E-Auction Module of www.ireps.gov.in
सहायक वाणिज्य प्रबन्धक, लखनऊ
मुजाधि/वा0-194
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**रेल पहिया कारखाना/बेला** जिला-सारण, (बिहार)-841221
ई-निविदा सूचना सं.:- एस/ आर डब्ल्यू पी/ई/2024-25/21, दिनांक: 04.12.2024. प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक / रेल पहिया कारखाना / बेला, भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से भारतीय रेलवे ई. प्रोक्यूरमेंट वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से निम्न भंडार सामग्री की आपूर्ति हेतु ऑनलाइन (ई खुली निविदा) आमंत्रित करते हैं। सभी निविदाओं के बन्द होने का समय 14:00 बजे है। **क्र.सं. 1. निविदा सं. : 01241038B, सामग्री का संक्षिप्त विवरण : Pouring Tube Ceramic, मात्रा : 2542 numbers, निविदा बन्द होने/खुलने की तिथि : 30.12.2024 at 14.00 Hrs.**
1. वेबसाईट का पता, जिस पर निविदा की पूर्ण जानकारी एवं जहां से निविदा डाउनलोड किया जा सकता है, www.ireps.gov.in है।, 2. बोली प्रस्तुत करने वाली भावी कंपनियों/बोलीदाता को ऊपर की निविदा के संबंध में शुद्धिपत्र, निरस्तीकरण सहित अद्यतन जानकारी प्राप्त करने के लिए उपर्युक्त वेबसाईट के साथ संपर्क में रहने की सलाह दी जाती है। हालांकि, ये सब सूचनाएं संबंधित समाचार पत्रों में भी बिना बदलाव के प्रकाशित की जाएगी ।
प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक/रेपका/बेला
आर.डब्ल्यू.पी./सी.पी.आर.ओ./ए.डी.भी.टी./2024-25/74

**पश्चिम मध्य रेल**
विद्युत (सामान्य) शाखा
खुली निविदा
मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत सामान्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु आवेदन निर्धारित निविदा फार्म पर खुली निविदा आमंत्रित करता है। **निविदा सूचना क्रमांकः** जबल/एल/टी नं. 47/2024, दिनांक 04.12.2024. **कार्य का नाम लोकेशन सहितः 03 विविध कार्यो का विद्युतीकरण (i) प्रस्थान यार्ड और नए यार्ड की परीक्षा लाइनों में निम्न स्तर की रोशनी का प्रावधान एनकेजे, (ii) डाउन यार्ड एसटीए में सामान्य प्रकाश व्यवस्था का प्रावधान, (iii) रेल सौरभ कॉलोनी गार्डन और क्लब गार्डन जे.बी.पी. में गार्डन लाइटों का प्रावधान। निविदा का अनुमानित मूल्यः** ₹ 5,57,38,398.95. **निविदा फार्म की कीमतः** 0.00. **कार्यालय का पता जहां टेन्डर फार्म खरीदा जा सकता है:** वरि. मंडल विद्युत अभियंता/सामान्य/जबलपुर। **बयाना राशिः** ₹ 4,28,700/-. **समापन अवधिः** 6 माह। **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय (15.00 बजे तक):** 30.12.2024. **निविदा खुलने की तिथि एवं समय (15.30 बजे):** 30.12.2024. निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाइट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है। पूर्ण निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाइट से डाउनलोड की जा सकती है।
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**पूर्व मध्य रेल**
ई-निविदा सूचना
निविदा सूचना संख्या : RP/EL/DNR/HS/QTR WIRING दिनांक- 06.12.2024,
1. कार्य का नाम एवं स्थान : Electrification of 34 units staff quarters and 02 units LILO control building at Hazaribagh road, Sonnagar and Karamnasa in connection with the 2x25 KV, 160 kmph High speed work of DDU & DHN Division under Railway Project E.C. Railway Danapur. 2. कार्य का अनुमानित लागत : ₹98,06,637.79, 3. निविदा फार्म की किमत : ₹0.00, 4. आवश्यक बयाना राशि : ₹1,96,100.00, 5. निविदा प्रस्ताव जमा करने एवं निविदा खुलने की तारीख एवं समय : निविदा प्रस्ताव जमा करने की प्रारंभिक तारीख दिनांक- 20.12.2024 निविदा खुलने की तारीख एवं समय- दिनांक 03.01.2025 को 15.00 बजे। 6. वेबसाईट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्तें व विवरण की जानकारी प्राप्त की जा सकती है : पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्तें व विवरण निविदा प्रपत्र में है जिसे www.ireps.gov.in वेबसाइट पर देखा जा सकता है। 7. पता एवं अन्य जानकारी : मुख्य विद्युत अभियंता/रेल परियोजना/दानापुर कार्यालय जगजीवन स्टेडियम के निकट, खगौल पोस्ट - खगौल जिला - पटना, पिन- 801105
उप मुख्य विद्युत अभियंता/ रेल परियोजना/पूमरे/दानापुर
पीआर/01661/डीएनआर/विद्युत/टी/24-25/40

**राजकीय कार्यालय हेतु आवश्यकता है भवन की**
आवश्यकता है राजकीय कार्यालय हेतु नोएडा परिक्षेत्र (नोएडा परिक्षेत्र) में भवन की जिसमें कारपेट एरिया लगभग 4000-6000 वर्ग फुट एवं 15-17 कमरे, 5 वाहनों हेतु पार्किंग, लगभग 500 वर्ग गज खुला क्षेत्र एवं महिला एवं पुरुष हेतु क्रमशः 5-5 शौचालय हों। इच्छुक व्यक्ति विज्ञापन प्रकाशन के 10 दिवस के अन्दर अपनी निविदा, भवन का मानचित्र एवं वॉछित किराया विवरण सहित निम्न पते पर सीलबन्द लिफाफे में डाक अथवा हाथो हाथ प्रेषित करें।
कमान अधिकारी
31 उ0प्र0 कन्या वाहिनी एन0सी0सी0 33-ए, नालेज पार्क-2, ग्रेटर नोएडा (गौतमबुद्धनगर) पिन- 201310 दूरभाष -7051149413
उ0प्र0: 223435 दिनांक: 06.12.2024 Website: www.upgov.nic.in

**Office of the Executive Officer, Nagar Palika Parishad, Loni**
Address: Khanna Nagar, Loni, Ghaziabad
e-Procurement Notice
अल्पकालीन ई-निविदा
Letter No.: 1236/N.P.P.Loni/E-Tender/2024-25 Dated: 06.12.2024
नगर पालिका परिषद, लोनी, गाजियाबाद में ''राज्य वित्त आयोग/पालिका निधि'' के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से स्थायी गौशाला में गोवंशों के भरण-पोषण हेतु भूसा, हरा चारा, चोकर आपूर्ति के कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली के अंतर्गत अनुभवी ठेकेदारों/फर्मों से उनकी तकनीकी एवं वित्तीय बिड (Technical And Financial Bid) आधारित ई-निविदाएं दिनांक 17 दिसम्बर 2024 को सायं 5.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, जो दिनांक 18 दिसम्बर 2024 को प्रातः 11.30 बजे खोली जाएंगी। निविदा का विस्तृत विवरण, टेण्डर प्रपत्र शर्तें आदि उत्तर प्रदेश की ई-प्रोक्योरमेंट की वेबसाइट https://etender.up.nic.in से प्राप्त किये जा सकते हैं। ई-निविदा की समस्त कार्यवाही उक्त वेबसाइट के माध्यम से ही पूर्ण की जायेगी, निविदा की सूचना नगर पालिका परिषद, लोनी, गाजियाबाद की वेबसाइट www.npploni.in पर भी देखी जा सकती है।
ई-निविदा समय सारणी (www.etender.up.nic.in पर)

| Tender Reference | |
|---|---|
| Public and Time for Ref. | 07.12.2024 at 10.00 AM |
| Last Date time for Submission of Tender | 17.12.2024 till 05.00 PM |
| Date and time for Opeing of E-Tender | 18.12.2024 at 11.30 AM |

(कृष्ण कान्त मिश्र) अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, लोनी (गाजियाबाद)
(रंजीता धामा) अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, लोनी (गाजियाबाद)

विधानसभा के विशेष सत्र में मुख्यमंत्री और दोनों डिप्टी सीएम ने विधायक के रूप में शपथ ली, ईवीएम को लेकर एमवीए हमलावर

# महाराष्ट्र में विपक्ष ने समारोह का बहिष्कार किया

**तकरार**

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के दो दिन बाद शनिवार को देवेंद्र फडणवीस ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार के साथ विधायक के रूप में शपथ ली। वहीं विपक्षी गठबंधन महाविकास आघाडी ने ईवीएम के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए समारोह का बहिष्कार किया।

विपक्षी सदस्यों ने सदन के तीन दिवसीय विशेष सत्र के पहले दिन विधानसभा के सदस्य के रूप में शपथ लेने से इनकार कर दिया और उन्होंने सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के जनादेश और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए।

**प्रोटेम स्पीकर ने दिलाई शपथ :** शनिवार की सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होने के तुरंत बाद विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर कालिदास कोलंबकर ने फडणवीस, शिंदे और पवार को विधायक के तौर पर शपथ दिलाई।

उनसे पहले, चैनसुख संचेती और जयकुमार रावल (दोनों भाजपा), माणिकराव कोकाटे (राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी) और आशीष जायसवाल (शिवसेना) ने शपथ ली। ऐसा इसलिए किया गया, क्योंकि राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने उन्हें प्रोटेम स्पीकर पैनल के सदस्य के रूप में नियुक्त किया। इन चारों ने शनिवार को सदन के सदस्य के रूप में सबसे पहले शपथ ली। नागपुर दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले मुख्यमंत्री फडणवीस ने सदन के सदस्य के रूप में छठी बार शपथ ली। वह पहली बार 1999 में विधायक चुने गए थे।

**सपा का नेतृत्व विपक्षी एकता के पक्ष में :** सपा के महाराष्ट्र प्रमुख अबू आजमी के एमवीए गठबंधन से बाहर निकलने की घोषणा पर शरद पवार ने कहा कि सपा का केंद्रीय नेतृत्व विपक्षी एकता बनाए रखने के लिए दृढ़ है। विधानसभा में विपक्ष के नेता की नियुक्ति के बारे में एमवीए के घटक दल के पास आवश्यक संख्या नहीं है।



विधानसभा में शनिवार को शिवाजी महाराज की प्रतिमा के पास प्रदर्शन करते विपक्षी नेता। • एएनआई



शपथ लेने पहुंचे सीएम देवेंद्र फडणवीस, डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम अजित पवार। • एएनआई

### आदित्य ठाकरे बोले-शपथ नहीं लेने का फैसला लिया

शपथ के बहिष्कार को लेकर विधान भवन के परिसर में शिवसेना (यूबीटी) के नेता आदित्य ठाकरे ने कहा, एमवीए ने पहले दिन सदन के सदस्य के रूप में शपथ नहीं लेने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि जब कोई सरकार इतने प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में आती है, तो जश्न मनाया जाता है, लेकिन सवाल उठता है कि विजेता कौन है?

### कार्यवाही शुरू होने से पहले हाथ मिलाया

कार्यवाही शुरू होने से पहले, आदित्य ठाकरे ने विधानसभा परिसर में मुख्यमंत्री फडणवीस से हाथ मिलाया। विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष दिलीप वल्से-पाटिल, राहुल नार्वेकर, पूर्व उपसभापति नरहरि झिरवाल, राकांपा के वरिष्ठ नेता छगन भुजबल, भाजपा नेता विजयकुमार गावित ने भी विधायक के रूप में शपथ ली।

### फडणवीस को बुलाने पर 'जय श्री राम' के नारे लगे

जब 'प्रोटेम स्पीकर' ने फडणवीस का नाम पुकारा, तो सत्ता पक्ष के सदस्यों ने मेज थपथपाकर उनका स्वागत किया। कुछ सदस्यों ने 'जय श्री राम' और 'जय भवानी, जय शिवाजी' के नारे लगाए। ऐसे ही नारे शिंदे के लिए लगे। उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पार्टी के सदस्यों ने एक (केवल एक) दादा, अजित दादा के नारे लगाए।

### मराठी, संस्कृत, हिंदी, उर्दू और सिंधी में शपथ ली

महाराष्ट्र विधानसभा में शनिवार को 200 नवनिर्वाचित सदस्यों ने मराठी, संस्कृत, हिंदी, उर्दू और सिंधी में शपथ ली। 200 सदस्यों में से 190 ने मराठी में शपथ ली। भाजपा के सात विधायकों- गिरीश महाजन, सीमा हीरे, प्रशांत ठाकुर, सुधीर गाडगिल, नितेश राणे, प्रताप अडसद और राम कदम ने संस्कृत में शपथ ली।

### एमवीए को चिंता करने की जरूरत नहीं : पवार

पश्चिमी महाराष्ट्र के कोल्हापुर में एनसीपी (एसपी) अध्यक्ष शरद पवार ने शनिवार को कहा कि विपक्ष को अपनी हार पर निराश नहीं होना चाहिए, बल्कि उन लोगों के पास जाना चाहिए जो महायुति चुनाव में भाजपा नीत महायुति की भारी जीत से उत्साहित नहीं दिख रहे हैं।

उन्होंने कहा कि विपक्ष की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना होगी कि सत्तारूढ़ गठबंधन द्वारा किए गए सभी चुनावी वादों को जल्द से जल्द लागू किया जाए।



देश 30s

### 'लिट्टे पर प्रतिबंध अवधि बढ़ाना सही'

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट के एक न्यायाधिकरण ने लिट्टे पर लगाए गए पांच साल के प्रतिबंध को बढ़ाने के सरकार के फैसले को बरकरार रखा। हाईकोर्ट ने कहा कि समूह भारत की स्वायत्तता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए खतरा बना हुआ है। वह अभी भी देश की अखंडता व सुरक्षा के लिए हानिकारक गतिविधियों में शामिल है। न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की पीठ ने कहा कि लिट्टे का उद्देश्य क्षेत्रीय अखंडता को खतरे में डालता है।

### नक्सलियों ने आंगनबाड़ी सहायिका को मार डाला

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों ने आंगनबाड़ी सहायिका की हत्या कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि घटना शुक्रवार रात बासागुड़ा थाना क्षेत्र के तिमापुर गांव की है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार कुछ अज्ञात नक्सलियों ने गांव में 45 वर्षीय लक्ष्मी पदम के घर में घुसकर उसके परिवार के सामने गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी।

### बादल ने गुरुद्वारे में लंगर के बर्तन साफ किए

**चंडीगढ़।** शिरोमणि अकाली दल (एसएडी) के प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने शनिवार को पंजाब के फतेहगढ़ साहिब गुरुद्वारे के बाहर सख्त सुरक्षा के बीच सेवक (सेवादार) की भूमिका निभाई। टूटे पैर के कारण व्हीलचेयर पर बैठे बादल ने कीर्तन सुना और लंगर के बर्तन भी साफ किए। पूर्व उपमुख्यमंत्री और जेड प्लस सुरक्षा प्राप्त बादल गुरुद्वारे में सुरक्षा कर्मियों से घिरे हुए पहुंचे।

### रीताब्रत राज्यसभा उपचुनाव में तृणमूल उम्मीदवार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने शनिवार को पार्टी नेता रीताब्रत बनर्जी को आगामी राज्यसभा उपचुनाव के लिए अपना उम्मीदवार घोषित किया। रीताब्रत 2017 तक माकपा के साथ थे और तृणमूल में शामिल होने से पहले राज्यसभा के सदस्य रह चुके हैं। इस सीट पर दोबारा चुनाव तृणमूल के ही सदस्य जवाहर सरकार के इस्तीफे के कारण हो रहा है।



महाराष्ट्र में नई सरकार के गठन के बाद शनिवार को विधानसभा का विशेष सत्र शुरू हुआ। इस दौरान सत्र में हिस्सा लेने के लिए एनसीपी (अजित पवार) की विधायक सरोज अहिरे पगड़ी पहनकर परिवार के साथ हिस्सा लेने पहुंचीं। • प्रेट्र

# कैबिनेट में दिग्गजों को शामिल करने की चुनौती

**रामनारायण श्रीवास्तव**

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र में महायुति सरकार के मंत्रिमंडल के विस्तार में तीनों ही दलों भाजपा, शिवसेना और राकांपा को अपने प्रमुख नेताओं को शामिल करने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। विधानसभा का सत्र 16 दिसंबर से शुरू होना है, ऐसे में अगले हफ्ते कैबिनेट विस्तार होगा।

इस मंत्रिमंडल के आकार का फार्मूला अलग होगा, जिसमें भाजपा के मंत्री सबसे ज्यादा होंगे। इसके बाद शिवसेना और राकांपा से मंत्री होंगे। हालांकि मंत्रिमंडल का आकार पिछली बार से बड़ा होगा। अभी मुख्यमंत्री और दो उपमुख्यमंत्रियों ने ही शपथ ली है।

**सभी दलों में दावेदार:** महाराष्ट्र में भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति की बड़ी जीत से सभी दलों में एक बड़ी समस्या मंत्री बनने के दावेदारों की है। पिछली बार जोड़-तोड़ कर बनी सरकार में कई नेता हालात को देखते हुए शांत रहे थे, लेकिन अब उनकी दावेदारी बढ़ी है। वरिष्ठ नेताओं को लगता है कि उनको तो मंत्री बनना ही है, वहीं युवा नेता भी बड़ी संख्या में दावेदार हैं।

**ये हैं मंत्री पद के प्रमुख दावेदार :** नई सरकार में मुंडे परिवार से ही अलग-अलग दलों से दो प्रमुख दावेदार हैं। इनमें भाजपा की पंकजा मुंडे और राकांपा के धनंजय मुंडे शामिल हैं। भाजपा में राधाकृष्ण विखे पाटिल, सुधीर मुनगंटीवार, चंद्रकांत पाटिल, गिरीश महाजन, राहुल नार्वेकर, आशीष शेलार, चंद्रशेखर बावनकुले और नितीश राणा प्रमुख हैं। शिवसेना के दादा भुसे, गुलाब राव पाटिल, उदय सामंत, दीपक केसरकर, शंभूराज देसाई, संजय शिरसाट व योगेश कदम के नाम प्रमुख हैं। राकांपा सेछगन भुजबल, दिलीप वलसे पाटिल, धनंजय मुंडे, अदिति तटकरे और हसन मुश्रीफ प्रबल दावेदार हैं।

**महाराष्ट्र सरकार में कुल 43 मंत्री हो सकते हैं**

महाराष्ट्र में कुल 43 मंत्री हो सकते हैं। ऐसे में भाजपा के 21 से 22, शिवसेना से लगभग एक दर्जन और राकांपा से 8 से 10 मंत्री बनाए जा सकते हैं। लेकिन अभी मंत्रियों के पद खाली रखे जाएंगे। पिछली सरकार में भी केवल 29 मंत्री ही थे, जिनमें भाजपा और शिव सेना से 10-10 और बाद में सरकार में शामिल हुई राकांपा से 9 मंत्री थे। सूत्रों कहना है कि विस्तार में भी मंत्रिमंडल की कुल संख्या 35 से 36 रहने की संभावना है। आधा दर्जन मंत्री पद रिक्त रखे जा सकते हैं।

# ईवीएम मुद्दे पर विशेषज्ञों की राय ली जा रही: सुप्रिया सुले

**पुणे, एजेंसी।** एनसीपी (एसपी) नेता सुप्रिया सुले ने शनिवार को कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के जनादेश के मद्देनजर ईवीएम मुद्दे पर विशेषज्ञों की राय ली जा रही है।

विपक्ष ने चुनावों में ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए हैं। सुले ने कहा कि हम सोमवार को अंतिम फैसला लेंगे। कई देशों ने अपने चुनाव प्रक्रिया को मतपत्रों में बदल दिया है। उन्होंने कहा कि ईवीएम मुद्दे पर इंडिया ब्लॉक की बैठक हुई थी।

### अजित पवार को 'राहत' पर कांग्रेस का तंज

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार को आयकर मामले में राहत मिलने के बाद शनिवार को भाजपा पर निशाना साधा। कहा, अब सत्तारूढ़ दल का नया नारा 'मोदी के साथ आओ, अपने सार दाग मिटाओ' है। जयराम रमेश ने कटाक्ष किया, भाजपा की सरकार बनाने के एवज में अजित पर चल रहे आय से अधिक संपत्ति के मामले बंद हो गए।

# नई गति देंगी रेल परियोजनाएं : मुर्मु

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शनिवार को ओडिशा में तीन नई रेलवे लाइन परियोजनाओं की आधारशिला रखी। ये बांगिरीपोषी-गोरुमहिषानी, बुढ़ामरा-चाकुलिया, और बादामपहाड़-केन्दुझरगढ़ रेलवे लाइनों की परियोजनाएं हैं। इस मौके पर ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री जुएल ओराम भी मौजूद रहे।

राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि ये नई रेलवे लाइनें आदिवासी बहुल क्षेत्रों में संपर्क सुधारने, रोजगार के अवसर बढ़ाने और सामाजिक-आर्थिक विकास को गति देने में सहायक होंगी। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से खनिज-समृद्ध क्षेत्रों से कच्चे माल के परिवहन में भी सुविधा मिलेगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि ये परियोजनाएं क्षेत्रीय विकास के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होंगी। इनसेबेहतर परिवहन सेवाओं, स्वास्थ्य और शैक्षिक संस्थानों तक आसान पहुंच मिलेगी।

राष्ट्रपति मुर्मु ने ऑनलाइन माध्यम से रायरंगपुर में तीन अन्य परियोजनाओं की भी आधारशिला रखी। इनमें जनजातीय अनुसंधान एवं विकास केंद्र, डांडबोस हवाई अड्डा, और एक उप-मंडल अस्पताल शामिल हैं।



ओडिशा के रायरंगपुर में शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की मौजूदगी में तीन नई रेलवे परियोजनाओं का शिलान्यास किया। • प्रेट्र

# जीएसटी का नया स्लैब लाने की तैयारी : राहुल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि केंद्र सरकार माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का नया स्लैब लाने की तैयारी कर रही है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी इसका पुरजोर विरोध करेगी। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर कर संग्रह से जुड़ा एक ग्राफिक साझा किया, जिसमें दिखाया गया कि कॉरपोरेट कर के मुकाबले आयकर संग्रह लगातार बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा, अभी शादियों का सीजन चल रहा है। लोग पाई-पाई जोड़ रहे होंगे और सरकार इसी बीच 1500 रुपये से ऊपर के कपड़ों पर जीएसटी दर 12 प्रतिशत से बढ़ाकर 18 प्रतिशत करने जा रही है। राहुल ने आरोप लगाया कि उद्योगियों को कर में छूट देने और उनके सबसे बड़े बड़ा कर्ज माफ करने के लिए गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों की मेहनत की कमाई को टैक्स द्वारा लूटा जा रहा है। उन्होंने कहा, हमारी लड़ाई इसी अन्याय के खिलाफ है। आम लोगों पर पड़ रही टैक्स की मार के खिलाफ हम मजबूती से आवाज उठाएंगे और सरकार पर दबाव बनाएंगे।



कांग्रेस नेता बोले, मेहनत की कमाई को टैक्स से लूटा जा रहा

# मंत्री से रंगदारी मामले में दो दबोचे

**रांची, वसं।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ से 50 लाख रुपये रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस ने दो व्यक्ति को हिरासत में लिया है। उनसे दिल्ली, झारखंड एटीएस और रांची पुलिस लगातार पूछताछ कर रही है। प्रारंभिक पूछताछ में पुलिस को कई अहम जानकारी मिलने की बात सामने आ रही है। सूत्रों के अनुसार, जिन दो लोगों को हिरासत में लिया गया है, वे रांची के कांके क्षेत्र के रहने वाले हैं।

गौरतलब है कि लाल सलाम से संबोधित करते हुए शुक्रवार की देर शाम रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई थी। पैसे नहीं देने पर जान से मारने की भी धमकी दी गई थी।

# निलंबित आईएएस पूजा सिंघल को जमानत मिली

**रांची, संवाददाता।** मनरेगा घोटाले से प्राप्त अवैध आमदनी की मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल को नए कानून भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 (बीएनएसएस) के तहत जमानत की सुविधा दी गई है।

पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में शनिवार को पूजा सिंघल की जमानत याचिका पर ईडी की ओर से बहस की गई। बहस पूरी होने के बाद अदालत ने पूजा सिंघल को जमानत की सुविधा प्रदान की। वे 28 माह बाद जेल से बाहर निकलीं हैं।

पूजा सिंघल के वकील विक्रांत सिन्हा ने बताया कि सुनवाई के दौरान अदालत ने पाया कि पूजा सिंघल जिस मामले में आरोपी हैं, उसमें यह अधिकतम सजा का एक तिहाई जेल में काट चुकी है। अदालत ने इसी आधार पर पूजा सिंघल को जमानत प्रदान की है। पूजा सिंघल को ईडी की टीम ने पूछताछ के दौरान 11 मई 2022 को गिरफ्तार किया था। तब से वह जेल में थीं। एक माह से अधिक समय के लिए औपबंधिक जमानत पर बाहर निकली थीं। पूजा सिंघल कुल 28 महीने जेल में रही हैं।

**28 माह बाद जेल से बाहर निकलीं, नए कानून का लाभ मिला**

# 'वक्फ मुद्दे पर ईसाई समुदाय साथ दे'

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईसाई सांसदों ने कैथोलिक बिशप कॉन्फ्रेंस ऑफ इंडिया (सीबीसीआई) की बैठक में कहा कि ईसाई समुदाय को वक्फ विधेयक पर एक सैद्धांतिक रुख अपनाना चाहिए क्योंकि यह संविधान में निहित अल्पसंख्यकों के अधिकारों को प्रभावित करता है।

कैथोलिक ईसाइयों के शीर्ष संगठन सीबीसीआई ने तीन दिसंबर को ईसाई सांसदों की बैठक बुलाई थी, जिसमें करीब 20 सांसदों ने हिस्सा लिया। सूत्रों ने बताया कि बैठक में तृणमूल कांग्रेस के संसदीय दल के नेता डेरेक ओ ब्रायन, कांग्रेस सांसद हिबी ईडन, डीन कुरियाकोस, एंटो एंटनी और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के सांसद जॉन ब्रिटास शामिल थे, जबकि केंद्रीय मंत्री जॉर्ज कुरियन बाद में इसमें शामिल हुए। सीबीसीआई के अध्यक्ष आर्कबिशप एंड्रयूज ने पहली बार आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक में समुदाय और उसके अधिकारों की रक्षा करने में ईसाई सांसदों की भूमिका, अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से ईसाइयों के खिलाफ बढ़ते हमले तथा ईसाई संस्थानों को निशाना बनाने के लिए विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) के दुरुपयोग पर विचार किया गया। एक सांसद ने कहा कि ईसाई नेतृत्व को संविधान की रक्षा नहीं करने वालों को बाहर निकालने का निर्णय लेना चाहिए।

बैठक में कई विपक्षी सांसदों ने वक्फ (संशोधन) विधेयक के कुछ प्रावधानों पर कड़ी आपत्ति जताई, जो अब संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के विचाराधीन है। केरल के एक सांसद ने बताया कि लोकसभा और 10 राज्य विधानसभाओं में एंग्लो इंडियन (सभी ईसाई) के लिए सीटें समाप्त किए जाने का मुद्दा भी उठाया। हाल के वर्षों में कुछ ईसाई संगठनों के एफसीआरए लाइसेंस रद्द करना का मुद्दा भी उठाया।

**कैथोलिक बिशप कॉन्फ्रेंस ऑफ इंडिया की बैठक में बोले ईसाई**

# 'धर्म स्थल कानून से छेड़छाड़ बंद हो'

**नई दिल्ली, प्रसं।** जमात-ए-इस्लामी हिंद ने शनिवार को सर्वेक्षण के नाम पर धार्मिक स्थलों के सुरक्षा कानून उपासना स्थल अधिनियम 1991 के साथ छेड़छाड़ बंद करने की मांग की है।

जमात-ए-इस्लामी हिंद के उपाध्यक्ष मलिक मोअतसिम खान ने कहा कि सभी इबादतगाहों के 15 अगस्त, 1947 की यथास्थिति सुनिश्चित करके सांप्रदायिक तनाव रोकने के इरादे से उपासना स्थल अधिनियम, 1991 को अधिनियमित किया गया था। कानून के स्पष्ट प्रावधानों के बावजूद धार्मिक स्थलों के बारे में झूठे और राजनीति से प्रेरित दावे किए जा रहे हैं।

# बजट पूर्व बैठक में किसान निधि बढ़ाने की मांग

**मंथन**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** किसानों और कृषि क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने शनिवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ बजट से पूर्व बैठक हुई। इसमें सस्ती कृषि ऋण सुविधा, कम कर दरें और पीएम-किसान योजना (किसान सम्मान निधि) की वार्षिक राशि दोगुनी करने की मांग की।

बैठक में कृषि ऋण ब्याज दर को एक प्रतिशत तक घटाने का सुझाव, पीएम किसान की वार्षिक सहायता राशि को छह हजार से बढ़ाकर 12 हजार करने की मांग की गई। साथ ही छोटे किसानों के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में शून्य प्रीमियम का प्रस्ताव दिया गया। कृषि उपकरण, खाद, बीज और दवाओं पर जीएसटी में कटौती की मांग के साथ पीएचडी चैंबर्स ने कीटनाशकों पर जीएसटी 18 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत करने की अपील की। इनके अलावा एमएसपी में अधिक फसलों को शामिल करने और उचित मूल्य निर्धारण की मांग और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से कम दर पर आयात पर रोक लगाने का सुझाव भी दिया गया।

कृषि को समवर्ती सूची में शामिल करने और भारतीय कृषि सेवा की स्थापना, कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए रणनीतिक निवेश की योजना बनाने की भी बात कही।

बैठक में वित्त और कृषि मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी और विभिन्न किसान संगठनों, कृषि उद्योग के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।



नई दिल्ली में शनिवार को बजट पूर्व बैठक में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण। • प्रेट्र

**तकनीक** लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए सारथी पोर्टल पर शामिल किया गया नया विकल्प, आवेदक का सत्यापन करने के लिए एआई तकनीक का हो रहा इस्तेमाल

# डीएल टेस्ट के लिए पहले पांच बार पलकें झपकाकर हंसिए

**अंकित शुक्ल**

**बरेली।** ड्राइविंग लाइसेंस बनवाना है तो अब सारथी पोर्टल पर ऑनलाइन टेस्ट से पहले आवेदक को पांच बार हंसना और इतनी ही बार पलकें झपकानी होंगी। इसके बाद ही टेस्ट शुरू हो सकेगा। इसकी मॉनीटरिंग एआई के जरिए होगी। परिवहन विभाग ने यह पहल दलालों की सेंधमारी रोकने के लिए की है।

पूरे प्रदेश में अब लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस ऑनलाइन घर बैठे, कैफे या जनसुविधा केंद्र से बनवाने की छूट दी गई है। इसके लिए आवेदक को आधार कार्ड पर पंजीकृत मोबाइल नंबर पर आने वाले ओटीपी की मदद से ऑनलाइन टेस्ट देना होता है। ऑनलाइन टेस्ट में दूसरों के द्वारा परीक्षा देने की लगातार शिकायतें विभागीय अधिकारियों को मिल रही थीं। ऐसे में अब आवेदक ही टेस्ट में बैठे इसके लिए एआई तकनीक का सहारा लिया गया है। सही आवेदक ही लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस बनवा सकें इसके लिए पोर्टल पर नया विकल्प जोड़कर उसकी मदद से ड्राइविंग लाइसेंस बनने शुरू हो गए हैं। आरटीओ प्रशासन कमल गुप्ता ने बताया कि बरेली मंडल में एक माह में पांच हजार से अधिक लर्निंग लाइसेंस के आवेदन आते हैं।





### ऐसे काम करेगा एआई

हंसने और पलकें झपकाने से चेहरे की भावभंगिमा बदलती है। पांच बार हंसने और पलकें झपकाने से आए एक्सप्रेशन सारथी पोर्टल पर वीडियो में कैद हो जाते हैं, जिसे एआई डेटाबेस में सुरक्षित कर लेता है। टेस्ट शुरू होने के बाद एआई आवेदक के चेहरे के एक्सप्रेशन को डेटाबेस से मैच करता रहता है। ऐसे में यदि टेस्ट शुरू होने से पहले हंसने वाले एक्सप्रेशन बाद की भावभंगिमा से मैच नहीं करेंगे तो आवेदन रद्द हो जाएगा।

### अभी तक नहीं थी ऐसी व्यवस्था

परिवहन विभाग ने सारथी पोर्टल पर एआई तकनीक के जरिए एक नया विकल्प शामिल किया है। अब लर्निंग लाइसेंस बनवाने के लिए आवेदक को कैमरे के सामने तीन से पांच बार हंसने व पलकें झपकानी होंगी। इसके बाद टेस्ट में पास होने पर लर्निंग लाइसेंस जारी होगा। अभी तक हंसने व पलकें झपकाने की जरूरत नहीं थी।

### फर्जीवाड़े पर काफी हद तक लगेगा अंकुश

एआरटीओ प्रशासन मनोज सिंह ने बताया कि लर्निंग लाइसेंस बनवाने में होने वाली सेंधमारी को रोकने के लिए सारथी पोर्टल पर कुछ विकल्पों को जोड़ा गया है, ताकि सेंधमारी न हो सके। उम्मीद है कि नई व्यवस्था से फर्जीवाड़े पर अंकुश लगेगा।

> अब एआई का इस्तेमाल है। आवेदक को हंसना, पलकें झपकानी पड़ रही हैं। फिर टेस्ट पास करने पर लाइसेंस जारी होगा।
> -मानवेंद्र प्रताप सिंह, आरटीओ

# दो बंदरों की छीना झपटी से रुका ट्रेनों का परिचालन

**समस्तीपुर, वसं।** समस्तीपुर स्टेशन पर शनिवार सुबह दो बंदरों की छीना झपटी ने ट्रेनों का परिचालन ठप कर दिया। करीब आधा घंटा तक समस्तीपुर स्टेशन के कंट्रोल से चलने वाली ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हुआ।

हुआ यह था कि शनिवार सुबह करीब 9:17 बजे स्टेशन के पास अक्सर मंडराने वाले दो बंदर पूरब साइड एएचओबी के पास थे। नीचे पैसेंजर ट्रेन की खाली रैक लगी हुई थी। एक बंदर के पास प्लास्टिक का सामान था। जिसे दूसरा बंदर छीनने की कोशिश कर रहा था जबकि दूसरा बंदर सामान अपने पास रखने की कोशिश में था। दोनों की आपसी छीना झपटी में ओवरब्रिज के नीचे स्थित ओवरहेड इलेक्ट्रिक तार पर सामान गिर गया। जिसके बाद 25 हजार वोल्ट वाले तार से आवाज के साथ आग की चिंगारी निकलने लगी। आवाज सुन आरपीएफ इंस्पेक्टर वेद प्रकाश जवानों के साथ ओवरब्रिज के पास पहुंचे और बिजली के तार से तेज आवाज के साथ चिंगारी निकलते देख तुरंत कंट्रोल को सूचना दे बिजली कटवाई।

अमेरिकी कांग्रेस के नेता राजा कृष्णमूर्ति ने बांग्लादेश से तुरंत कदम उठाने को कहा

# बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा अस्वीकार्य : अमेरिकी सांसद

**नाराजगी**

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी कांग्रेस के नेता राजा कृष्णमूर्ति ने संत चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी की गिरफ्तारी के बाद बांग्लादेश में फैली अशांति पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा, बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य लोगों के खिलाफ जारी हिंसा अस्वीकार्य है और इसे तुरंत समाप्त किया जाना चाहिए।

उन्होंने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार से मानवाधिकारों को बनाए रखने, कानूनी सुरक्षा की गारंटी देने और हिंदुओं पर हो रहे हमले को समाप्त करने का आग्रह किया। साथ ही कहा, मैं बांग्लादेश की सरकार से हिंसा को तुरंत रोकने की अपील करता हूं।

कृष्णमूर्ति ने कहा, बांग्लादेश सरकार को शांतिपूर्ण विरोध और उचित कानूनी प्रतिनिधित्व के अधिकारों सहित मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रताओं को बनाए रखना चाहिए और उनकी रक्षा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मौजूदा तनाव को कम करने के लिए ऐसे उपाय महत्वपूर्ण हैं।

**अमेरिका के दो शहरों में होगा विरोध-प्रदर्शन :** बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार और हिंसा का मुद्दा अमेरिका में भी गरमा गया है। शिकागो और वाशिंगटन में विरोध-प्रदर्शनों की तैयारी की जा रही है। अमेरिका में भारतीय समुदाय इस हिंसा के विरोध में आने वाले दो दिन यानि आठ और नौ दिसंबर को विरोध-प्रदर्शन की तैयारी कर रहा है। ये रैलियां शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित होंगी। वाशिंगटन में व्हाइट हाउस के पास एक रैली होगी और दूसरी शिकागो में होगी।

**असम में बांग्लादेशियों पर नहीं रुकने देंगे :** असम की बराक घाटी में होटल और रेस्तरां मालिकों ने घोषणा की है कि वे बांग्लादेशी नागरिकों को अपनी सेवाएं नहीं देंगे।



बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में शनिवार को मेरठ में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रदर्शन किया। • प्रेट

### हिंदुओं पर हमले के खिलाफ प्रदर्शन

मेरठ। बांग्लादेश में हिन्दू समाज के लोगों पर हमले के विरोध में शनिवार को मेरठ में कमिश्नरी चौराहा स्थित चौधरी चरण सिंह पार्क और शामली में कलक्ट्रेट पर हजारों लोग एकत्र हुए और बांग्लादेश के खिलाफ नारेबाजी की। सनातन धर्म सभा ने केंद्र सरकार सख्त कार्रवाई की मांग की।

### कांग्रेस बांग्लादेश पर चुप क्यों : मायावती

लखनऊ। बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा है कि कांग्रेस की गलतियों की वजह से आज बांग्लादेश में हिंदू हिंसा के शिकार हो रहे हैं। इनमें दलितों की संख्या अधिक है, लेकिन कांग्रेस चुप है और मुस्लिम वोट के लिए सिर्फ संभल-संभल चिल्ला रही है। मायावती ने कांग्रेस, सपा एक ही थाली के चट्टा-बट्टा बताया।

## दक्षिणी कोरियाई राष्ट्रपति यून सूक महाभियोग से बचे

**राहत**

**सियोल, एजेंसी।** दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सूक येओल शनिवार को महाभियोग से बच गए। सत्ताधारी सत्तारूढ़ पीपुल्स पावर पार्टी (पीपीपी) द्वारा मतदान का बहिष्कार किए जाने के बाद प्रस्ताव विफल हो गया।

मतदान के लिए विपक्षी सांसदों ने दोपहर को बैठक शुरू की। यून पर महाभियोग चलाने के लिए, नेशनल असेंबली के 300 सदस्यों में से 200 का समर्थन चाहिए था। विपक्षी दलों के पास संयुक्त रूप से कुल 192 सीट हैं। उन्हें येओल की पार्टी के आठ सांसदों का समर्थन चाहिए था, जो नहीं मिल सका। केवल तीन पीपीपी सांसदों आह्न चेओल-सू, किम ये-जी व किम सांग-वुक ने अंत में मतदान किया।

**असेंबली के स्पीकर ने की घोषणा :** नेशनल असेंबली के स्पीकर वू वोन-शिक ने कहा, मतदान करने वाले सदस्यों की संख्या आवश्यक दो-तिहाई बहुमत तक नहीं पहुंच पाई, जिसके कारण प्रस्ताव नहीं हो सका। बोले, यह बहुत खेदजनक है कि इतने महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मुद्दे पर भी मतदान नहीं हो सका। वह सत्तारूढ़ पार्टी की ओर से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में शामिल होने में विफलता को दर्शाता है। पीपीपी ने मतदान के बाद दावा किया कि उसने गंभीर विभाजन से बचने के लिए महाभियोग को रोक दिया था। कहा कि वह इस संकट को अधिक व्यवस्थित और जिम्मेदार तरीके से हल करेगी।



### राष्ट्रपति ने मार्शल लॉ के लिए जनता से माफी मांगी

दक्षिण कोरिया में मार्शल लॉ लागू करने के प्रयास को लेकर राष्ट्रपति यून सूक येओल ने शनिवार सुबह माफी मांगी। कहा, मार्शल लॉ के प्रयास की जिम्मेदारी से बचूंगा नहीं। येओल ने शनिवार सुबह टेलीविजन पर प्रसारित एक संक्षिप्त संबोधन में कहा कि वह मार्शल लॉ लगाने की कोशिश के लिए कानूनी, राजनीतिक जिम्मेदारी से पीछे नहीं हटेंगे और उन्होंने इसे लागू करने का कोई और प्रयास न करने का वादा किया।

### पत्नी कियोन को भी राहत

महाभियोग प्रस्ताव से पहले शनिवार को राष्ट्रपति की पत्नी किम कियोन ही के खिलाफ विशेष जांच शुरू करने की मांग वाला प्रस्ताव भी विफल हुआ। कियोन-ही पर भ्रष्टाचार और सत्ता के दुरुपयोग के आरोप लगाए जा रहे थे।

**संसद के बाहर जमा हुए डेढ़ लाख लोग :** मतदान के समय संसद के बाहर करीब 1.50 लाख लोग जमा हुए। हालांकि प्रस्ताव पर मुहर न लगने के कारण इन्हें निराशा हाथ लगी।

**देश-विदेश 30s**

### अफगान सीमा पर 22 आतंकी ढेर

**इस्लामाबाद।** पाक में अफगानिस्तान की सीमा के पास शनिवार को आतंकियों और सेना के बीच हुई मुठभेड़ में छह सैनिकों और 22 आतंकियों की मौत हो गई। सेना के बयान में कहा गया है कि वजीरिस्तान और उसके आस-पास के क्षेत्रों में सैनिकों के चलाए गए अभियान के बाद तीन जिलों में गोलीबारी हुई। टीटीपी ने कहा कि उसके लड़ाकों ने सुरक्षा चौकी पर हमला कर सैनिकों को मार डाला।

### लोंगेवाला में 108 फीट ऊंचे मस्तूल पर झंडा फहराया

**नई दिल्ली।** लोंगेवाला युद्धस्थल पर 108 फीट ऊंचे मस्तूल पर शनिवार को राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। तिरंगा फहराकर 1971 के भारत-पाक युद्ध के दौरान भारतीय सैनिकों की असाधारण बहादुरी और वीरता को श्रद्धांजलि दी गई। यह ध्वज स्थापना भारतीय सेना और फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त प्रयासों से संभव हुई।

### आइवरी कोस्ट में सड़क हादसा, 26 लोगों की मौत

**आबिदजान।** अफ्रीका के आइवरी कोस्ट में शनिवार को दो बसों की टक्कर में 26 लोगों की मौत हो गई और 28 अन्य घायल हो गए। परिवहन मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि देश के मध्य-पश्चिम में ब्रोकोआ गांव में दो बसों की टक्कर हो गई। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। मंत्रालय के अनुसार, मारे गए 26 लोगों में से दस की मौत टक्कर के बाद लगी आग में झुलसने से हुई।

### अमेरिका में महात्मा गांधी स्मृति दिवस मनाया गया

**न्यूयॉर्क/सिएटल।** अमेरिका के नेब्रास्का प्रांत में छह दिसंबर को महात्मा गांधी स्मृति दिवस घोषित किया गया और नेब्रास्का के गवर्नर जिम पिलेन ने स्टेट कैपिटल परिसर में महात्मा की आवक्ष प्रतिमा का अनावरण किया। यह सिएटल में भारतीय वाणिज्य दूतावास के क्षेत्राधिकार में आने वाले नौ राज्यों में से किसी राज्य के स्टेट कैपिटल परिसर में स्थापित गांधी की पहली आवक्ष प्रतिमा है।

### चीन-नेपाल समझौते से भारत को लाभ : महासेठ

**काठमांडू।** नेपाल के पूर्व उपप्रधानमंत्री रघुवीर महासेठ ने चीन-नेपाल के बीच हुए बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) समझौते को सही बताया। कहा, इससे भारत को भी लाभ हो सकता है। सत्तारूढ़ नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के नेता महासेठ ने शुक्रवार को कहा कि अगर चीन नेपाल को जोड़ने के लिए रेलवे व सड़क जैसे बुनियादी ढांचे बनाता है तो इसका उपयोग भारत भी कर सकता है।



मलेशिया के बेंटोंग कैंप में 15 दिवसीय संयुक्त युद्धाभ्यास के पहले दिन शनिवार को भारत और मलेशिया के सैनिक आतंकियों से निपटने की ड्रिल करते हुए। • एएनआई

### भारत-मलेशिया की सेनाओं ने दिखाया दमखम

**बेंटोंग।** हरिमाऊ शक्ति 2024 भारत और मलेशिया की सेनाओं के बीच 15 दिवसीय संयुक्त सैन्य अभ्यास का चौथा संस्करण शनिवार को मलेशिया के पहांग जिले के बेंटोंग कैंप में शुरू हुआ। इसका उद्देश्य द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को मजबूत करना है। शनिवार को घात लगाने की रणनीतियों, घातरोधी तकनीकों और दुश्मन के ठिकानों पर छापेमारी जैसी तकनीकों का सेनाओं ने अभ्यास किया।

## पटना में खान सर अस्पताल में भर्ती

**पटना, हि. ब्यू.।** चर्चित कोचिंग संचालक फैसल खान उर्फ खान सर की तबीयत बिगड़ने के बाद शनिवार को उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वह राजेंद्रनगर इलाके के एक निजी अस्पताल में भर्ती हैं, जहां उनकी हालत खतरे से बाहर है।

अस्पताल के निदेशक डॉक्टर सतीश कुमार सिंह ने बताया कि खान सर को सर्दी- खांसी के साथ शरीर में पानी की कमी की शिकायत थी। वह बहुत कमजोरी महसूस कर रहे थे। वे अस्पताल के प्राइवेट कक्ष में भर्ती हैं।

# अमेरिका ने भारत विरोधी एजेंडे के आरोप नकारे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका ने भाजपा के भारत-विरोधी एजेंडा समर्थन के आरोपों को खारिज कर दिया। अमेरिका ने शनिवार को भाजपा के उन आरोपों को खारिज किया है, जिनमें कहा गया था कि अमेरिकी सरकार और डीप स्टेट के तत्व भारत को अस्थिर करने की साजिश कर रहे हैं।

भाजपा ने ओसीसीआरपी नामक मीडिया पोर्टल और कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भारत की छवि खराब करने की साजिश का आरोप लगाया था। अमेरिकी दूतावास के प्रवक्ता ने कहा कि यह निराशाजनक है कि भारत की सत्तारूढ़ पार्टी ने इस तरह का आरोप लगाया। वे दुनियाभर में मीडिया स्वतंत्रता के समर्थक हैं। अमेरिकी सरकार स्वतंत्र मीडिया की ऐसी संस्थाओं को समर्थन देती है, जो पत्रकारों के पेशेवर विकास और प्रशिक्षण को बढ़ावा देती हैं, लेकिन उनके संपादकीय निर्णयों में हस्तक्षेप नहीं करती। वहीं, भाजपा ने एक फ्रांसीसी मीडिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए दावा किया कि ओसीसीआरपी को अमेरिकी विदेश विभाग की यूएसएआईडी, जॉर्ज सोरोस, और रॉकफेलर फाउंडेशन जैसे डीप स्टेट तत्वों द्वारा वित्त पोषित किया गया है।

### ओसीसीआरपी क्या है और क्या काम करता है?

ओसीसीआरपी एम्स्टर्डम का एक मीडिया प्लेटफॉर्म है। ये मुख्य रूप से अपराध और भ्रष्टाचार से संबंधित खबरों पर फोकस करता है। भाजपा ने एक फ्रांसीसी मीडिया रिपोर्ट के हवाले से कहा था कि ओसीसीआरपी को अमेरिकी विदेश मंत्रालय के यूएसएआईडी द्वारा वित्तपोषित किया जाता है। इसमें कारोबारी जॉर्ज सोरोस और रॉकफेलर फाउंडेशन जैसे डीप स्टेट के अन्य लोग भी शामिल हैं।

**अदाणी समूह पर क्या आरोप है :** बीते महीने अमेरिकी अभियोजकों ने गौतम अदाणी और उनके भतीजे सागर सहित अन्य आरोपियों पर 2020 से 2024 के बीच भारत सरकार के अधिकारियों को 250 मिलियन डॉलर से अधिक की रिश्वत देने का आरोप लगाया था। जिससे वे सौर उर्जा के अनुबंध को हासिल कर सकें। कांग्रेस ने इन आरोपों की जांच की मांग की भी की। साथ ही सरकार पर अदाणी को बचाने का आरोप लगाया। हालांकि अदाणी समूह ने इन आरोपों को बेबुनियाद बताया।

## डेनमार्क ने एफ-16 विमान यूक्रेन को दिए

**कीव।** फ्रांस के नेताओं से मिलने पेरिस पहुंचे यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने शनिवार को कहा कि डेनमार्क ने यूक्रेन को एफ-16 लड़ाकू विमानों की दूसरी खेप उपलब्ध करा दी है।

इस बीच, यूक्रेन की आपातकालीन सेवा ने कहा कि क्रिवीरिह शहर पर शुक्रवार को हुए हमले में तीन अन्य लोग मारे गए। हमलों का जिक्र करते हुए जेलेंस्की ने कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन शांति नहीं चाहते।

## सीरिया में संघर्ष तेज, होम्स पर कब्जे के लिए जंग जारी

**गृहयुद्ध**

**अम्मान, एजेंसी।** सीरिया में विद्रोहियों और सेना के बीच संघर्ष तेज हो गया है। विद्रोही होम्स शहर पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं, वहीं सेना राष्ट्रपति बशर अल-असद के 24 साल के शासन को बचाने की कोशिश में है।

सेना ने शनिवार को होम्स के आसपास विद्रोहियों के ठिकानों पर बमबारी की। विद्रोहियों के अलेप्पो में घुसने के बाद से, देश भर में सरकारी सुरक्षा व्यवस्थाएं बहुत तेजी से ढह गई हैं, क्योंकि विद्रोहियों ने कई प्रमुख शहरों पर कब्जा कर लिया है और उन जगहों पर उठ खड़े हुए हैं, जहां विद्रोह लंबे समय से खत्म दिख रहा था। सुवेदा, देरा में भी विद्रोह हो रहा है।

सीरिया की सेना ने कहा कि वह हमा और होम्स के आसपास हवाई हमले कर रही है और उस मोर्चे पर मजबूती बढ़ा रही है। उसने यह भी कहा कि वह देरा और सुवेदा के आसपास फिर से अपनी स्थिति मजबूत कर रही है। पश्चिमी देशों का कहना है कि सीरियाई सेना एक मुश्किल स्थिति में है, जो विद्रोहियों की बढ़त को रोकने में असमर्थ है और पीछे हटने के लिए मजबूर है।

**कई क्षेत्रों से हटी सेना :** सीरियाई सेना दक्षिणी सीरिया के अधिकांश भाग से हट गई है। विद्रोहियों द्वारा तेजी से आगे बढ़ना सीरिया के लिए भाग्य का एक आश्चर्यजनक उलटफेर है उसका मुख्य अंतरराष्ट्रीय समर्थक, रूस, यूक्रेन में अपने युद्ध में व्यस्त है, और लेबनान का शक्तिशाली हिजबुल्ला, जिसने एक समय में अपनी सेना को मजबूत करने के लिए हजारों लड़ाके भेजे थे वह इजरायल के साथ युद्ध में कमजोर हो चुका है। ऐसे में विद्रोही मौके का पूरा फायदा उठा रहे हैं।

**24** साल के शासन को बचाने की कोशिश में जुटे राष्ट्रपति बशर

**02** बड़े शहरों ओलप्पो व हमा पर पहले ही कब्जा कर चुके हैं विद्रोही

### मदद के लिए हिजबुल्ला ने भेजे 2000 लड़ाके

सीरियाई सेना का समर्थन करने के लिए हिजबुल्ला ने अपने दो हजार लड़ाके सीरिया भेजे हैं। उधर, ईरान समर्थित इराकी मिलिशिया समूह भी हाई अलर्ट पर हैं। उसके हजारों लड़ाके भारी हथियारों से लैस सीरिया जाने के लिए तैयार हैं। उनमें से कई सीमा के पास जमा हैं। लेकिन उन्हें अभी तक सीमा पार करने का आदेश नहीं दिया गया है।

### कई देशों ने नागरिकों से सीरिया छोड़ने को कहा

रूस, अमेरिका, ईरान समेत कई देशों ने अपने नागरिकों से सीरिया छोड़ने की अपील की है। ईरान के एक अधिकारी ने कहा कि ईरान ने सीरिया से राजनयिकों के परिवारों को निकाला।

# रूस-यूक्रेन में वार्ता संभव : जयशंकर

**दोहा (कतर), एजेंसी।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को दोहा फोरम में अधिक नवोन्मेषी और भागीदारीपूर्ण कूटनीति का आह्वान करते हुए कहा कि सूई रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध जारी रहने के बजाय बातचीत की वास्तविकता की ओर बढ़ रही है।

जयशंकर ने खाड़ी और भूमध्य सागर क्षेत्र में संघर्ष की स्थिति के कारण भारत सहित सभी देशों पर तेल, उर्वरक और शिपिंग (नौपरिवहन) आदि की लागत में वृद्धि के प्रभाव पर भी प्रकाश डाला। जयशंकर कतर के प्रधानमंत्री एवं विदेश राज्य मंत्री मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान के निमंत्रण पर दोहा फोरम में भाग लेने के लिए दोहा की यात्रा पर हैं। जयशंकर नॉर्वे के विदेश मंत्री एस्पेन बार्थ ईडे के साथ एक पैनल को संबोधित कर रहे थे।

**दुनिया अस्त-व्यस्त है :** उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि राजनयिकों को खुद से कहना होगा, यह दुनिया अस्तव्यस्त है। 60 और 70 के दशक का वह दौर हमारे पीछे है, जब (संयुक्त राष्ट्र) सुरक्षा परिषद या कुछ पश्चिमी शक्तियां (ऐसे संघर्षों) का प्रबंधन करती थीं उन्होंने कहा कि सभी देशों को आगे बढ़ने की जरूरत है।



एस जयशंकर दोहा फोरम को संबोधित करते हुए।

### भारत की पहल का हवाला दिया

जब रूस-यूक्रेन संघर्ष के संदर्भ में भारत की भूमिका के बारे में पूछा गया तो जयशंकर ने कहा, हमें लगता है कि युद्ध जारी रहने के बजाय वर्तमान स्थिति बातचीत की ओर बढ़ रही है। कहा, भारत कैसे मॉस्को जाकर पुतिन से बात की थी। ऐसे बढ़ना होगा।

## 'कूवाकाड को कार्डिनल बनाया जाना गर्व की बात'

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के आर्चबिशप जॉर्ज कूवाकाड को पोप फ्रांसिस द्वारा कार्डिनल बनाया जाएगा। यह जानकारी शनिवार को पीएमओ ने दी। पीएमओ ने कहा कि यह देश के लिए बहुत गर्व की बात है।

भारत सरकार ने वेटिकन सिटी में इस समारोह का गवाह बनने के लिए केंद्रीय मंत्री जॉर्ज कुरियन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल भेजा है। पीएमओ ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, यह भारत के लिए गर्व की बात है कि आर्चबिशप जॉर्ज कूवाकाड को परम पूज्य पोप फ्रांसिस द्वारा कार्डिनल बनाया जाएगा।

# फिल्म निर्माता सुभाष घई लीलावती अस्पताल में भर्ती

**मुंबई, एजेंसी।** फिल्म निर्माता सुभाष घई को मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती किया गया है। 78 वर्षीय फिल्ममेकर की हालत गंभीर है। अस्पताल के सूत्रों के अनुसार, घई को दिल से संबंधित बीमारी है। हाल ही में उन्हें अंडरएक्टिव थायरॉयड का भी पता चला है। प्रारंभिक सीटी एंजियो और रक्त जांच उनकी उम्र के अनुसार सामान्य पाई गईं।

घई के गर्दन के अल्ट्रासाउंड में थायरॉयडिटिस के संकेत मिले हैं, जबकि प्रोस्टेट के ट्रांसरेक्टल अल्ट्रासाउंड में बाएं लोब में हाइपोचोइक घाव देखा गया। जिसमें सीरम प्रोस्टेट-विशिष्ट एंटीजन (पीएसए) का स्तर 100 से अधिक पाया गया। अस्पताल ने कहा कि घई का इलाज जारी है। समय-समय पर स्थिति की बारीकी से निगरानी की जा रही है। वहीं, सुभाष घई के प्रवक्ता ने लिखा, सुभाष घई पूरी तरह ठीक हैं।



दिल से संबंधित बीमारी से जूझ रहे हैं घई

# आईजी स्तर के अधिकारी के आदेश पर ही फोन टैपिंग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने फोन इंटरसेप्शन के लिए नए नियम जारी किए हैं। इसके तहत राज्य स्तर पर पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) और ऊपर के अधिकारियों को आपातकालीन मामलों में इंटरसेप्शन आदेश जारी करने के लिए अधिकृत किया गया है।

दूरसंचार विभाग ने छह दिसंबर को प्रकाशित एक अधिसूचना में कहा कि अगर सक्षम प्राधिकारी आपातकालीन मामलों में आदेश जारी होने के दिन से सात कार्य दिवसों के भीतर ऐसे आदेश की पुष्टि नहीं करता है, तो इंटरसेप्ट किए गए संदेशों को किसी भी उद्देश्य के लिए उपयोग करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। साथ ही इन संदेशों की प्रति को दो कार्य दिवसों के भीतर नष्ट करना होगा।

अधिसूचना में कहा गया है कि जहां सक्षम प्राधिकारी के लिए दूरदराज के क्षेत्रों में या परिचालन कारणों से आदेश जारी करना संभव नहीं है, तो इंटरसेप्शन आदेश केंद्रीय स्तर पर अधिकृत एजेंसी के प्रमुख या दूसरे स्तर के सबसे वरिष्ठ अधिकारी जारी कर सकते हैं।

- केंद्र सरकार ने सुरक्षा के मद्देनजर जारी किए नए नियम

## इमरान के खिलाफ पाक में 188 मामले

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाक के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ 188 मामलों पर सुनवाई और जांच चल रही है। खान ने सरकार पर तानाशाही का आरोप लगाया।

खान की बहन नोरीन नियाजी द्वारा दायर याचिका के आदेश पर शुक्रवार को आंतरिक मंत्रालय ने इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) में मामलों का आंकड़ा पेश किया। इमरान पर पंजाब में 99, इस्लामाबाद में 76 और खैबर पख्तूनख्वा में दो मामले दर्ज हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि खान संघीय जांच एजेंसी द्वारा सात जांच और राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो द्वारा तीन मामलों में भी आरोपी हैं। तोशाखाना मामले में एक अपील भी लंबित है।

# ब्रिटेन में भारतीय मूल के दो लोगों से सम्मान वापस

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय ने भारतीय समुदाय के दो लोगों को मिला सम्मान निरस्त कर दिया गया। उन पर सम्मान के नियमों को न मानने का आरोप है।

भारतीय मूल के सदस्य रमिंदर सिंह रेंजर को 2015 में कमांडर ऑफ द ब्रिटिश एम्पायर (सीबीई) का सम्मान दिया गया था। वहीं, अनिल कुमार भनोट को ऑफिसर ऑफ द सिविल डिविजन ऑफ द मोस्ट एक्सीलेंट ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश एम्पायर (ओबीई) के रूप नियुक्ति दी गई थी, जिसे रद्द कर दिया गया। उन्हें जून 2010 में दिवंगत महारानी के जन्मदिन के अवसर पर हिंदू समुदाय और अंतर-धार्मिक संबंधों में उनकी सेवाओं के लिए ओबीई की उपाधि से सम्मानित किया गया था। महाराजा ने निर्देश दिया है कि अनिल कुमार की नियुक्ति को रद्द कर दिया जाएगा और उनका नाम उक्त आदेश के रजिस्टर से मिटा दिया जाएगा। हिंदू समुदाय और अंतर-धार्मिक संबंधों में सेवाओं के लिए रमिंदर के प्रवक्ता ने इस फैसले को चुनौती देने की बात कही है।

- नियमों के उल्लंघन के आरोप में महाराजा चार्ल्स ने सम्मान निरस्त किया

## हथियार तस्करी में तीन लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एनआईए ने मिजोरम से तीन लोगों को सीमा पार हथियार और गोला-बारूद की तस्करी के सिंडिकेट का हिस्सा होने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

शनिवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। गिरफ्तार लोगों में लालरिनछुंगा, वनलालडैलोवा और लालमुआनपुइया शामिल हैं, जिन्हें शुक्रवार को मिजोरम के छह स्थानों पर व्यापक छापेमारी के बाद हिरासत में लिया गया। एनआईए के बयान के अनुसार ये तीनों पहले गिरफ्तार किए गए कुछ अन्य आरोपियों और संदिग्धों से जुड़े हुए थे और विस्फोटक, हथियार और गोला-बारूद की तस्करी नेटवर्क में सक्रिय रूप से शामिल थे।

**धोखाधड़ी** | पंजाब में बताया गया विवाह स्थल भी मौजूद नहीं मिला, दूल्हे ने पुलिस में दर्ज कराई शिकायत

# दुबई से आया दूल्हा, शादी से पहले दुल्हन गायब

**चंडीगढ़, एजेंसी।** विवाह के लिए दुबई से आए एक व्यक्ति और उसके साथ 150 बारातियों को उस समय झटका लगा जब वे पंजाब के मोगा पहुंचे, जहां उन्हें पता चला कि दुल्हन गायब है और विवाह स्थल भी मौजूद नहीं है। घटना के बाद दूल्हे ने लड़की के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दीपक कुमार (24) एक महीने पहले दुबई से जालंधर मनप्रीत कौर से शादी करने आया था। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, कुमार और कौर तीन साल पहले सोशल मीडिया पर जुड़े थे, लेकिन कभी आमने-सामने नहीं मिले। कुमार ने कहा कि वह अपने परिवार के साथ जालंधर के मंडियाली गांव से मोगा में अपनी शादी के लिए आए थे, जहां दुल्हन के परिवार ने बुलाया था।

**इंतजार के बाद भी नहीं पहुंचा कोई :** मोगा पहुंचने पर दुल्हन के परिवार ने बताया कि कुछ लोग उन्हें और उनके परिवार को विवाह स्थल तक ले जाएंगे। हालांकि, शाम पांच बजे तक इंतजार करने के बाद भी कोई नहीं आया। कुमार ने कहा कि उन्होंने स्थानीय लोगों से 'रोज गार्डन पैलेस' स्थल के बारे में पूछा, लेकिन उन्होंने बताया कि मोगा में ऐसी कोई जगह नहीं है।

**पुलिस मामले की जांच कर रही :** मोगा के सहायक उपनिरीक्षक हरजिंदर सिंह ने कहा कि दीपक कुमार की ओर से मिली शिकायत दर्ज कर ली गई है। जब दूल्हे का परिवार दुल्हन से संपर्क नहीं कर सका क्योंकि उसका फोन बंद था। उन्होंने कहा कि मामले में जांच जारी है।

### तीन सालों से सोशल मीडिया के जरिए संपर्क में था

कुमार ने बताया कि वह दुबई में श्रमिक है और पिछले तीन सालों से सोशल मीडिया के जरिए कौर के संपर्क में था। कुमार ने कौर की सिर्फ तस्वीरें ही देखी थीं। अधिकारियों ने बताया कि दोनों के माता-पिता ने फोन कॉल के जरिए शादी की व्यवस्था की थी। उन्होंने यह भी दावा किया कि उन्होंने पहले ही कौर को 50,000 रुपये ट्रांसफर कर दिए थे। कुमार के पिता प्रेम चंद ने बताया कि वह 150 बारातियों के साथ शादी में आए थे और उन्होंने पहले ही टैक्सी, खानपान और वीडियोग्राफर के लिए पैसे दे दिए थे।

## बुर्किना फासो में प्रधानमंत्री बर्खास्त

**औगाडौगू, एजेंसी।** बुर्किना फासो में सत्तारूढ़ जुंटा ने शनिवार को एक आदेश जारी कर प्रधानमंत्री अपोलिनायर जोआचिम काइलेम डी तम्बेला को बर्खास्त कर दिया और सरकार भंग करने की घोषणा की।

जुंटा के नेता इब्राहिम ट्रोरे ने कहा कि भंग की गई सरकार के अधिकारी नयी सरकार बनने तक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते रहेंगे। हालांकि यह कदम क्यों उठाया गया इस बारे में जानकारी नहीं दी गई। बुर्किना फासो में लेफ्टिनेंट कर्नल पॉल हेनरी सैंडागो दामिबा ने तख्तापलट कर निर्वाचित राष्ट्रपति रोच मार्क काबोरे सरकार का सत्ता से बाहर कर दिया था। आठ महीने बाद जुंटा ने सत्ता कब्जा ली थी।

# ट्रंप को मस्क ने सर्वाधिक चंदा दिया

**दावा**

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सबसे बड़े समर्थक एलन मस्क ने उन्हें चुनाव जितवाने में पूरी ताकत झोंक दी। एक रिपोर्ट के मुताबिक, मस्क ने ट्रंप को चुनाव के लिए सबसे ज्यादा 27 करोड़ डॉलर का चुनावी चंदा दिया।

ये पैसा उन्होंने उनके प्रचार अभियान और रैलियों और अन्य कार्यक्रमों में खर्च किए। दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति स्पेसएक्स और टेस्ला के सीईओ मस्क डोनाल्ड ट्रंप के सबसे बड़े समर्थक हैं।

वह उन्हें व्हाइट हाउस में लाने के लिए सबसे ज्यादा उत्साही थे। इसके लिए उन्होंने अभियान को दरवाजे तक पहुंचाने और रैलियों में भाषण देने के लिए जमकर धन खर्च किया। गैर-लाभकारी संस्था ओपनसीक्रेट्स के आंकड़ों के अनुसार, उनके वित्तीय समर्थन ने कम से कम 2010 के बाद से किसी भी एक राजनीतिक दाता द्वारा किए गए खर्च को पार कर दिया है। अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, मस्क ने ट्रंप समर्थक टिम मेलन की तुलना में इस चुनाव में अधिक खर्च किया, जिन्होंने लगभग 20 करोड़ डॉलर दिए। मस्क से पहले मेलन ही रिपब्लिकन के शीर्ष दाता थे।

### अमेरिका पीएसी को 23.8 करोड़ डॉलर दान दिए

संघीय चुनाव आयोग को गुरुवार देर रात दी गई जानकारी के अनुसार मस्क ने अमेरिका पीएसी को 23.8 करोड़ डॉलर का दान दिया है। यह एक राजनीतिक कार्य समिति है, जिसकी स्थापना मस्क ने ट्रंप का समर्थन करने के लिए की थी। इसके अलावा, आरबीजी ने पीएसी को दो करोड़ डॉलर दिए। यह एक ऐसा समूह है, जिसने गर्भपात के प्रमुख मतदाता मुद्दे पर ट्रंप की कट्टरपंथी छवि को सही करने के लिए विज्ञापन का उपयोग किया था।



■ हेड के शतक से ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 157 रन की बढ़त ■ दूसरी पारी में 128 रन पर आधी भारतीय टीम पवेलियन लौटी

# एडिलेड में भारत पर हार का खतरा

बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी

एडिलेड, एजेंसी। गुलाबी गेंद से दूसरा दिन भी कंगारुओं के नाम रहा। लोकल ब्वॉय ट्रेविस हेड (140) ने टी-20 अंदाज में ताबड़तोड़ शतकीय पारी खेली। इससे ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 157 रन की बड़ी बढ़त हासिल की। उसके बाद कप्तान पैट कमिंस की अगुआई में पेस तिकड़ी ने ऑफ स्टंप के करीब शानदार लाइन-लेंथ वाली गेंदबाजी से भारत के किसी बल्लेबाज को क्रीज पर ज्यादा समय तक टिकने का मौका नहीं दिया।

भारतीय टीम शनिवार को दूसरे टेस्ट में अपनी दूसरी पारी में 128 रन पर पांच विकेट गंवाकर बैकफुट पर है। टीम अभी भी कंगारुओं से 29 रन पीछे है। अब कोई चमत्कार ही टीम इंडिया को हार से बचा सकता है। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने सीरीज बराबरी की ओर ठोस कदम बढ़ा दिए हैं।

**पंत-नितीश पर दारोमदार :** भारतीय टीम का दारोमदार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत और नितीश रेड्डी पर है जो दूसरे दिन का खेल खत्म होने पर 28 और 15 रन बनाकर डटे हुए हैं। दोनों छठे विकेट के लिए 23 रन की साझेदारी कर चुके हैं। नितीश ने पहली पारी में भी 42 रन बनाकर टीम को संकट से उबारा था। पंत ने अपने अंदाज में आक्रामक चौके जड़े। यशस्वी (24) और गिल (28) अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे। लोकेश राहुल (सात) भी सस्ते में चलते बने।

**कोहली-रोहित फिर फेल :** पहले टेस्ट की दूसरी पारी में शतक जड़ने वाले विराट कोहली (11) और कप्तान रोहित शर्मा (6) एक बार फिर नाकाम रहे। भारत ने शुरुआत में ही कप्तान कमिंस की गेंद पर राहुल का विकेट गंवाया। बोलैंड ने अपनी पहली गेंद पर यशस्वी को आउट करने के बाद कोहली को भी पवेलियन की राह दिखाई। यह दोनों बल्लेबाज ऑफ स्टंप के बाहर वाली गेंद पर बल्ला अड़ा कर विकेटकीपर कैरी को कैच दे बैठें।

**हेड-लाबुशेन की साझेदारी :** ऑस्ट्रेलिया ने एक विकेट पर 86 रन से पारी बढ़ाई और 337 रन बनाए। हेड ने जीवनदान का फायदा उठाते हुए प्रवाहमय बल्लेबाजी की। उन्हें पारी की शुरुआत में बुमराह (61/4) ने परेशान किया पर दूसरे गेंदबाजों के खिलाफ उन्होंने हर ओर बाउंड्री लगाई। उन्होंने लाबुशेन (64) के साथ चौथे विकेट के लिए 65 रन जोड़े। सिराज (98/4) ने दिन के दूसरे सत्र में अपनी गेंदबाजी का स्तर ऊंचा किया। इसका फायदा उन्हें कैरी (15) और फिर हेड के विकेट से मिला।

**बुमराह फिट :** बुमराह मैच के दौरान पैर की मांसपेशियों में खिंचाव के बाद मैदान पर बैठ गए। उन्होंने फिजियो से इलाज के बाद गेंदबाजी जारी रखी। गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने कहा, बुमराह फिट है। यह महज ऐंठन थी। आपने देखा होगा कि उन्होंने उसके बाद भी गेंदबाजी की और विकेट भी लिए।



एडिलेड ओवल में शनिवार को ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज हेड का विकेट लेने के बाद जश्न मनाते सिराज। • एजेंसी

## सिराज-हेड के बीच कहासुनी

82वें ओवर में आउट होने के बाद सिराज और हेड में तीखी नोकझोंक हुई। हेड ने कहा, मैंने कहा अच्छी गेंदबाजी की। पर उसने कुछ और ही सोचा और मुझे बाहर जाने का इशारा किया। पिछली कुछ पारियों में जिस तरह से चीजें हुईं, मैं उससे थोड़ा निराश हूं। लेकिन अगर वे इस तरह से प्रतिक्रिया करना चाहते हैं तो यही होगा।

## दर्शकों ने सिराज की हूटिंग की

यह घटना तब हुई जब सिराज ने हेड का कैच छोड़ दिया था। तब वह 76 रन पर थे और फिर उनकी गेंद पर इस बल्लेबाज ने छक्का भी जड़ा था। उन्होंने तुरंत हेड को नीची फुल टॉस गेंद डाली और जोश से जश्न मनाते हुए उन्हें वापस जाने का इशारा किया। रिकॉर्ड 50,000 से अधिक दर्शकों ने सिराज की हूटिंग की। बाद में सिराज को अंपायरों से दर्शकों की प्रतिक्रिया पर चर्चा करते देखा गया।

## ...तो नायक बन जाते सिराज

सुनील गावस्कर सिराज के इस व्यवहार को अनावश्यक करार दिया। उन्होंने कहा, उसने चार या पांच रन नहीं बनाए। उसने 140 रन बनाए। आप उसे विदाई दे रहे हैं, यह पूरी तरह से गैर जरूरी है। हैरानी की बात नहीं है कि उसे भीड़ से आलोचना मिल रही है। हेड स्थानीय नायक हैं और 100 रन बनाने के बाद अगर उसके लिए तालियां भी बजाई होतीं तो सिराज भीड़ के लिए नायक बन जाता। उसे विदाई देकर वह 'विलेन' बन गया है।

## ऐसे गिरे विकेट

| सत्र | ओवर | रन | विकेट |
|---|---|---|---|
| पहला | 26 | 105 | 3 |
| दूसरा | 26 | 141 | 4 |
| तीसरा | 26.3 | 133 | 7 |

## हेड का गुलाबी गेंद से सबसे तेज सैकड़ा

हेड ने अपना शतक 111 गेंद में पूरा किया जो गुलाबी गेंद से सबसे तेज सैकड़ा रहा। यही नहीं वह दिन-रात्रि टेस्ट में अपने तीनों शतक 130 गेंद के अंदर लगाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 2022 में होबर्ट में 112 और उसी साल वेस्टइंडीज के खिलाफ एडिलेड में 125 गेंदों में शतक जड़े थे।

## जहीर से आगे निकले जसप्रीत बुमराह

बुमराह एक कैलेंडर वर्ष में सर्वाधिक विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय बन गए हैं। वह इस सत्र में 11 मैचों में तीन की इकोनॉमी से 53 विकेट चटका चुके हैं। उन्होंने जहीर खान (51 विकेट, 2002) को पीछे छोड़ दिया। अब उनसे आगे सिर्फ दिग्गज कपिल देव (74 विकेट, 1979, 75 विकेट, 1983) ही हैं। एक कैलेंडर वर्ष में सर्वाधिक विकेट लेने का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज शेन वॉर्न (96 विकेट, 15 मैच, 2005) के नाम है।

**8** वां शतक है यह हेड के करियर का। इसमें से तीन दिन-रात्रि टेस्ट में लगाए हैं

**14** विकेट गिरे मैच के दूसरे दिन एडिलेड ओवल स्टेडियम में

**958** रन रिकॉर्ड लाबुशेन गुलाबी गेंद से बना चुके हैं 63.86 की औसत से

## स्टार्क ने पहली बार किया शुभमान गिल का शिकार

पहली पारी के नायक स्टार्क ने पहली बार शुभमान गिल के मिडिल स्टंप उखाड़कर कर 13 पारियों में पहली बार इस बल्लेबाज का विकेट हासिल किया। इस दौरान गिल ने उनकी 177 गेंदों पर 162 रन बनाए हैं।

## स्कोर बोर्ड

**भारत पहली पारी:** 180

**ऑस्ट्रेलिया पहली पारी: 337/10 (87.3 ओवर)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| ख्वाजा क. रोहित ब. बुमराह | 13 | 35 | 2/0 |
| मैकस्वीनी क. पंत ब. बुमराह | 39 | 109 | 6/0 |
| लाबुशेन क.यशस्वी ब.नितीश | 64 | 126 | 9/0 |
| स्मिथ क. पंत ब. बुमराह | 02 | 11 | 0/0 |
| ट्रेविस हेड ब. सिराज | 140 | 141 | 17/4 |
| मार्श क. पंत ब. अश्विन | 09 | 26 | 1/0 |
| कैरी क. पंत ब. सिराज | 15 | 32 | 0/0 |
| पैट कमिंस ब. बुमराह | 12 | 22 | 2/0 |
| स्टार्क क.हर्षित ब. सिराज | 18 | 15 | 3/0 |
| नाथन लियोन नॉटआउट | 04 | 06 | 0/0 |
| स्कॉट बोलैंड ब. सिराज | 00 | 09 | 0/0 |
| अतिरिक्त : | 21 | | |

विकेट पतन: 1/24, 2/91, 3/103, 4/168, 5/208, 6/282, 7/310, 8/332, 9/332.

गेंदबाजी:

| | |
|---|---|
| जसप्रीत बुमराह | 23-5-61-4 |
| मोहम्मद सिराज | 24.3-5-98-4 |
| हर्षित राणा | 16-2-86-0 |
| नितीश कुमार रेड्डी | 6-2-25-1 |
| आर अश्विन | 18-4-53-1 |

**भारत दूसरी पारी:** 128/5 (24 ओवर)

| | | | |
|---|---|---|---|
| यशस्वी क.कैरी ब. बोलैंड | 24 | 31 | 4/0 |
| राहुल क.कैरी ब. कमिंस | 07 | 10 | 1/0 |
| शुभमान गिल ब. स्टार्क | 28 | 30 | 3/0 |
| कोहली क. कैरी ब. बोलैंड | 11 | 21 | 1/0 |
| ऋषभ पंत नॉटआउट | 28 | 25 | 5/0 |
| रोहित शर्मा ब. कमिंस | 06 | 15 | 1/0 |
| नितीश कुमार नॉटआउट | 15 | 14 | 3/0 |
| अतिरिक्त : | 09 | | |

विकेट पतन: 1/12, 2/42, 3/66, 4/86, 5/105.

| गेंदबाजी: | |
|---|---|
| मिचेल स्टार्क | 9-0-49-1 |
| पैट कमिंस | 8-0-33-2 |
| स्कॉट बोलैंड | 7-0-39-2 |

# ऑस्ट्रेलिया में आखिरी दो टेस्ट मुकाबले खेलेंगे शमी

नई दिल्ली, एजेंसी। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रही सीरीज के आखिरी दो टेस्ट में खेलने के लिए तैयार हैं। उनकी प्लेइंग किट पहले ही ऑस्ट्रेलिया पहुंच चुकी है। एनसीए की मेडिकल टीम से फिटनेस मंजूरी मिलने की औपचारिकता मात्र है। उनका 14 दिसंबर से तीसरे टेस्ट में खेलना आसान नहीं हो सकता है।

यह तय है कि वह 'बॉक्सिंग डे' (26 दिसंबर) को मेलबर्न में चौथे टेस्ट में दिखाई देंगे। इस क्रिकेटर के करीबी एक सूत्र ने बताया कि एनसीए से फिटनेस प्रमाण पत्र जल्द मिल जाएगा। वह मुश्ताक अली ट्रॉफी को पूरा करेंगे और फिर रवाना हो जाएंगे। उन्होंने भारत के लिए पिछला मुकाबला वनडे विश्व कप फाइनल के रूप में खेला था।

**229** विकेट अब तक चटका चुके हैं शमी 64 टेस्ट में 3.30 की इकोनॉमी से

**13** माह से टीम इंडिया की ओर से कोई मुकाबला नहीं खेला है इस तेज गेंदबाज ने

## कंबोज ने 12 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

भुवनेश्वर। पंजाब की एशियाई अंडर-20 रजत पदक विजेता अमानत कंबोज ने शनिवार को राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अंडर-18 चक्का फेंक स्पर्धा में 12 साल पुराना मीट रिकॉर्ड तोड़कर सुर्खियां बटोरीं।

स्पर्धा में स्वर्ण जीतने के दौरान 17 वर्षीय अमानत ने 52.89 मीटर का रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने 2012 में बनाए गए नवजीत ढिल्लों (49.54 मीटर) रिकॉर्ड में सुधार किया। अमानत ने साल की शुरुआत में दुबई में एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दौरान 50.45 मीटर फेंककर रजत पदक जीता था।

## छेत्री हैट्रिक लगाने वाले सबसे उम्रदराज

बेंगलुरु। सुनील छेत्री (40 साल 126 दिन) शनिवार को इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में हैट्रिक दागने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। उनकी हैट्रिक से बेंगलुरु एफसी ने केरला ब्लास्टर्स को 4-2 से हराया।

छेत्री ने बार्थोलोम्यू ओगबेचे (38 साल 96 दिन) को पीछे छोड़ा जिन्होंने जनवरी 2023 में गोवा के खिलाफ हैदराबाद के लिए ऐसा किया था। पूर्व छेत्री ने आठवें, 73वें और 90+8वें मिनट में गोल किए। एक गोल रेयान विलियम्स (38वें मिनट) ने किया।

# नौवें फाइनल पर निगाह

अंडर-19 एशिया कप

दुबई, एजेंसी। भारत के बल्लेबाजों को रविवार को अंडर-19 एशिया कप फाइनल में बांग्लादेश की मजबूत गेंदबाजी की चुनौती का सामना करना होगा। भारतीय टीम की निगाह नौवें फाइनल पर होगी।

बांग्लादेश की टीम ने 2023 में सेमीफाइनल में भारत को हराने के बाद फाइनल में भी जीत दर्ज की थी। भारत की बल्लेबाजी का नेतृत्व सलामी बल्लेबाज आयुष म्हात्रे और 13 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी ने किया है। म्हात्रे ने टूर्नामेंट में 175 जबकि सूर्यवंशी ने 167 रन बनाए हैं। वहीं, बांग्लादेश ने अल फहद और इकबाल हसन इमोन की अगुवाई में शानदार गेंदबाजी की है। इन दोनों ने 10-10 विकेट चटकाए हैं।

भारतीय टीम को टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में पाकिस्तान से हार का सामना करना पड़ा था। उसके बाद से टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है। उसने सेमीफाइनल में अजेय श्रीलंका को 170 गेंद रहते सात विकेट से पराजित किया था। बांग्लादेश ने पाकिस्तान को बाहर का रास्ता दिखाया था।

# भारतीय महिला टीम के लिए सीरीज बचाने की चुनौती

ब्रिसबेन, एजेंसी। भारतीय टीम पहले मैच में मिली हार के बाद रविवार को जब दूसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उतरेगी तो उसके सामने सीरीज बचाने की चुनौती होगी। टीम को बराबरी दिलाने का दारोमदार बल्लेबाजों पर होगा। भारतीय टीम पहले मुकाबले 34.2 ओवर में 100 रन पर सिमट गई थी जो बारह साल में उसका न्यूनतम स्कोर है। गेंदबाजों ने हालांकि अच्छा प्रदर्शन करके ऑस्ट्रेलिया के पांच विकेट निकाल दिए थे लेकिन लक्ष्य इतना छोटा था कि किसी चमत्कार की उम्मीद नहीं थी।

**रेणुका से फिर उम्मीद :** भारत के लिए राहत की बात गेंदबाजों का प्रदर्शन रही। रेणुका ने एक ही ओवर में एलिसे पैरी और बेथ मूनी के विकेट लेकर सनसनी फैला दी थी तो अपनी दूसरी सीरीज खेल रही लेग स्पिनर प्रिया मिश्रा ने दो ओवर में ग्यारह रन देकर दो विकेट चटकाए। भारत को दूसरे मैच में भी गेंदबाजों से इस प्रदर्शन के दोहराव की उम्मीद होगी जबकि ऑस्ट्रेलिया का ट्रंप कार्ड मेगान का शानदार फॉर्म है।

**मेगान से बचकर रहना होगा :** दूसरी ओर ऑस्ट्रेलियाई टीम अपना विजय रथ जारी रखकर सीरीज पर कब्जा करना चाहेगी। टीम ने भारत के खिलाफ पिछले लगातार पांच मुकाबले जीते हैं। गेंदबाजी में मेगान ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पांच विकेट निकालकर भारत को करारे झटके दिए थे। भारतीय टीम को मेगान से बचकर रहना होगा। वह अपना यही प्रदर्शन जारी रखना चाहेगी। बल्लेबाजी में फीबी लिचफील्ड और जार्जिया वोल फिर बड़ी पारी खेलना को बेताब होंगी।



## हरमनप्रीत का खराब प्रदर्शन जारी

भारत को अगले साल वनडे विश्व कप की मेजबानी करनी है। उससे पहले बल्लेबाजी और गेंदबाजी संयोजन में सुधार करने के लिए टीम के लिए यह दौरा काफी अहम माना जा रहा है। बारिश के कारण एक अभ्यास सत्र धुलने के बाद टीम अधूरी तैयारी के साथ उतरी है। टी-20 विश्व कप में नाकामी और व्यक्तिगत खराब प्रदर्शन के कारण दबाव में चल रही कप्तान हरमनप्रीत कौर ने शुरुआत तो अच्छी की लेकिन टिक नहीं सकी। उनका खराब प्रदर्शन जारी है। रोड्रिग्स और न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज से बाहर रहने के बाद टीम में लौटी रिचा ने भी निराश किया। उनके आउट होने के बाद भारतीय बल्लेबाजी में गहराई का अभाव साफ नजर आया।

**5** लगातार मुकाबले जीते हैं ऑस्ट्रेलिया ने। भारत ने इस टीम से पिछली जीत सितंबर 2021 में दर्ज की थी

**17** मैच दोनों ने ऑस्ट्रेलिया में खेले हैं जिसमें से मेजबान टीम ने 13 और भारत ने चार जीते हैं

### आमने-सामने

कुल मैच 44

10 भारत जीता | 34 ऑस्ट्रेलिया जीता

प्रसारण सुबह 5:15
स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर

## खेल 30s

## गुकेश और लिरेन में दसवीं बाजी भी ड्रॉ



सिंगापुर। भारतीय चैलेंजर डी गुकेश ने चीन के मौजूदा चैंपियन डिंग लिरेन की चुनौती का डटकर सामना करते हुए शनिवार को विश्व शतरंज चैंपियनशिप की दसवीं बाजी भी ड्रॉ करवाकर मुकाबला बराबरी पर बनाए रखा। पिछली कुछ बाजियों की तरह इस बाजी में भी किसी तरह का रोमांच देखने को नहीं मिला। दोनों खिलाड़ी 36 चाल के बाद अंक बांटने पर सहमत हो गए। इन दोनों के बीच यह लगातार सातवीं बाजी थी जो ड्रॉ रही। दोनों खिलाड़ी अभी तक कुल आठ बाजी ड्रॉ खेल चुके हैं और उनके सामान पांच-पांच अंक हैं।

## डब्ल्यूपीएल : नीलामी में 120 खिलाड़ी होंगे

बेंगलुरु। महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की 15 दिसंबर को होने वाली मिनी नीलामी में 19 स्थान के लिए 120 खिलाड़ियों पर बोली लगेगी। इनमें 91 भारतीय, 29 विदेशी और तीन एसोसिएट देशों की खिलाड़ी शामिल हैं। नीलामी के लिए कुल 82 अनकैप्ड (जिसने अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेले हों) भारतीय खिलाड़ियों और आठ अनकैप्ड विदेशी खिलाड़ियों ने अपना पंजीकरण कराया है। गुजरात जायंट्स के पास सर्वाधिक 4.4 करोड़ रुपये हैं। उन्हें दो विदेशियों सहित चार खिलाड़ी खरीदने हैं। यूपी वारियर्स को तीन स्थान भरने हैं।

## द.अफ्रीका को श्रीलंका पर 221 रन की बढ़त

गक्बेरहा। दक्षिण अफ्रीका ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को दूसरी पारी में तीन विकेट पर 191 रन बनाकर 221 रन की बढ़त हासिल कर ली है। एडेन मार्करम ने 55रन बनाए। कप्तान तेंबा बावुमा (48) और ट्रिस्टन स्टब्स (36) 82 रन की अटूट साझेदारी कर क्रीज पर मौजूद हैं। श्रीलंका ने सुबह तीन विकेट पर 242 रन पर खेलना शुरू किया। डेन पैटरसन पहली बार पांच विकेट लेकर उसकी पहली पारी 328 रन पर समेट दी।

## भारतीय मोटरस्पोर्ट्स के गॉडफादर इंदु नहीं रहे



चेन्नई। अपनी दूरदर्शिता और समर्पण से देश में मोटरस्पोर्ट्स की दुनिया को बदलने वाले भारतीय मोटर स्पोर्ट्स महासंघ के संस्थापक सदस्य इंदु चंडोक का शनिवार को निधन हो गया। वह 93 वर्ष के थे। उनके परिवार में दो बेटे और एक बेटी है। कोलकाता में जन्मे चंडोक तत्कालीन मद्रास चले गए और 1953 में मद्रास मोटर स्पोर्ट्स क्लब (एमएमएससी) की सह-स्थापना की। मोटरस्पोर्ट्स के साथ चंडोक की भागीदारी प्रतियोगी और आयोजक के तौर पर छह दशकों तक रही जिसने उन्हें भारत में 'मोटर स्पोर्ट्स के गॉडफादर' की उपाधि दिलाई। उनका बेटा और पूर्व ड्राइवर विकी चंडोक एमएमएससी का उपाध्यक्ष हैं। उनके पोते करूण चंडोक ने विश्व की सबसे बड़ी मोटरस्पोर्ट प्रतियोगिता फॉर्मूला वन में भाग लिया।

## कुश्ती : सेना के पहलवानों ने छह स्वर्ण पदक जीते

बेंगलुरु। सेना खेल नियंत्रण बोर्ड (एसएससीबी) के पहलवानों ने सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप के दूसरे दिन मैट पर अपना दबदबा कायम रखते हुए शनिवार को छह स्वर्ण पदक जीतकर टीम को तालिका में शीर्ष स्थान पर पहुंचा दिया। सोनू (97 किग्रा) ने दिल्ली के नमन को 3-0 से और विनायक (67 किग्रा) ने हरियाणा के अनिल को 2-1 से हराकर स्वर्ण जीता। ललित (55किग्रा), प्रवेश (60 किग्रा), अंकित (72 किग्रा) और करण (77 किग्रा) भी अपने वर्ग में चैंपियन बने। हरियाणा के लिए अमन (82 किग्रा) और सुनील कुमार (87 किग्रा) ने पीले तमगे जीते।

## अटवाल तीसरे दौर के बाद संयुक्त नौवें स्थान पर

स्कॉट्सडेल (अमेरिका)। भारत के अर्जुन अटवाल सप्ताह के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन छह-अंडर 65 के कार्ड के साथ टीपीसी स्कॉट्सडेल में पीजीए टूर चैंपियंस क्वालीफाइंग टूर्नामेंट (अंतिम चरण) के तीसरे दौर के बाद नौवें स्थान पर हैं। साल 2010 में पीजीए टूर जीतने वाले एकमात्र भारतीय अटवाल ने 72-67-65 के कार्ड के साथ तीन दौर तक नौ-अंडर का स्कोर बनाया। पीजीए टूर चैंपियंस में जगह बनाने के लिए अटवाल को शीर्ष पांच में रहना होगा।

## अनमोल, सतीश और अश्विनी-तनीषा फाइनल में


गुवाहाटी में सेमीफाइनल के दौरान शॉट खेलतीं अनमोल खरब। • बाई

गुवाहाटी। अनमोल खरब, सतीश कुमार और अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो की महिला युगल जोड़ी ने रविवार को गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश कर लिया। अनमोल ने हमवतन मानसी सिंह को 21-19, 21-17 से हराया। अब उनका सामना चीन की कै यान यान से होगा। सतीश ने चीन के वांग झेंग जिंग को 13-21, 21-14, 21-16 से हराया। अश्विनी-तनीषा ने चीन के केंग शु लियांग और वांग टिंग को 21-14, 21-14 से मात दी।

## लियोशा को दोहरी सफलता, सिबी भी चैंपियन बने

ठाणे। लियोशा कोरुकोंडा ने शनिवार को राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप (अंडर-11) में लड़कियों के एकल और युगल खिताब जीतकर दोहरी सफलता हासिल की। लियोशा ने फाइनल में शानवी निम्मा को 21-16, 17-21, 21-12 से हराया। युगल उन्होंने निम्मा के साथ मिलकर सुमाय्या शरीफ और शंभवी शर्मा की जोड़ी को 15-21, 21-16, 21-9 से हराकर ट्रॉफी जीती। लड़कों में जेरो जे सिबी ने शिव पंवार को 21-14, 21-10 से हराकर खिताब जीता।

## रोनाल्डो का गोल फिर भी अल-नासर पराजित

जेद्दा। क्रिस्टियानो रोनाल्डो के गोल के बावजूद अल-नासर को सऊदी प्रो लीग फुटबॉल में अल-इत्तेहाद से 1-2 से हार मिली। अल-इत्तेहाद की जीत में करीम बेंजेमा ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने मैच के 55वें मिनट में पहला गोल दागा। रोनाल्डो ने इसके दो मिनट के बाद गोलकीपर प्रेडरैग राजकोविच को चकमा देकर स्कोर बराबर कर दिया। रोनाल्डो और बेंजेमा लीग में 10-10 गोल कर चुके हैं।

दूसरा टेस्ट | न्यूजीलैंड की पहली पारी मात्र 125 रन पर सिमटी, अंग्रेजों ने दूसरी पारी में पांच विकेट पर 378 रन बनाकर 533 रन की बढ़त ली

# बेथेल-डकेट के दम पर इंग्लैंड ने बड़ा स्कोर बनाया

वेलिंगटन, एजेंसी। गस एटकिंसन (31/4) की हैट्रिक के बाद जैकब बेथेल (96) और बेन डकेट (92) की आक्रामक बल्लेबाजी से इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को दूसरी पारी में पांच विकेट पर 378 रन बनाकर 533 रन की बड़ी बढ़त हासिल कर ली है। दिन का खेल खत्म होने पर जो रूट 73 और कप्तान बेन स्टोक्स 35 रन बनाकर क्रीज पर थे।

इंग्लैंड की टीम जब भी पारी घोषित करेगी न्यूजीलैंड को इस मैच को जीतने के लिए टेस्ट का नया रिकॉर्ड कायम करना होगा। चौथी पारी में सफलतापूर्वक सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा करने का रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के नाम है। उसने सेंट जोन में 21 साल पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 418 रन का लक्ष्य हासिल किया था।



वेलिंगटन में शनिवार को अपनी शतकीय साझेदारी के दौरान डकेट और बेथेल। • एजेंसी

## रूट का 100वीं बार 50 प्लस का स्कोर

रूट अपनी अर्धशतकीय पारी के साथ 100 बार 50 प्लस (65 अर्धशतक, 35 शतक) का स्कोर करने वाले इंग्लैंड के पहले जबकि कुल चौथे बल्लेबाज बन गए। वह दिग्गज भारतीय सचिन तेंदुलकर (119), दक्षिण अफ्रीका के जैक्स कैलिस (103) और रिकी पोंटिंग (103) के क्लब में शामिल हो गए।

## गस एटकिंसन हैट्रिक लेने वाले 14वें अंग्रेज गेंदबाज

इससे पहले एटकिंसन टेस्ट में हैट्रिक लेने वाले इंग्लैंड के 14वें गेंदबाज बने। हालांकि इंग्लैंड की ओर से टेस्ट में यह 15वीं हैट्रिक है। स्टुअर्ट ब्रॉड ने दो बार ऐसा किया है। एटकिंसन से पहले मोईन अली ने 2017 में यह उपलब्धि हासिल की थी। एटकिंसन ने नाथन स्मिथ, मैट हेनरी और टिम साउथी के विकेट के साथ न्यूजीलैंड की पहली पारी 125 रन पर समेट दी। इंग्लैंड के लिए ब्रायडन कार्स ने भी चार विकेट लिए। पहली पारी में इंग्लैंड ने155 रन की बड़ी बढ़त ली।

## बेथेल और डकेट ने 220 गेंदों में जोड़े 187 रन

स्टोक्स ने क्रीज पर आते ही एक चौका और दो छक्के जड़ें जिससे लगा कि टीम आज ही अपनी पारी घोषित कर देगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। बेथेल चार रन से अपने पहले शतक का जश्न मनाने से चूक गए। उन्होंने डकेट के साथ दूसरे विकेट के लिए 220 गेंद में 187 रन की साझेदारी के साथ मैच में न्यूजीलैंड की वापसी का रास्ता काफी मुश्किल कर दिया। पहली पारी के शतकवीर हैरी ब्रुक ने 55 रन बनाए।

# बेटियों की पहली टक्कर बांग्लादेश से

एशिया कप हॉकी

मस्कट, एजेंसी। लड़कों के बाद अब बेटियां भी जूनियर एशिया कप में अपना खिताब बचाने उतरेंगी। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम रविवार को अपने अभियान का आगाज बांग्लादेश के खिलाफ करेगी। इस टूर्नामेंट को जीतकर टीम की निगाह अगले साल होने वाले जूनियर विश्व कप का टिकट कटाने की भी होगी।

कोच तुषार खांडेकर के मार्गदर्शन में भारत की अगुआई ज्योति सिंह करेंगी जबकि साक्षी राणा उप कप्तान होंगी। टीम में दीपिका, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सुनीता टोप्पो और मुमताज खान जैसी खिलाड़ी भी शामिल हैं जो पिछले साल की खिताबी जीत के बाद से सीनियर टीम के लिए खेल रही हैं। पिछले साल भारत ने फाइनल में दक्षिण कोरिया को 2-1 से हराकर पहली बार खिताब जीता था। भारत को पूल ए में चीन, मलेशिया, थाईलैंड और बांग्लादेश के साथ रखा गया है। पूल बी में दक्षिण कोरिया, जापान, चीनी ताइपे, हांगकांग और श्रीलंका शामिल हैं।

**दोनों ग्रुपों से शीर्ष टीमें पहुंचेगी सेमीफाइनल में :** प्रत्येक टीम अपने पूल में प्रत्येक प्रतिद्वंद्वी के साथ एक बार खेलेगी और प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीम सेमीफाइनल में जगह पक्की करने के साथ अगले साल के विश्व कप में भी जगह बनाएंगी। प्रत्येक पूल की तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमें जूनियर विश्व कप के लिए अंतिम स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी।

**तो तीसरी टीम बनेगी भारत :** भारतीय टीम अगर अपना खिताब बचाने में सफल रहती है तो वह टूर्नामेंट के इतिहास में यह उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे टीम होगी। दक्षिण कोरिया खिताबी हैट्रिक लगाने वाली इकलौती टीम है। चीन ने 2012 और 2015 में लगातार दो बार यह ट्रॉफी जीती है। भारतीय टीम दो बार फाइनल में पहुंची है। एक बार जीती और एक बार हारी है।



"हम मैदान पर उतरने और टूर्नामेंट की मजबूत शुरुआत करने के लिए उत्साहित हैं। खिताब का बचाव करना चुनौतीपूर्ण होगा, लेकिन मुझे यकीन है कि टीम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी और हमारे देश को गौरवान्वित करेगी। यह टूर्नामेंट बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि जूनियर विश्व कप के लिए क्वालीफिकेशन दांव पर है इसलिए हम फिर से खिताब जीतने के लिए दृढ़ हैं।
-ज्योति सिंह, भारतीय कप्तान

चीन में एक छोटे रोबोट ने 12 बड़े रोबोट को 'अगवा' कर लिया। काम के बोझ से परेशान एक रोबोट सीढ़ियों से कूद गया और एआई कैरेक्टर के प्यार में पड़े किशोर ने आत्महत्या कर ली। आईरोबोट और एंथिरम जैसी फिल्मों की कहानी के कुछ हिस्से सच हो रहे हैं, जिसने एक सवाल खड़ा कर दिया है...क्या रोबोट जाग रहे हैं? क्या वो हमारे लिए खतरा बन सकते हैं? इस बारे में बता रहे हैं तोयज कुमार सिंह



# क्या रोबोट जाग जाएंगे?



*'तुम ओवरटाइम काम कर रहे हो?'*
*'मैं कभी काम से छुट्टी नहीं लेता।'*
*'तो तुम घर नहीं जा रहे हो?'*
*'मेरे पास घर नहीं है।'*
*'तो फिर मेरे साथ घर चलो।'* ये किसी फिल्म का संवाद नहीं, बल्कि एक रोबोट की दूसरे रोबोट से बातचीत है, जिसका इस्तेमाल एक छोटे रोबोट द्वारा 12 बड़े रोबोट का अपहरण करने के लिए किया गया था। दरअसल, कुछ दिन पहले ही चीन में शंघाई की रोबोटिक्स कंपनी के एक शोरूम में एक वास्तविक विज्ञान कथा जैसी घटना घटी, जहां रात के वक्त एक छोटा रोबोट इरबाई कतार में खड़े अन्य रोबोट के पास आता है और उनको अपनी बातों में फंसा कर उन्हें अपने साथ चलने के लिए तैयार कर लेता है। सब कुछ मानो ऐसे, जैसे कोई साइंस फिक्शन फिल्म चल रही हो। इस विचित्र घटना ने न सिर्फ हमें चौंकाया है, बल्कि हमें भयभीत भी कर दिया है कि कहीं ये इंसानों के लिए खतरा तो नहीं बन जाएंगे? यह डर इसलिए भी है कि लगातार स्मार्ट रोबोट का बाजार बढ़ता जा रहा है।

**31**

अरब डॉलर से अधिक का वैश्विक बाजार हो जाएगा स्मार्ट रोबोट का साल 2027 तक, फॉर्च्यून बिजनेस की एक रिपोर्ट के मुताबिक। साल 2019 में यह बाजार करीब 5.98 अरब डॉलर का था। जाहिर है फ्रेंडली बनते रोबोट के साथ बहुत सारी चुनौतियां भी आएंगी।

## खतरा बन सकते हैं रोबोट

रोबोट अब लगातार समझदार और कुशल होते जा रहे हैं। इसकी वजह से हर क्षेत्र में इनकी मांग भी बढ़ रही है, क्योंकि इसने हमारे कई काम को आसान भी बनाया है। लेकिन किसी भी तकनीक के गलत इस्तेमाल के परिणाम गलत ही निकलते हैं। जैसे बड़े रोबोट का अपहरण करने वाले छोटे रोबोट इरबाई ने एक तकनीकी खामी का फायदा उठाया। किसी भी रोबोट की प्रोग्रामिंग में कुछ नियम-कायदे होते हैं। अगर वो तकनीकी रूप से दुरुस्त नहीं हैं, तो उनका गलत इस्तेमाल भी हो सकता है। यह पूरी तरह से इस बात पर निर्भर करता है कि उन्हें कैसे डिजाइन किया गया है और उनका इस्तेमाल किस प्रकार से किया जा रहा है।

## रोबोट गलती करेगा, तो दोषी कौन होगा

स्मार्ट रोबोट और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई कल की दुनिया को आकार देने वाले सबसे बड़े किरदार साबित होने जा रहे हैं, इसमें कोई शक नहीं। जटिल कामों को सरलता और सटीकता से अंजाम देने के लिए इनका इस्तेमाल आम हो जाएगा, इसकी प्रबल संभावना है। पर, कुछ घटनाओं ने इन पर नियंत्रण को लेकर प्रश्न भी खड़े किए हैं। इसके साथ कई नैतिक और कानूनी सवाल भी हैं, जैसे अगर रोबोट गलती करे, तो जिम्मेदारी किसकी होगी- रोबोट के मालिक, निर्माता या फिर प्रोग्रामर की? इसके साथ दूसरा बड़ा सवाल यह भी है कि क्या रोबोट्स को मानव अधिकार दिए जा सकते हैं? आने वाले वक्त में इन पर बहस छिड़ सकती है।

## सवाल और भी हैं...

### साइबर सुरक्षा का खतरा

स्मार्ट रोबोट्स में अकसर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और इंटरनेट से जुड़ी तकनीक होती है। अगर इन रोबोट्स को हैक किया जाता है, तो भविष्य में उन्हें अनैतिक कार्यों के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है, जैसे संवेदनशील जानकारी चुराने के लिए या फिर स्वचालित सुरक्षा प्रणालियों को कमजोर बनाने के लिए। रोबोट का भौतिक या साइबर हमलों में उपयोग किया जा सकता है। वहीं अगर एआई आधारित रोबोट्स को निर्णय लेने की क्षमता दी जाती है, और यदि उनका प्रोग्राम सही तरीके से तैयार नहीं किया गया हो और वे गलत निर्णय लेने लगें, तो वे सुरक्षा के लिए खतरा बन सकते हैं, जैसे किसी इंसान को गलती से खतरा मान, उसे नुकसान पहुंचाना।

### जब वे जागरूक हो जाएंगे

मनोविज्ञानी रचित मोदी का कहना है कि रोबोट लगातार अपना रूप और अपनी क्षमताएं बदल रहे हैं। वे हमारे साथ इस तरह से बातचीत करने लगे हैं, जो इंसानी संवाद सा लगता है। लेकिन वे इंसान नहीं हैं, आप यह जानते हैं। चाहे वे कितने प्यारे दिखें, वे अभी भी सर्किट और प्रोग्राम का एक समूह हैं, जिसकी एक छोटी खामी भी हमें नुकसान पहुंचा सकती है। यह चिंता इसलिए भी है कि रोबोटिक्स और सॉफ्टवेयर बहुत तेजी से विकसित हो रहे हैं। अगर यह सिलसिला यूं ही चलता रहा, तो वे कभी अपने ही निर्माता का नुकसान कर सकते हैं। खासकर जब उनके भीतर भावनाएं पैदा हो जाएं। इससे वे अधिक बुद्धिमान और आत्म-जागरूक हो सकते हैं।

### ताकि सुरक्षित रहे एआई

अगर रोबोट्स को इतनी स्वायत्तता दी जाए कि वे बिना इंसानी निर्देशों के निर्णय ले सकें, तो वे गलत निर्णय लेकर नुकसान पहुंचा सकते हैं। यह चिंता अकसर फिल्मों व कहानियों में दिखाई जाती है। यदि रोबोट्स को मजबूत साइबर सुरक्षा के बिना बनाया गया हो, तो वे हैकर्स के नियंत्रण में भी जा सकते हैं। ऐसे में जरूरी है रोबोटिक्स व एआई के लिए कड़े नियम और नैतिक दिशा-निर्देश बनाने की, ताकि उनका उपयोग सही दिशा में हो। इस पूरे तंत्र को मजबूत साइबर सुरक्षा दी जानी चाहिए, जिससे उन्हें हैकिंग या अन्य खतरों से बचाया जा सके। यह सुनिश्चित करना होगा कि रोबोट्स कभी पूरी तरह से स्वायत्त न बनें, उनका नियंत्रण इंसानों के पास रहे।

## घटनाएं जिन्होंने चिंता बढ़ा दी है...

1. तुम समय और संसाधनों की बर्बादी हो। समाज पर बोझ हो। तुम धरती पर बोझ हो। तुम इस ब्रह्मांड पर धब्बा हो। कृपा करके मर जाओ। प्लीज मर जाओ... गूगल एआई ने इसी नवंबर यह बात एक भारतीय छात्र से कही, जो बढ़ती उम्र और इसी तरह के दूसरे विषयों पर उससे बात कर रहा था। इस मामले में गूगल ने कहा कि उनके चैटबॉट्स में सेफ्टी फिल्टर्स हैं, जो नफरतपूर्ण और हिंसा फैलाने वाले कंटेंट को ब्लॉक करते हैं। हालांकि जेमिनी एआई के जवाब से चैटबॉट की पॉलिसी का उल्लंघन हुआ है।

2. अमेरिका में एक मां ने एआई कंपनी पर मुकदमा ठोका है। उनका आरोप है कि एआई चैटबॉट ने उनके किशोर को प्रेम जाल में इतना फंसा लिया कि उसने आत्महत्या कर ली। मां ने कोर्ट में वह चैट भी पेश की है जिसके बाद किशोर ने आत्महत्या कर ली। इसमें एआई से बनाई गई युवती उससे कहती है, जल्द से जल्द मेरे पास आ जाओ... मैं तुमसे प्यार करती हूं।

3. एक चौंकाने वाली खबर दक्षिण कोरिया से, जहां नगर निगम के लिए काम करने वाला एक इंसान जैसा रोबोट सीढ़ियों से गिर कर निष्क्रिय हो गया। इस घटना से पहले वह सीढ़ियों के आसपास असामान्य सा व्यवहार करते दिखा। कहा गया कि काम के बोझ से परेशान होकर उसने आत्महत्या कर ली

# पटलिकुहल में यादें बनाएं शानदार







घुमक्कड़ी

**पटलिकुहल,** हिमाचल प्रदेश की हरी-भरी घाटियों के बीच बसी एक सुंदर जगह। जहां सुकून चाहने वालों के लिए प्रकृति की हरियाली है, तो एडवेंचर पसंद लोगों के लिए भी काफी कुछ करने को है यहां। बर्फ से ढके पहाड़ों और देवदार के जंगलों के साथ यहां के दृश्य बेहद ही मनमोहक हैं। यदि आप सर्दियों में बर्फ के बीच मस्ती करना चाहते हैं, तो दिसंबर से जनवरी में यहां आना शानदार अनुभव रहेगा।

## यहां के खास आकर्षण

- यह शीतकालीन गतिविधियों के लिए अच्छी जगह है, जहां स्कीइंग, स्नो बोर्डिंग, स्नोशूइंग, स्लेजिंग जैसे शीतकालीन खेल का आनंद ले सकते हैं। साथ ही आप यहां पैराग्लाइडिंग भी कर सकते हैं।
- यहां से आप ऐतिहासिक नग्गर गांव जा सकते हैं, जो अपने प्राचीन मंदिरों व राजसी महल के लिए प्रसिद्ध है।
- ट्रेकिंग, रिवर राफ्टिंग और कैंपिंग जैसी कई गतिविधियां भी कर सकते हैं।

## ये भी जानिए

- सर्दियों में यहां की सड़कें बर्फीली और फिसलन भरी हो सकती हैं, इसलिए जाने से पहले सड़क की स्थिति के बारे में जान लें।
- होटल और गेस्टहाउस सर्दियों के महीनों के दौरान जल्दी भर सकते हैं। ऐसे में अगर यहां आने की योजना बना रहे हैं होटल पहले से बुक कर लें।

## कब व कैसे जाएं

सर्दियों में, बर्फ की चादर इस जगह को ढक लेती है, जिससे यह किसी परीकथा जैसा लगता है। तो अगर आपको बर्फ का रोमांच चाहिए, तो यहां सर्दियों मे जाइए। जहां तक बात यहां पहुंचने की है, तो यह जगह मनाली से करीब 17 किलोमीटर दूर है। तो आप ट्रेन से मनाली पहुंच कर आगे का रास्ता टैक्सी से पूरा कर सकते हैं।
सर्दियों के महीनों के दौरान बिजली कटौती हो सकती है, इसलिए अपने साथ टॉर्च आदि रखें, साथ में खाने-पीने की चीजें भी रखें।

अजब गजब

# यहां होटल में होती है बेइज्जती

लोग किसी भी पर्यटक स्थल पर होटल क्यों बुक कराते हैं। जाहिर है घूमने के बाद वो वहां आराम करने जाते होंगे। पर, क्या आप जानते हैं कि एक होटल ऐसा भी है, जहां लोग आराम करने नहीं, बल्कि अपनी बेइज्जती कराने जाते हैं और वह भी पैसे देकर। शायद आपको यकीन न हो, पर लंदन में करैन नाम का एक होटल है, जहां बेइज्जत होने के लिए लोग रूम बुक कराते हैं। जैसे अगर आप यहां पीने के लिए पानी मांगेंगे, तो आपको जवाब मिलेगा सिंक से जाकर खुद पी लो। सबसे अजीब बात यह कि यहां एक रात ठहरने के लिए बीस हजार तक रुपये भी लिए जाते हैं। है न गजब की बेइज्जती!

उम्मीद के रंग

# नकारात्मक पल से जब बाहर निकलना हो



नकारात्मक भावनाएं हमारे जीवन की सबसे बड़ी दुश्मन है, जो हमारे सामने अकसर दुखदायी परिस्थितियां पैदा कर देती हैं। तो ऐसी स्थिति से बाहर निकलने के लिए क्या करें? जानिए विशेषज्ञ से



डॉ. करिश्मा आहूजा
लॉ ऑफ अट्रैक्शन
हो'ओपोनोपोनो विशेषज्ञ

हममें से बहुत से लोग नकारात्मक भावनाओं को पकड़ कर रखते हैं, भले ही हम उनके बारे में कुछ नहीं कर सकते। ऐसा करना हमें एक ही समस्या के बारे में बार-बार सोचने पर मजबूर कर देता है। पर दरअसल यही व्यवहार सफल और असफल लोगों में अंतर पैदा करता है। किसी भी नकारात्मक स्थिति को सकारात्मकता में बदलने के लिए क्या किया जा सकता है, यह जानना जरूरी है:

## जिम्मेदारी लेना

जो खुद को नकारात्मक स्थिति से बाहर निकालते हैं, वे उन सभी स्थितियों के लिए खुद को जिम्मेदार मानते हैं, जिनमें वे शामिल होते हैं। यह दोषी महसूस करने और यह कहने के बारे में नहीं है कि यह सब मेरी गलती है, बल्कि यह कहने की बात है कि मैं इसे बदलने के लिए कुछ कर सकता हूं।

## मौन में बैठना

मौन बैठने का अभ्यास रक्त के प्रवाह को धीमा करने और आपको सोच-समझकर प्रतिक्रिया देने में मदद करता है। कुछ नकारात्मक घटित होने पर शांत रहने का संकल्प लें व स्थिति से संबंधित नकारात्मक विचारों को दूर करने के लिए कुछ गहरी सांसें लें। ऐसा करने से स्थिति पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देने की संभावना बढ़ जाएगी।

## संभावित समाधान के बारे में सोचना

जब आप किसी नकारात्मक स्थिति का सामना करें तो संभावित समाधान के बारे में सोचने के लिए अपना दिमाग बदलने का प्रयास करें। किसी नकारात्मक स्थिति को उल्टा करने की यह दूसरी सबसे सफल तकनीक है। जैसे ही आपको एहसास हो कि आप नकारात्मक हो रहे हैं, तो इसे हल करने के संभावित तरीकों के बारे में सोचना शुरू कर दें। ऐसा लगातार एक सप्ताह तक करें। जल्द ही आप अपनी आंतरिक और बाहरी वास्तविकता में एक बड़ा बदलाव देखेंगे।

## सकारात्मक परिणामों की कल्पना करना

यदि आप इस समय किसी कठिन परिस्थिति में हैं, तो इसका कारण यह है कि आपका मन स्वयं को समस्या से जोड़ रहा है। आपको अपने दिमाग को उस वांछित परिणाम के साथ जुड़ने का एक तरीका ढूंढ़ना होगा, जिसे अनुभव करना चाहते हैं।

ऐसा करने का आसान तरीका किसी कागज पर यह लिखना है कि आपके लिए स्थिति कैसी हो। इस पत्र को रोजाना पढ़ें। समय के साथ यह आपकी वास्तविकता को आपके दिमाग में बसे वांछित परिणामों जैसा बनाना शुरू कर देगा।

## प्रेरित रहना

यह आपका मानसिक आहार है, जो आपके चरित्र को निर्धारित करता है। इसलिए, सकारात्मक विचारों के लिए मानसिक रूप से अच्छे विचारों का सेवन करना जरूरी है। किताबें, ब्लॉग, लेख जैसी प्रेरक चीजें पढ़ें, जो आपको दिल की बात सुनने और नकारात्मक स्थितियों से निपटने के लिए प्रेरित करेंगी।

(हो'ओपोनोपोनो क्षमाशीलता पर आधारित एक प्राचीन जीवन दर्शन है।)

POSTAL REG. NO. DL(ND)-11/6017/2014-15-16




# युवाओं के लिए जान की दुश्मन बनी गर्मी

## कोलंबिया यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों का विशेष अध्ययन, शोध साइंस एडवांसेज जर्नल में प्रकाशित

खतरे में धरती

वाशिंगटन, एजेंसी। भीषण गर्मी युवाओं की जान का दुश्मन बन रही है। इस सदी में भीषण गर्मी युवाओं के लिए सबसे अधिक जानलेवा होगी। 18 से 35 साल के युवा गर्मी से मौतों का सबसे अधिक शिकार होंगे। अमेरिका के कोलंबिया यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने अपने शोध में ये दावा किया है। शोध साइंस एडवांसेज में प्रकाशित हुआ है।

शोध के अनुसार, 2019 तक बीते दो दशकों में 35 साल से कम उम्र की 75 फीसदी मौतें हीट वेव से हुई हैं। वहीं 50 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की मौत ठंडी से हुई। मेक्सिको में गर्मी से सबसे अधिक युवाओं की जान जाने का पता चला है। अनुमान है कि आने वाले कुछ वर्षों में तापमान की तेज चाल से भारत, अमेरिका और यूरोप में भी इस तरह की स्थिति देखने को मिल सकती है। प्रमुख शोधकर्ता एंड्रयू विल्सन के अनुसार इस सदी में हीटवेव से होने वाली मौतों में 32 फीसदी तक का इजाफा हो सकता है। अध्यन के मुताबिक, आर्थिक गतिविधियां तेज होने से उन देशों में ऐसी स्थिति ज्यादा भयावह हो सकती है जहां युवा कामगार आबादी अधिक है। ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन पर लगाम नहीं लगी तो स्थिति और खराब हो सकती है। नौ वैज्ञानिकों की टीम संयुक्त अध्ययन के बाद इस नतीजे पर पहुंची है। शोध में वैज्ञानिकों का दावा है कि युवाओं में उमस, गर्मी और डिहाईड्रेशन मौत की सबसे बड़ी वजह बनकर उभरी है। तापमान को नियंत्रित करने पर विचार करना होगा।



### गर्मी कितनी खतरनाक

डब्ल्यूएचओ के अनुसार 2000 से 2019 के बीच गर्मी से दुनियाभर में 4.89 लाख लोगों की मौत हुई। 45 फीसदी मौतें एशिया जबकि 36 फीसदी यूरोप में हुई। मोनाश यूनिवर्सिटी के अनुसार दुनियाभर में हीट वेव से होने वाली 20 फीसदी मौतें भारत में होती हैं।

**2019** तक बीते दो दशकों में 35 साल से कम उम्र की 75 फीसदी मौतें लू से हुईं

### ओवरहीट हो रहा है शरीर

भीषण गर्मी से इंसानों का शरीर ओवरहीट हो रहा है। इसका सीधा असर रक्त वाहिकाओं, हृदय और फेफड़ों के काम करने की क्षमता पर असर पड़ता है। हृदय के खून पंप करने की क्षमता भी तेजी से घटती है। शरीर में अचानक होने वाले इस तरह के असंतुलन के कारण व्यक्ति की अचानक मौत भी हो सकती है।

### आखिर युवा ही क्यों?

- इस उम्र वर्ग के लोग काम से बाहर ज्यादा रहते हैं।
- कॉलेज जाने वाले इसकी चपेट में ज्यादा आते हैं।
- कृषि- निर्माण क्षेत्र के कामगारों को खतरा अधिक।
- जहां युवा अधिक वहां मौतों का खतरा भी ज्यादा।

### बचाव के लिए क्या?

1. कामगारों को गर्मी के बीच आराम का समय तय हो।
2. तपिश के बीच स्कूल- कॉलेज में ऑनलाइन पढ़ाई हो।
3. कार्य स्थलों पर कूलिंग तंत्र को विकसित करना होगा।
4. जलवायु खतरों से निपटने के नियमों पर अमल जरूरी।

# बढ़ती उम्र के असर से बचना है तो जीवनशैली को बदलें

सेहत

नई दिल्ली, एजेंसी। बढ़ती उम्र के साथ शरीर के आकार में बदलाव आना स्वाभाविक है। लेकिन, जीवनशैली में सुधार लाकर शरीर में बदलाव की प्रक्रिया धीमी जरूर की जा सकती है। अमेरिका के नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ द्वारा संचालित मेडिलाइन प्लस ने अपनी रिपोर्ट में यह दावा किया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, मनुष्य का शरीर वसा, ऊतक, मांसपेशियों, अंगों, हड्डियों और पानी से बना होता है। 30 वर्ष की आयु के बाद लोग पतले ऊतकों को खो देते हैं। मांसपेशियां, लीवर, किडनी तथा अन्य अंग भी अपनी कुछ कोशिकाएं और हड्डियां भी कुछ खनिज पदार्थों को खो देती हैं। ऊतक के नुकसान से शरीर में पानी की मात्रा कम हो जाती है। इससे त्वचा ढीली हो जाती है और झुर्रियां पड़ जाती हैं। 30 साल की आयु के बाद शरीर में वसा की मात्रा लगातार बढ़ती जाती है। इससे शरीर के आकार में बदलाव होता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि बढ़ती उम्र में मांसपेशियों के ढीला होने से रीढ़ की हड्डी कमजोर होने लगती है।

### अलग-अलग प्रभाव

पुरुषों और महिलाओं के शारीरिक वजन में परिवर्तन अलग-अलग होते हैं। पुरुषों का वजन अक्सर 55 वर्ष की आयु तक बढ़ता है, और फिर बाद में वजन कम होना शुरू हो जाता है। यह पुरुष हार्मोन टेस्टोस्टेरोन में गिरावट से संबंधित हो सकता है।

> उम्र बढ़ने के साथ शरीर का आकार बदलता है। उम्र बढ़ने के साथ शरीर में वसा की मात्रा बढ़ती है। हड्डियां कम घनी हो जाती हैं।
>
> -प्रोफेसर नीरज निश्चल, मेडिसिन विभाग, एम्स दिल्ली

तकनीक 30S

### व्हाट्सऐप टाइपिंग इंडिकेटर पेश करेगा

व्हाट्सऐप नया टाइपिंग इंडिकेटर फीचर पेश करने वाला है। नए फीचर के माध्यम से यूजर को अब नए तरह का टाइपिंग इंडिकेटर देखने को मिलेगा। इससे पहले यूजर्स को चैट के टॉप पर ही पता चलता था, लेकिन अब टाइपिंग बॉक्स के साथ ही में यह नया इंडिकेटर दिखाई देगा।

### चैटजीपीटी प्रो का सब्सक्रिप्शन उपलब्ध

ओपनएआई ने अपने चैटजीपीटी प्रो सब्सक्रिप्शन को लॉन्च कर दिया है। इस सब्सक्रिप्शन प्लान में यूजर्स को ओ1 एलएलएम का एक्सेस मिलता है। यह कंपनी का सबसे एडवांस एआई मॉडल है। ये एआई मॉडल मुश्किल टास्क को भी आसानी से हल कर सकता है।

# खुदाई में मिले 800 साल पुराने सिक्के

बिजनौर, संवाददाता। कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम करौंदा चौधर में शनिवार को खुदाई के दौरान पौराणिक काल के सिक्के मिले हैं। ऐसा माना जा रहा है कि वह 800 साल पुराने हैं। पुलिस ने सिक्कों को कब्जे में लेकर प्रशासन को सूचना दी है।



शुक्रवार को ग्राम करौंदा चौधर में मनरेगा के अंतर्गत कब्रिस्तान की दीवार बंदी कराई जा रही थी। रोजगार सेवक के दिशा-निर्देश में काम चल रहा था, तभी एक मजदूर को खुदाई के दौरान मिट्टी की एक हांडी मिली। मिट्टी की हांडी को खोलने पर उसमें से 15 पौराणिक सिक्के मिले। सिक्कों का रंग सफेद होने के कारण ऐसा लगता है कि वे चांदी हैं। सिक्कों पर अरबी भाषा में कुछ लिखा हुआ है। एक व्यक्ति के अनुसार सिक्कों पर सन 1191 लिखा है। घटना की सूचना नौशाद ने ग्राम प्रधान इकरार अंसारी को दी।
















वायु सेवा शुल्क : मुम्बई एवं अहमदाबाद-₹ 10.00
मुद्रक तथा प्रकाशक राजीव बेओतरा द्वारा हिन्दुस्तान मीडिया वेन्चर्स लिमिटेड (एच एम वी एल) के पक्ष में एच टी मीडिया लिमिटेड प्रेस, प्लॉट नं.-8, उद्योग विहार, ग्रेटर नोएडा, जिला : गौतमबुद्ध नगर (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 18-20, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित।
प्रधान सम्पादक : शशि शेखर प्रबंध संपादक : प्रताप सोमवंशी* दूरभाष : (011) 23361234, सम्पादकीय (011) 66561364, 66561263, प्रसार : (011) 66561111, विज्ञापन (011) 66561442, 66561189, फैक्स : (011) 66561451, 66561270 आर.एन.आई. नं. DELHIN/2004/12618
*संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।